राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 225
लखनऊ, शनिवार 18 अप्रैल, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





डीएम ने की एक करोड़ से अधिक के कार्यों की समीक्षा 10

रासायनिक खाद का विकल्प हरी खाद : सूर्य प्रताप शाही 03


**-: सर्राफा बाजार :-**

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,54,350/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,41,500/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,15,800/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,65,000/किग्रा |



# लोकसभा में गिरा महिला आरक्षण बिल

एजेंसी, नई दिल्ली।

महिला आरक्षण से जुड़ा संविधान का 131वां संशोधन विधेयक, 2026 लोकसभा में शुक्रवार को आवश्यक दो-तिहाई बहुमत हासिल नहीं कर सका, जिसके चलते यह पारित नहीं हो पाया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने घोषणा की कि विधेयक को अपेक्षित बहुमत नहीं मिलने के कारण इसे पारित नहीं माना जा सकता। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही को शनिवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

मतदान के दौरान विधेयक के पक्ष में 298 मत पड़े, जबकि 230 सदस्यों ने इसका विरोध किया। कुल 528 सांसदों ने मतदान प्रक्रिया में भाग लिया और किसी ने भी मतदान से दूरी नहीं बनाई। संविधान के अनुच्छेद 368 के उपबन्धों के अनुसार सभा के कुल सदस्य संख्या के बहुमत द्वारा और सभा में उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों के कम से कम दो तिहाई बहुमत द्वारा पारित नहीं हुआ।





**▸ नहीं मिल पाया दो तिहाई बहुमत, चाहिए थे 352 वोट मिले 298**

इस घटनाक्रम के बाद सरकार ने इससे जुड़े दो अन्य विधेयक केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2026 और परिसीमन विधेयक, 2026 को भी वापस लेने का निर्णय लिया। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि ये तीनों विधेयक आपस में गहराई से जुड़े हुए थे, इसलिए इन्हें अलग-अलग नहीं देखा जा सकता।

रिजिजू ने विधेयक को महिलाओं को विधायिकाओं में आरक्षण देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने महिलाओं को उनका अधिकार देने के प्रयास का समर्थन नहीं किया। विपक्ष ने साथ नहीं दिया बहुत खेद की बात है। साथ ही उन्होंने भरोसा जताया कि सरकार महिलाओं को उनका हक दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

विधेयक पर चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश की महिलाएं देख रही हैं कि उनके अधिकारों के मार्ग में कौन बाधा बन रहा है और आने वाले चुनावों में इसका असर दिखाई देगा। उन्होंने यह भी कहा कि संविधान धर्म-आधारित आरक्षण की अनुमति नहीं देता।

उल्लेखनीय है कि संविधान संशोधन विधेयकों पर ध्वनि मत के बजाय मत विभाजन के जरिए मतदान किया जाता है, जिसमें समर्थन और विरोध के मतों की स्पष्ट गणना होती है।

## विधायिका में महिला आरक्षण से संबंधित संवैधानिक प्रावधान लागू

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सरकार ने लोकसभा और राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों की विधानसभाओं की एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने के संवैधानिक प्रावधान को 16 अप्रैल 2026 से लागू कर दिया है।

केंद्रीय विधि मंत्रालय ने इस संबंध में 2023 में पारित 106वें संविधान संशोधन अधिनियम की धारा एक की उपधारा दो के प्रावधानों को भारत के राजपत्र में गुरुवार को अधिसूचित कर दिया है। इस उपबंध के अनुसार, महिला आरक्षण का प्रावधान इसकी अधिसूचना की तिथि से ही प्रभावी हो गया है। केंद्र सरकार ने यह कदम ऐसे समय उठाया है, जबकि लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक (नारी शक्ति वंदन) में संशोधन के साथ-साथ लोकसभा सीटों के परिसीमन और विधानसभा वाले केंद्रशासित प्रदेशों में महिला आरक्षण को लागू करने से संबंधित कुछ प्रावधान वाले विधेयकों पर चर्चा हो रही है।

# गौतम अडानी बने एशिया के सबसे अमीर इंसान

**▸ जाने-माने उद्योगपति एलन मस्क 656 अरब डॉलर के साथ पहले स्थान पर**



एजेंसी, नई दिल्ली।

अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी एशिया के सबसे अमीर इंसान बन गये हैं। ब्लूमबर्ग के दुनिया के 500 सबसे अमीर अरबपतियों के दैनिक सूचकांक में श्री अडानी की संपत्ति का शुद्ध मूल्य 92.6 अरब डॉलर आंका गया है। पिछली सूची के बाद उनकी संपत्ति 3.56 अरब डॉलर बढ़ी है और वह दुनिया में 19वें स्थान पर पहुंच गये हैं। साथ ही वह एशिया के सबसे धनाढ्य व्यक्ति भी बन गये हैं।

श्री अडानी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी को पछाड़कर यह उपलब्धि हासिल की है। पिछली सूची के बाद श्री अंबानी की संपत्ति में 7.67 करोड़ डॉलर का इजाफा हुआ है और यह 90.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। वह वैश्विक सूची में अब 20वें स्थान पर हैं। इस सूची में पहले आठ स्थान पर अमेरिका का कब्जा है और ये सभी प्रौद्योगिकी कंपनियां हैं। जाने-माने उद्योगपति एलन मस्क 656 अरब डॉलर के साथ पहले स्थान पर हैं। उनके बाद क्रमशः लैरी पेज, जेफ बेजोस, सर्गेई ब्रिन और मार्क जुकर्बर्ग रहे। शीर्ष 20 में अमेरिका के अलावा भारत के दो और फ्रांस, मेक्सिको तथा स्पेन की एक-एक कारोबारी शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### डीआरआई ने की लखनऊ में 4.172 किलोग्राम हेरोइन जब्त

काठमांडू से दिल्ली जा रही एक बस के दो यात्री अपने सामान में मादक पदार्थ ले जा रहे हैं, विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर राजस्व आसूचना निदेशालय के अधिकारियों ने निगरानी शुरू की और शुरुआती घंटों में संदिग्ध यात्रियों को रोक लिया। उनके सामान की गहन तलाशी के दौरान 03 पैकेटों में मौजूद 4,172 ग्राम सफेद पाउडरनुमा पदार्थ बरामद हुआ। मौके पर किए गए फील्ड टेस्ट में उक्त पदार्थ हेरोइन पाया गया। बरामद हेरोइन का कुल मूल्य अवैध बाजार में लगभग रुपये 8.34 करोड़ आंका गया है। बरामद हेरोइन को NDPS अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के तहत जब्त किया गया और इसे ले जा रहे दोनों यात्रियों को गिरफ्तार कर लिया गया। आगे की जांच जारी है।

### टक्कर के बाद कार व बस में लगी आग, छह लोग जिंदा जले

**यादगीर।** कर्नाटक के यादगीर जिले में शुक्रवार को देवपुर के पास एक कार और एक निजी बस की आमने-सामने की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। टक्कर के बाद कार में आग लग गई और वह पूरी तरह जलकर खाक हो गई। पुलिस के अनुसार, टक्कर के बाद कार में भीषण आग लग गई जिसने दोनों वाहनों को तुरंत ही अपनी चपेट में ले लिया। इससे कार में सवार लोग अंदर फंस गए और सभी छह लोगों की घटनास्थल पर ही जलकर मौत हो गई। यह दुर्घटना सुरपुर तालुक के देवपुर के पास हुई।

### सहायक आचार्य पुनर्परीक्षा आज से

**लखनऊ।** सहायक आचार्य की पुनर्परीक्षा 18 व 19 अप्रैल को प्रदेश के 6 मण्डल मुख्यालय पर हो रही है। आयोग द्वारा अभिनव प्रयोग के क्रम में पारदर्शिता के दृष्टिगत पायलट प्रोजेक्ट के अन्तर्गत प्रयागराज मण्डल मुख्यालय के 5 परीक्षा केन्द्रों 1 मेरी वानामेकर गर्ल्स इण्टरमीडिएट कॉलेज, प्रयागराज, 2- सेवा समिति विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज, रामबाग, प्रयागराज, 3- कर्नलगंज इण्टर कॉलेज टैगोर टाउन, प्रयागराज 4- अग्रसेन इण्टर कॉलेज, लूकरगंज, प्रयागराज, 5-प्रयाग महिला विद्यापीठ इण्टर कॉलेज, सिविल लाइंस, प्रयागराज पर प्रति पाली परीक्षा सम्पन्न होने के तत्काल बाद परीक्षार्थियों द्वारा प्रयुक्त उत्तर पत्रक ओएमआर की उनके परीक्षा कक्षों में कक्ष अन्तरीक्षक एवं अभ्यर्थियों की उपस्थिति में ही स्कैनिंग की प्रक्रिया की जायेगी। स्कैनिंग के उपरान्त स्कैन डाटा तत्काल सुरक्षित कर लिया जायेगा। अध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बताया कि आयोग द्वारा इस सुरक्षित डाटा का प्रयोग मूल उत्तर पत्रक से आवश्यकता पड़ने पर मिलान किया जायेगा। आयोग द्वारा यह प्रयोग परीक्षण के रूप में किया जा रहा है। प्रक्रिया के सफल होने के पश्चात इसे आयोग द्वारा होने वाली आगामी परीक्षाओं में लागू किया जायेगा।

# सरकारी जमीन पर बनी अवैध मस्जिद गिराई गई

**▸ अवैध निर्माण ढहाने के समय डीएम व एसपी रहे मौजूद खेल के मैदान और खाद के गड्ढे के लिए 600 वर्ग मी. जमीन कराई गई कब्जामुक्त**

संभल, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के जनपद संभल के असमोली थाना क्षेत्र के मुबारकपुर बंद गांव में शुक्रवार को भी सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से बनी मस्जिद और अन्य निर्माण को गिरा दिया गया। इस 600 वर्गमीटर जमीन खेल के मैदान और खाद के गड्ढे के लिए थी। अब इस जमीन पर से अवैध कब्जा हटाया दिया गया है। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल के साथ जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक भी मौजूद थे।



आज सुबह नौ बजे के लगभग सरकारी अमला जसीबी मशीन आदि के साथ मुबारकपुर गांव पहुंचे। सबसे पहले सुबह साढ़े 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक मस्जिद के बाहर की पांच दुकानों को तोड़ा गया। इसके बाद दोपहर डेढ़ बजे सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से बनी मस्जिद और 35 फीट ऊंची मीनार गिरा दी गई। किसी भी स्थिति से निपटनके के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

इस मामले में जिलाधिकारी संभल राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि तहसील संभल के मुबारकपुर बंद गांव में ग्राम प्रधान ने तीन महीने पहले शिकायत करने के साथ ही 67 धारा में वाद दायर किया गया तहसीलदार के न्यायालय में सुनवाई की गई और सुनवाई के बाद 30 दिन अपील का समय दिया गया। उन्होंने बताया कि यहां दो अवैध निर्माण थे और यहां के लोगों से खुद हटाने के लिए कहा था, लेकिन वे लोग गिरा नहीं पाये और प्रशासन से गुहार लगाई कि प्रशासन ही अपने संसाधनों से गिराये। इसके बाद प्रशासन ने अपने स्तर से कार्यवाही अवैध निर्माण गिणा दिया गया। उन्होंने बताया कि यह जमीन खेल का मैदान ओर खाद के गड्ढे की थी और इसका रकबा 600 वर्गमीटर है और इसी जमीन पर किया गया कब्जा हटाया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रशासन लैंड बैंक बनाने की कार्यवाही कर रहा है। जिले में रिजर्व लैंड ओर सरकारी भूमि पर किये गये सभी प्रकार के कब्जे हटाये जा रहे हैं।

दरअसल, मुबारकपुर सरकारी जमीन पर अवैध निमार्ण का यह मामला जनपद संभल के मुबारकपुर बंद गांव का है। प्रशासन के मुताबिक 15 साल पहले सरकारी जमीन पर मस्जिद का निर्माण कराया गया था। इसके आसपास भी लोगों ने कई कब्जे कर लिये थे। इसके पहले गुरुवार को भी सरकारी जमीन पर मस्जिद के इर्द गिर्द अवैध निर्माण को गिराया गया था।

उल्लेखनीय है कि पहले 5 अप्रैल को मस्जिद समेत सभी अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई होनी थी, लेकिन उस समय बुलडोजर चालक ने मस्जिद की 35 फीट ऊंची मीनार तोड़ने से मना कर दिया था। उसका कहना था कि मीनार उसके ऊपर गिर सकती है। इसके बाद प्रशासन ने कार्ययोजना बनाकर इन सभी अवैध निर्माणों को ढहाने की प्रक्रिया शुरु की थी। गांव में लगभग 50 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

# संसदीय इतिहास में पहली बार मनोनीत सांसद हरिवंश निर्विरोध बने उपसभापति

एजेंसी, नई दिल्ली।

दिल्ली मनोनीत सांसद हरिवंश नारायण सिंह ने आज इतिहास रच दिया है, उन्हें शुक्रवार को राज्यसभा का उपसभापति निर्विरोध निर्वाचित किया गया।। बता दें कि विपक्ष की तरफ से कोई उम्मीदवार न उतारे जाने के कारण हरिवंश नारायण सिंह का निर्विरोध चुना जाना पहले ही तय हो गया था, जिसकी शुक्रवार सुबह औपचारिक घोषणा हुई है।

वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरिवंश को तीसरे कार्यकाल के लिए राज्यसभा का उपसभापति चुने जाने पर बधाई दी। दरअसल, पत्रकारिता से राजनीति में आए हरिवंश का यह उपसभापति के रूप में तीसरा कार्यकाल है। राज्यसभा के उपसभापति का पद हरिवंश का उच्च सदन में कार्यकाल नौ अप्रैल को समाप्त होने के बाद रिक्त हो गया था। इसके बाद उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्यसभा के लिए मनोनीत किया।



हरिवंश ने 10 अप्रैल को उच्च सदन की सदस्यता की शपथ ली। केंद्रीय मंत्री और सदन के नेता जे. पी. नड्डा ने हरिवंश को राज्यसभा का उपसभापति निर्वाचित किए जाने के लिए पहला प्रस्ताव पेश किया, जिसका समर्थन एस फांग्नोन कोन्यक ने किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने हरिवंश को उपसभापति के पद पर उनके निर्वाचन पर बधाई दी। यह पहली बार है जब किसी मनोनीत सदस्य को उपसभापति चुना गया।

## मेरे मित्र मोदी से बातचीत बहुत अच्छी रही : ट्रंप



एजेंसी, वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि उनकी अपने मित्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। ट्रंप ने मंगलवार को दोनों नेताओं के बीच फोन पर हुई बातचीत का जिक्र करते हुए यहां संवाददाताओं से कहा, मेरी उनसे बहुत अच्छी बातचीत हुई। वह मेरे मित्र हैं और बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। हमारी बातचीत बहुत अच्छी रही। ट्रंप ने मंगलवार को मोदी को फोन कर द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की थी और पश्चिम एशिया की स्थिति पर विचार साझा किए थे, जहां अमेरिका और इजराइल ने ईरान के खिलाफयुद्ध छेड़ा है। अमेरिका और ईरान ने सात अप्रैल को दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा की थी। इस युद्ध के कारण गैस के दाम बढ़ गए हैं। दरअसल ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री मार्ग बंद कर दिए हैं। यह जलडमरूमध्य वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए अहम संकरा रास्ता है। ट्रंप और मोदी के बीच मंगलवार को बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला एवं सुरक्षित बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया।

# उत्तर प्रदेश में भाकियू का भारी बवाल

## पुलिस से हाथापाई, गाड़ियों में तोड़फोड़ के बाद दरोगा के पैर पर चढ़ाई गाड़ी

बुलंदशहर, समृद्धि न्यूज।

पूर्व मंत्री द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में भारतीय किसान यूनियन ने शुक्रवार को कई जिलों में भारी बवाल कर दिया। भाकियू कार्यकर्ताओं ने हाथरस में पुलिस के साथ हाथापाई और धक्का-मुक्की की और दरोगा के पैर पर गाड़ी चढ़ाई दी। गुस्साए कार्यकर्ताओं ने पुलिस की गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की। हापुड़ कूच कर रहे कई कार्यकर्ताओं को अलीगढ़ के गभाना टोल प्लाजा पर रोका गया तो वहां भी कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। पुलिस की कड़ी मशक्कत के बाद भी उन्हें रोका नहीं जा सका। सैकड़ों कार्यकर्ता दर्जनों



गाड़ियों से टोल प्लाजा पार करके निकल गए। वहीं भाकियू के बवाल को देखते हुए हापुड़, बुलंदशहर में भारी तादाद में पुलिस फोर्स को तैनात कर दिया गया है। कुछ दिन पहले एक ढाबे के शुभारंभ के दौरान पूर्व मंत्री मदन चौहान द्वारा किसान नेताओं पर अभद्र टिप्पणी की गई थी। जिसके विरोध में भाकियू ने पूर्व मंत्री के आवास के घेराव का ऐलान किया था।

शुक्रवार को कई जिलों से भाकियू कार्यकर्ता पूर्व मंत्री का आवास घेरने के लिए प्रदर्शन करते हुए हापुड़ के लिए कूच कर गए। कार्यकर्ताओं का हुजूम दर्जनों गाड़ियों के काफिले के साथ हापुड़ जा रहे कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिलों में रोक लिया गया। इसको लेकर हाथरस में एसपी सिटी एटा और भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को रोकने की कोशिश की, लेकिन आक्रोशित किसान पीछे हटने को तैयार नहीं थे। तनाव उस समय और बढ़ गया जब कार्यकर्ताओं ने पुलिस घेरा तोड़ने का प्रयास किया।

## स्मृति ईरानी ने सपा प्रमुख को गोरखपुर से चुनाव लड़कर जीतने की दी चुनौती



**वाराणसी, समृद्धि न्यूज।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के सास बहू वाले तंज पर पलटवार किया है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने अखिलेश यादव को चुनौती देते हुए कहा कि वह अपनी पैतृक लोकसभा सीट से नहीं बल्कि किसी और सीट से चुनाव लड़कर दिखाएं। वह एक कामकाजी महिला हैं और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की पैतृक सीट (अमेठी) से चुनाव लड़कर जीत चुकी हैं। यदि अखिलेश यादव में दम है तो वह गोरखपुर की सीट से चुनाव लड़े और जीत कर दिखाएं।

# वाराणसी में झंडे के विवाद को लेकर पथराव

वाराणसी, समृद्धि न्यूज।

वाराणसी में चोलापुर थाना क्षेत्र के नेहिया गांव में बाबा बटुक भैरवनाथ मंदिर (धाम) के मुख्य द्वार पर झंडा लगाने को लेकर चल रहे विवाद ने शुक्रवार को उग्र रूप ले लिया। दूसरे दिन भी लोग सड़क पर उतर आए और सड़क जाम कर जोरदार नारेबाजी तथा प्रदर्शन करने लगे। स्थिति तब और बिगड़ गई जब पुलिस के पहुंचते ही भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया। इसमें एसीपी सारनाथ विदुष सक्सेना समेत कई अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गए।

अपर पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) शिवहरि मीणा, डीसीपी वरुणा जोन प्रमोद कुमार, सारनाथ थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी और बल मौके पर मौजूद



**▸ एसीपी समेत कई पुलिसकर्मी घायल**

हैं। कल अंबेडकर जी से जुड़ा झंडा उतारने और उसे क्षति पहुंचाने को लेकर काफी देर तक विवाद चला था। मंदिर के गेट पर तथा गांव में भारी पुलिस फोर्स तैनात की गई थी। बताया जा रहा है कि 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के दिन बटुक भैरव धाम जाने वाले मुख्य मार्ग पर अंबेडकर जी का झंडा लगाया गया था। कुछ अराजक तत्वों ने झंडे को क्षति पहुंचा दी, जिसके बाद दो पक्षों में विवाद शुरू हो गया। एक संगठन ने सड़क जाम कर ग्रामीणों के साथ प्रदर्शन शुरू कर दिया था। बाद में पुलिस अधिकारियों ने कार्रवाई करने और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आश्वासन देकर प्रदर्शन समाप्त कराया था। पुलिस के अनुसार, आज भी प्रदर्शन की सूचना मिलते ही फोर्स मौके पर पहुंची, तो प्रदर्शनकारियों की ओर से पथराव कर दिया गया। इसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। फिलहाल माहौल को देखते हुए अन्य थानों से भी अतिरिक्त फोर्स बुला ली गई है। पथराव करने वाले प्रदर्शनकारियों को चिन्हित किया जा रहा है।

# बराबर दबिश के बावजूद नहीं बंद हो रहा कच्ची शराब का अवैध कारोबार

अमेठी, समृद्धि न्यूज।

**▸ कुटीर उद्योग की तर्ज पर चल रही हैं कच्ची शराब की अवैध भट्ठियां**

जिले में अवैध कच्ची शराब का कारोबार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। यह कारोबार जिले में कुटीर उद्योग का रूप लेता जा रहा है। मजदूर तबके के लोग ज्यादातर कच्ची शराब का ही सेवन करते देखे जा रहे हैं।

दुकान पर मिलने वाली शराब से कम कीमत पर मिलने की वजह से यह लोगों के बजट में फिट बैठती है, इतना ही नहीं सस्ती कीमत में मिलने की वजह से चोरी छुपे पीने वाले किशोर भी इसकी गिरफ्त में देखे जाते हैं। विश्वस्त सूत्र बताते हैं कि गावों के सुनसान जगहों पर लोग चोरी छुपे रात में भट्ठियां लगाकर कच्ची शराब का निर्माण करते हैं और ग्राहकों को एक चिन्हित स्थान पर बेचते हैं। इसके अलावा कुछ लोग अपनी जरूरत के अनुसार अपने घर में भी कच्ची शराब बनाते हैं। ऐसा नहीं कि पुलिस और जिला आबकारी को इसकी भनक नहीं है। कच्ची शराब का यह अवैध कारोबार यों तो पूरे साल चलता है, लेकिन कागजी कोरम पूरा करने के लिए विभाग बीच-बीच में प्रमुख त्योहारों खासकर नए साल, होली एवं दिवाली के दौरान दबिश देकर नाम मात्र की बरामदगी कर इतिश्री कर वाहवाही बटोरती है। मजे की बात यह है कि विभाग ने अब तक जितनी बरामदगी की है, विभाग ने उसमें करीब 85 प्रतिशत महिलाओं को आरोपित किया है, ताकि उनके पुरुष सदस्यों को कारोबार करने में अड़ंगा न हो और आरोपित महिलायें के बरी होने में आसानी हो। जिले के विभिन्न हिस्सों में निर्विघ्न तरीके से भट्ठी का धधकना भट्ठी जिला आबकारी विभाग की कार्यशैली पर सवाल तो उठेंगे ही। सूत्रों ने इन कच्ची शराब के निर्माताओं तथा जिला आबकारी विभाग से सांठ गांठ की प्रबल आशंका जताई है। सूत्रों का कहना है कि जब भी विभाग द्वारा दबिश की कार्यवाही की जाती है,उस समय उन कारोबारियों की भट्ठियां बंद रहती हैं और उन लोगों द्वारा ग्राहकों को सामान खत्म रहने को बताया जाता है। वहीं जो अपनी जरूरत के लिए बना रहा होता है, दबिश में उसे ही पकड़ लिया जाता है। विभाग की कार्यशैली को देखते हुए लोगों ने कच्ची शराब बनाने वालों द्वारा आबकारी विभाग से अवैध रूप से लेन देन की आशंका वयक्त की गई है। सूत्र बताते हैं कि जिले में आबकारी विभाग की सांठगांठ से कच्ची शराब बनाने वालों का व्यवसाय दिन दूना रात चौगुना फल फूल रहा है।

## राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने शुक्रवार को राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। जस्टिस सुभाष विद्यार्थी ने कहा एफआईआर दर्ज करके मामले को सीबीआई को ट्रांसफर किया जाए। सीबीआई इसकी जांच करेगी। कोर्ट ने यह आदेश कर्नाटक भाजपा के कार्यकर्ता एस विग्नेश शिशिर की याचिका पर दिया। उन्होंने राहुल गांधी पर ब्रिटिश नागरिकता लेने का आरोप लगाया था। 28 जनवरी, 2026 को एमपी-एजएलए कोर्ट ने विग्नेश शिशिर की याचिका को खारिज कर दिया था। तब कोर्ट ने कहा था मामले में हाईकोर्ट-सुप्रीम कोर्ट से अब तक कोई आदेश पारित नहीं हुआ है।

**कार्रवाई** | गौतमबुद्धनगर में श्रमिक हितों की अनदेखी पर एक्शन, 1.16 करोड़ की पेनल्टी नोटिस

# श्रम कानून उल्लंघन पर 203 संविदाकारों का निरस्त होगा लाइसेंस

**▸ 24 कारखानों के 203 संविदाकारों पर कार्रवाई, ब्लैकलिस्टिंग की प्रक्रिया शुरू**

**▸ श्रमिकों को देय भुगतान न करने पर वसूली और होगा मुकदमा**

**▸ 21 फीसदी वेतन वृद्धि लागू, अप्रैल से प्रभावी दरों का मई में होगा भुगतान**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार श्रमिकों के हितों को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए बड़े पैमाने पर कार्रवाई कर रही है। गौतमबुद्ध नगर में श्रम कानूनों का उल्लंघन करने वाले 24 कारखानों से जुड़े 203 संविदाकारों के लाइसेंस निरस्त करने, धनराशि की वसूली करने और संबंधित एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।अपर श्रमायुक्त गौतमबुद्धनगर राकेश द्विवेदी के अनुसार, जिन संविदाकारों के श्रमिकों द्वारा हालिया आंदोलन में तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आईं, उनमें कई संविदाकारों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है।

संविदाकारों ने श्रम कानूनों का पालन नहीं करते हुए श्रमिकों को उनके देय हित लाभों से वंचित रखा, उनके विरुद्ध 1 करोड़ 16 लाख 5 हजार 67 रुपये की पेनल्टी का नोटिस जारी किया गया है, जिसे श्रमिकों को भुगतान करने के निर्देश दिए गए हैं। शेष संविदाकारों की भी पहचान की जा रही है और उनके विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।अपर श्रमायुक्त ने जानकारी दी कि श्रमिकों की वेतन वृद्धि को लेकर उत्पन्न असंतोष के बाद शासन स्तर पर गठित उच्च स्तरीय समिति की संस्तुति के आधार पर गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद में 74 अनुसूचित नियोजनों के श्रमिकों के वेतन में 21 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। यह वृद्धि 1 अप्रैल से प्रभावी होगी, जिसका भुगतान मई माह की 7 से 10 तारीख के बीच किया जाएगा। नई दरें संविदा और स्थायी दोनों प्रकार के श्रमिकों पर समान रूप से लागू होंगी। कर्मचारियों के वेतन से ईपीएफ और ईएसआई के अतिरिक्त कोई अन्य कटौती अनुमन्य नहीं होगी। यदि ऐसा कोई मामला सामने आता है तो संबंधित के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। श्रमिकों को ओवरटाइम का भुगतान दोगुनी दर से, बोनस और ग्रेच्युटी जैसे वैधानिक लाभ सुनिश्चित किए जाएंगे। वेतन भुगतान में देरी या कम भुगतान की स्थिति में संविदाकारों के साथ-साथ उनके प्रधान सेवायोजकों की जवाबदेही तय की जाएगी।प्रदेश सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस एवं श्रमिकों के लिए निर्धारित न्यूनतम वेतन वृद्धि का अनुपालन जनपद की औद्योगिक इकाइयों द्वारा किया जाना प्रारंभ कर दिया गया है।

जनपद के विभिन्न उद्यमी संगठन शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने में सक्रिय भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। संगठनों द्वारा औद्योगिकी इकाइयों से व्हाट्सएप ग्रुप्स के माध्यम से संदेश, ऑडियो एवं वीडियो प्रसारित कर शासन की गाइडलाइंस तथा न्यूनतम वेतन वृद्धि के अनुपालन को सुनिश्चित करने की अपील की जा रही है। उद्यमी संगठनों द्वारा किया जा रहा यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है, जो जनपद में औद्योगिक सौहार्द एवं शांति बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर रहा है।

## खबरें एक नजर में

### बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती के मुख्य अतिथि रहे अरविंद मौर्य



गोंडा, समिति न्यूज। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती के उपरान्त एक गोष्ठी कार्यक्रम विधानसभा मेहनौन के ब्लॉक सभागार इतियाथोक में आयोजन निश्चित हुआ जिसमे आप सभी मण्डल पदाधिकारियों शक्तिकेन्द्र संयोजकों बूथ अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी के देवतुल्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति आपेक्षित है कृपया अपनी अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर कार्यक्रम को सफल बनाएं भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष नीरज मौर्य के निर्देशन में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती के उपरांत एक कार्यक्रम विधानसभा मेहनौन के ब्लॉक सभागार में आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि अरविंद मौर्य निवर्तमान जिला अध्यक्ष बाराबंकी रहे तथा विशिष्ट अतिथि मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी उर्फ मुन्ना भैया रहे बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के पद चिन्हों पर चलकर लोगों को कैसे न्याय दिलाया जाए इस बात पर चर्चा हुई कार्यक्रम बहुत ही अच्छे ढंग से संपन्न हुआ।

### बैसाखी अमावस्या पर हजारों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिले के रामपुर धोबिया हार में मजरे स्थिति बाबा बूढ़ेश्वर नाथ मंदिर में शुक्रवार को बैसाखी अमावस्या पर हजारों की संख्या में सुबह से शिव भक्तों का आना शुरू हो गया। शिव भक्त कतार में लग कर बाबा बूढ़ेश्वर नाथ मंदिर पर जलाभिषेक किया। मंदिर का निर्माण होने की वजह से मंदिर के दोनों मुख्य द्वारों को बंद कर दिया गया है। अब जलाभिषेक शिवलिंग में नहीं चढ़वाकर सीधे गेट पे पास डोंगा में चढ़वाया जाता है। वैसे तो यहां हजारों की संख्या में शिव भक्त प्रत्येक दिन आते हैं लेकिन बैसाखी अमावस्या पर शिव भक्त की भीड़ अधिक देखने को मिलती है। मंदिर के पुजारी अशोक गिरी ने बताया कि इस बार आंकड़ों के हिसाब से कब भीड़ रही है इस समय फसलों की कटाई का कार्य चल रहा है इसलिए शायद कम श्रद्धालु आये। वही थाना प्रभारी आनंद सिंह जी ने बताया की सुरक्षा के दृष्टिगत मंदिर परिसर सहित बैरिकेटिंग पर 50 से अधिक पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### मिशन शक्ति टीम ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी



सादुल्लनगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज। थाना अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार वर्मा के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत एंटी रोमियो टीम एवं मिशन शक्ति टीम ने नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। टीम ने श्री लाल बहादुर शास्त्री लघु माध्यमिक विद्यालय, सरायखास सादुल्लनगर पहुंचकर छात्र-छात्राओं को विभिन्न सामाजिक एवं कानूनी विषयों पर जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को सर्व शिक्षा अभियान, सब पढ़ें-सब बढ़ें, बाल विवाह निषेध, बाल श्रम उन्मूलन, गुड टच-बैड टच तथा यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया। टीम ने छात्र-छात्राओं को शिक्षा के महत्व और कानूनों के पालन के प्रति प्रेरित किया। इस दौरान उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दी गई। इनमें 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वूमेन पावर लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा तथा 102 स्वास्थ्य सेवा शामिल हैं।

# फर्जी जीएसटी फर्म बनाकर राजस्व क्षति करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज अभिषेक के नेतृत्व में थाना कौड़िया पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 54/2025 धारा 318(4),319(2),338,336(3),340(2) बीएनएस व बढ़ोत्तरी धारा 3(5), 61(2) बीएनएस से सम्बन्धित आरोपी अभियुक्त मनोज कुमार पुत्र मेवालाल निवासी ग्राम चंदनपुर महमूदपुर बाजार थाना बिसवां जनपद सीतापुर को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया।




**घटना का संक्षिप्त विवरणः-** वादी सुरेन्द्र कुमार, राज्य कर अधिकारी खण्ड-4 गोण्डा द्वारा थाना कौड़िया में लिखित तहरीर दी गयी कि फर्म कुमार इण्टरप्राईजेज (द्वारा जीएसटी पोर्टल पर फर्जी/ अस्तित्वहीन फर्मों से बिना वास्तविक माल/ सेवा प्राप्त किये बोगस इनवर्ड सप्लाई दर्शाकर लगभग रु. 98,25,190 की आईटीसी का अनुचित लाभ प्राप्त किया गया तथा उसे अन्य फर्मों को पास-ऑन लाइन किया गया। जांच/रेकी में फर्म अपने घोषित पते पर अस्तित्वहीन पायी गयी तथा संबंधित मोबाइल नंबर भी बंद मिला। फर्म द्वारा कूटरचित अभिलेखों के आधार पर पंजीकरण कराकर सुनियोजित ढंग से कर अपवंचन कर सरकार को राजस्व क्षति पहुँचायी गयी। उक्त कृत्य के संबंध में फर्म स्वामी मनोज कुमार के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही अपेक्षित है। वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना कौड़िया में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसमें थाना कौड़िया पुलिस व अपराध शाखा की संयुक्त टीम द्वारा अभियुक्त की तलाश करते हुए जीएसटी विभाग से प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर अभियुक्त का पता ग्राम चन्दनपुर महमूदपुर बाजार थाना बिसवां जनपद सीतापुर पाया गया। उक्त पते पर दबिश देकर अभियुक्त मनोज कुमार पुत्र मेवालाल, उम्र लगभग 27 वर्ष को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से उसका आधार कार्ड व पैन कार्ड प्राप्त किया गया, जिनका मिलान जीएसटी रजिस्ट्रेशन में प्रयुक्त दस्तावेजों से किया गया, जो सही पाए गए। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि उसे प्रमोद नाम के व्यक्ति द्वारा लालच देकर उसका आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं उसके नाम से जारी सिम प्राप्त कर लिया गया। इन दस्तावेजों का उपयोग करते हुए अभियुक्त एवं उसके साथियों द्वारा फर्जी तरीके से ÷कुमार इंटरप्राइजेज÷ नामक फर्म का जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराया गया तथा कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से सरकारी राजस्व को क्षति पहुंचाई गई। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कौड़िया पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

## आरोग्य मंदिर पर कभी नहीं आती सीएचओ

▸ महिलाओं को स्वास्थ लाभ की दरकार

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरगूपुर के टेपरहन पुरवा में लाखों रुपए से निर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सीएचओ की तैनाती के बारे में स्वास्थ्य महकमा स्पष्ट जवाब नहीं दे पा रहा है।जिससे दर्जनों गांवों के महिलाओं को स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पाता हैं।

इस क्षेत्र के निवासी शिकायतकर्ता सूरज मिश्रा का कहना है कि हमारे गांव के पास नवनिर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर बना हुआ है। उद्घाटन के बाद एक सप्ताह तक सीएचओ को यहां पर देखा गया।लेकिन चार माह से यहां पर कोई स्वास्थ्य कर्मी नहीं आया। जिससे आम जनमानस को स्वास्थ्य के लिए भारी मुसीबत का सामना करना पड़ता हैं। जबकि केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं में शुमार आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर भारी भरकम बजट तो खर्च किया जा रहा है।लेकिन सीएचओ नदारद क्यों? जिसका जवाब आम जनमानस को चाहिए, क्षेत्र के गरीब मरीजों का समय पर इलाज नहीं हो पाता।


शिकायतकर्ता सूरज

सुविधाओं केवल दावा बन कर रह गई हैं।सूत्रों की मानें तो सीएचसी अधीक्षक की सेटिंग गेटिंग की चर्चा भी जोरों पर है।उक्त मामले को लेकर सीएचसी अधीक्षक डॉ.लवलेश शुक्ला का कहना है कि मैं घर पर मांगलिक कार्यक्रम में आया हूं। पूरी जानकारी करने के बाद कुछ बता पाऊंगा। उन्हें यहां तक पता नहीं की इस केंद्र पर किसकी ड्यूटी है।

## भाजपा जल्दबाजी में लागू कर रही है महिला आरक्षण विधेयक : ओबैदुर रहमान

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश महासचिव उबैदुर रहमान घोसी ने महिला आरक्षण विधेयक को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाया है की महिला आरक्षण विधेयक जल्दबाजी में लाया जा रहा है । यह संघीय ढांचे पर हमला है विधयक का विरोध करते हुए श्री रहमान ने कहा कि संसद ने 2023 में सर्वसम्मत से महिला आरक्षण विधयक पारित कर दिया था तो सरकार ने इसे उसी समय लागू क्यों नहीं कर दिया था। बिना ठोस व्यवस्था के इसे लागू करना उचित नहीं होगा, बिना स्पष्ट प्रधानों के महिला आरक्षण लागू कर पिछड़े वर्ग की महिलाओं की अधिकारों की अपेक्षा हो रही है। महिला आरक्षण में



अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग तथा सामान्य वर्ग की महिलाओं को कितना प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा सरकार पहले स्पष्ट करें। श्री रहमान ने कहा कि सभी वर्ग की महिलाओं को आरक्षण में उचित प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। केंद्र सरकार से हमारी मांग है कि नए परिसीमन के बाद ही महिला आरक्षण व्यवस्था को लागू करें।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान आयोजित

▸ नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में कॉलेज में नुक्कड़ नाटक व पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के तीनों परिसर की दीवारों पर हस्ताक्षर कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर जितेंद्र सिंह के निर्देशन में कार्यक्रम संयोजक डॉ रेखा शर्मा, डॉ परवेज आलम द्वारा आयोजित किया गया।

वही नुक्कड़ नाटक एवं पोस्टर प्रतियोगिता डॉ पल्लवी, डॉ मनीषा पाल, डॉ रचना श्रीवास्तव एवं डॉ नीतू सक्सेना के कुशल संयोजकत्व में संपन्न हुई।



दीवार हस्ताक्षर कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपना हस्ताक्षर करते हुए नारी सशक्तिकरण का बिगुल बजाया। छात्राओं ने संदेश देते हुए लिखा सशक्त नारी, सशक्त देश, भारत के विकास में सुनिश्चित हो नारी की भागीदारी देश की शक्ति, नारी शक्ति जैसे स्लोगन लिखते हुए महिला सशक्तिकरण का हस्ताक्षर बनने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रो संदीप श्रीवास्तव, डॉ. नीरज, डॉ. पल्लवी, डॉ. प्रतिभा, डॉ. संजय कुमार, डॉ. स्मिता सिंह, कृष्ण मोहन त्रिपाठी, ड्रिंकल यादव एवं अमित दुबे का सहयोग सराहनीय रहा।

वही नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अग्रिमा श्रीवास्तव एंड टीम, द्वितीय स्थान अंशिका कुमारी एंड टीम तथा तृतीय स्थान शिवानी कुमारी के ग्रुप को प्राप्त हुआ। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल डॉ रेखा शर्मा एवं मिस पूजा यादव रही। वही दूसरी तरफ पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनुष्का चौधरी बी ए चतुर्थ सेमेस्टर, द्वितीय स्थान प्रियंका सोनी बी ए चतुर्थ सेमेस्टर, तृतीय स्थान कुलसुम बानो बी ए चतुर्थ सेमेस्टर तथा श्रद्धा मिश्रा बी ए द्वितीय सेमेस्टर ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।

इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में सैन्य विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. धर्मेन्द्र शुक्ल, डॉ. अमित कुमार शुक्ल एवं फिजिकल एजुकेशन विभाग के प्रभारी डॉ. अरुण कुमार वर्मा जी रहे।

# पैसों के लिए देवर ने भाभी को कुल्हाड़ी से काटा

▸ पति की मौत पर बीमा का मिला था 5 लाख रुपए

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

गुरुवार को बीमा के पैसों के लिए देवर ने भाभी की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। आरोपी ने कान व गले को काटकर हत्या करने के बाद आरोपी फरार हो गया। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। मामला मुर्तिहा थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव का है।

**कान काटकर सिर पर किया वार**

गुरुवार को धर्मपुर गांव में देर रात आरती देवी (32) की उनके ही देवर दिनेश ने कुल्हाड़ी से वार करके हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि आरोपी ने पहले महिला के हाथ-पैर बांधे और फिर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया। युवक ने महिला के कान को काटा और सिर पर हमला किया।



**दुर्घटना बीमा के क्लेम का मिला था पैसाः-** जानकारी के मुताबिक, आरती देवी के पति की करीब एक साल पहले सड़क हादसे में मौत हो गई थी। हाल ही में उन्हें दुर्घटना बीमा का क्लेम मिला था। इसी रकम को लेकर उनका देवर दिनेश लगातार उनसे पैसे मांग रहा था। घटना की रात भी दिनेश पैसे मांगने के लिए घर पहुंचा। लेकिन आरती के मना करने पर वह आगबबूला हो गया। जिससे युवक ने महिला को बांध करके पास पड़ी कुल्हाड़ी से वारदात को अंजाम दे डाला। हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। मृतक के भाई ओंकार यादव ने बताया बहन के पति की मौत हो गई थी। एक साल पहले उसके बीमा का पैसा आया था। उसका देवर दिनेश उसी पैसे को मांग रहा था। पैसे के चलते उसने बहन पर हमला कर उसके कान व गले को काट डाला। बहन घर में अकेली रहती थी। उसको कोई बच्चे नहीं था । सड़क दुर्घटना में पति की मौत के बाद पांच लाख का क्लेम मिला था।

# ऑटो रिक्शा से टकराई बाइक, टंकी ब्लास्ट, जिंदा जला युवक

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे तेज रफ्तार ऑटो से बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक की टंकी में जोरदार धमाका हो गया। जिसकी गूंज करीब आधा किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। हादसे के बाद बाइक और युवक के कपड़ों में आग लग गई।

आग की लपटें करीब 15 फीट ऊपर उठ रही थीं। यह देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। युवक को आग से बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की फरवरी में शादी हुई थी। जिस बाइक से हादसा हुआ, वह उसे शादी में मिली थी। 11 दिन बाद चचेरी बहन की शादी होने वाली थी।

युवक कार्ड बांटने जा रहा था।



▸ बहन की शादी का कार्ड बांटने जा रहा था भाई, खुद की दो महीने पहले हुई थी शादी

हादसे के बाद से ऑटो का ड्राइवर फरार हो गया। घटना जिला मुख्यालय से 55 किलोमीटर दूर नानपारा-लखीमपुर मार्ग पर मोतीपुर थाना क्षेत्र की है।

मोतीपुर थाना क्षेत्र के सोमईगौढ़ी निवासी राजेश कुमार (35 साल) की चचेरी छोटी की बहन की 28 अप्रैल को शादी तय थी। राजेश शुक्रवार सुबह 4 बजे कार्ड बांटने रिश्तेदार के घर की ओर बाइक से निकले थे। राजेश सुबह करीब 5 बजे घर से 15 किलोमीटर दूर मोतीपुर थाना क्षेत्र में ही नानपारा-लखीमपुर मार्ग पर कुड़वा गांव के पास पहुंचे थे, तभी सामने से आ रहे ऑटो से जोरदार टक्कर हो गई। ऑटो पर अनाज की बोरियां लदी हुई थीं। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो रिक्शा ड्राइवर गाड़ी से उछलकर करीब 5 फुट दूर गढ्ढे में जा गिरा। तभी राजेश की बाइक की टंकी फट गई, जिससे भीषण आग लग गई।

### ब्लास्ट से पेट्रोल राजेश पर गिरा, आग लगी

टंकी ब्लास्ट होने से पूरा पेट्रोल राजेश पर गिरा और आग लगने से वह जल गया। यह देख ऑटो रिक्शा का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। धमाके की गूंज सुनकर राहगीर मौके पर पहुंचे। असपास के ग्रामीणों ने फॉग मशीन का इस्तेमाल कर किसी तरह आग पर काबू पाया। सूचना पर मोतीपुर थाना प्रभारी आनंद चौरसिया भी पुलिस टीम के साथ पहुंचे। राजेश को तुरंत मोतीपुर स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और फरार ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी गई है।

### फरवरी में हुई थी शादी, बहन की शादी 28 अप्रैल को

परिजनों के मुताबिक, राजेश की शादी इसी साल फरवरी में हुई थी। 28 अप्रैल को बहन की शादी की तैयारियों में वह व्यस्त था। थाना प्रभारी आनंद चौरसिया ने बताया, सड़क हादसे में युवक की मौत हुई है। मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है और फरार टेम्पो चालक की तलाश की जा रही है।

## नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत महिला सम्मेलन का आयोजन



▸ पीएम मोदी ने महिलाओं के बारे में सोचा और उसे धरातल पर उतारा : अनुपमा जायसवाल
▸ चितौरा ब्लाक में महिलाओं का लगा जमावड़ा, पीएम को दिया धन्यवाद

बहराइच, समृद्धि न्यूज। भारतीय जनता पार्टी द्वारा नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत भाजपा महिला मोर्चा द्वारा पूरे विधानसभा में महिला सम्मेलन करा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को चितौरा ब्लॉक सभागार में बहराइच विधानसभा का महिला मोर्चा सम्मेलन आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सदर विधायक अनुपमा जायसवाल उपस्थित होकर महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाकर महिलाओं का सम्मान बढ़ाने का ऐतिहासिक काम किया है। उन्होंने कहा कि माताओं-बहनों के बारे में केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोचा कि उनको भी सम्मान मिले, उन्हें भी आरक्षण देकर राजनीतिक भागीदारी में अधिक अवसर मिलें। महिलाओं के उत्थान और सम्मान के लिए केवल पीएम मोदी ने सोचा और उसे धरातल पर उतारा। जिला मीडिया प्रभारी शिवांकर शुक्ला ने बताया इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) के लाभों के बारे में जागरूक करना और उन्हें राजनीति में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करना है। सम्मेलनों में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे उज्ज्वला योजना, लखपति दीदी, मुद्रा योजना और जन धन योजना आदि के माध्यम से महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता पर जोर दिया जा रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम नगर पालिका अध्यक्ष सुधा टेकडीवाल संयोजक हेमा निगम जिला मंत्री एकता जायसवाल महिला मोर्चा संयोजक सोनी श्रीवास्तव, डॉ सगुण वर्मा, छवि रायतनी, संगीता मेहता, ईशा केडिया, मनीषा खन्ना, रीति निगम, नलिनी श्रीवास्तव व अन्य हजारों महिलाएं उपस्थित रही।

# बहराइच में 40.51 लाख की आबादी का बन रहा हेल्थ रिपोर्ट कार्ड

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत के साथ ही ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं की बुनियाद मजबूत करने की कवायद तेज हो गई है।

जिले की करीब 40.51 लाख आबादी को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए 3794 आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर विलेज हेल्थ इंडेक्स रजिस्टर (वीएचआईआर) सर्वे के तहत हर परिवार की सेहत की कुंडली तैयार कर रही हैं। यह सर्वे महज आंकड़ों का संकलन नहीं है, बल्कि पूरे साल गांव की चिकित्सकीय जरूरतों और मातृ-शिशु स्वास्थ्य की दशा-दिशा तय करने का मुख्य आधार है।

डीसीपीएम मो राशिद के अनुसार, इस सर्वे के तहत प्रत्येक आशा कार्यकर्ता हर छह माह में अपने क्षेत्र के परिवारों का विवरण दर्ज करती है। इसी आधार पर 15-49 वर्ष के योग्य दंपतियों को परिवार नियोजन, गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीकरण व चार अनिवार्य जांचें, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का सम्पूर्ण टीकाकरण और कुपोषित बच्चों की पहचान सुनिश्चित की जाती है।



▸ घर-घर दस्तक दे रहीं 3794 आशा कार्यकर्ता
▸ 156 आशा संगिनियों पर सर्वेक्षण की गुणवत्ता जांचने का जिम्मा



उच्च जोखिम वाली गर्भवती और कम वजन वाले नवजातों की विशेष निगरानी भी इसी से होती है। इसके अलावा संचारी एवं गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग कर जरूरत पड़ने पर मरीजों को उच्च स्वास्थ्य संस्थानों के लिए रेफरल भी सुनिश्चित किया जाता है। सर्वेक्षण की गुणवत्ता जांचने का जिम्मा 156 आशा संगिनियों को सौंपा गया है।

### बीते वर्ष इन मोर्चों पर दिखी वीएचआईआर की सार्थकता

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, वीएचआईआर सर्वे और ई-कवच की निरंतर निगरानी के चलते बीते वित्तीय वर्ष जिले में 140296 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, 100952 महिलाओं का सुरक्षित संस्थागत प्रसव तथा 125036 बच्चों का संपूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित किया गया।

### संपूर्ण डेटा ई-कवच पोर्टल पर ऑनलाइन फीड

आशा कार्यकर्ताओं द्वारा भरे जा रहे इस ऑफलाइन रजिस्टर का संपूर्ण डेटा ई-कवच पोर्टल पर ऑनलाइन भी फीड किया जा रहा है। इस डिजिटल डेटाबेस के उपलब्ध होने से जिले से लेकर राज्य स्तर तक के अधिकारी स्वास्थ्य योजनाओं की रियल-टाइम मॉनिटरिंग और उनका सटीक क्रियान्वयन सुनिश्चित कर सकेंगे।

*डॉ. संजय कुमार- मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बहराइच*

## पेट्रोल-डीजल संकट, पंपों पर लगी लंबी कतारें

▸ किसान परेशान, प्रशासन ने संभाली सुरक्षा व्यवस्था

बहराइच, समृद्धि न्यूज। शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र में इन दिनों डीजल-पेट्रोल की कमी से अफरा-तफरी का माहौल है। ईंधन के लिए पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लग रही हैं, जिससे आम जनता के साथ-साथ किसान भी खासे परेशान हैं। बताया जा रहा है कि इस समय गेहूं की कटाई-मड़ाई और भूसा बनाने का काम जोरों पर है। इसके अतिरिक्त, मक्का और गन्ने की फसलों की सिंचाई भी चल रही है। ऐसे में डीजल की कमी किसानों के लिए एक बड़ी समस्या बन गई है। किसानों का कहना है कि पर्याप्त डीजल न मिलने से उनकी फसलें प्रभावित हो रही हैं और उन्हें नुकसान का खतरा है। स्थिति यह है कि पेट्रोल पंपों पर डीजल की आपूर्ति होते ही भारी भीड़ उमड़ पड़ती है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पंप संचालक प्रति व्यक्ति अधिकतम 1000 रुपये तक का ही डीजल दे रहे हैं, जो किसानों की जरूरत के हिसाब से काफी कम है। अव्यवस्था को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन भी मौके पर तैनात है। इस संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी नरेंद्र तिवारी ने बताया कि जिले में पेट्रोल की कोई कमी नहीं है, लेकिन डीजल की खपत अधिक होने के कारण दबाव बना हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोग अफवाहों के चलते ईंधन का भंडारण कर रहे हैं, जिससे स्थिति और बिगड़ रही है।



## ईंधन संकट फिर गहराया, पेट्रोल पंपों पर दिखी लंबी कतारें

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

जनपद में एक बार फिर ईंधन संकट गहरा गया है। पेट्रोल और डीजल की कमी के चलते शहर के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। पिछले दो-तीन दिनों से जिले में पेट्रोल और डीजल की सप्लाई बाधित होने के कारण स्थिति गंभीर हो गई है। कई पेट्रोल पंपों पर ईंधन खत्म हो चुका है, जबकि जहां उपलब्ध है वहां भारी भीड़ उमड़ रही है। वाहन चालकों का कहना है कि उन्हें सुबह से लाइन में लगना पड़ रहा है, फिर भी कई बार खाली हाथ लौटना पड़ता है। खासकर कामकाजी लोगों और परिवहन चालकों को ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की का कहना है कि सुबह 6 बजे से लाइन में लगा हूँ, अभी तक नंबर नहीं आया, एक वाहन चालक ने नाराजगी जताते हुए कहा। वहीं एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि ईंधन की कमी से रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं।

# कच्ची सड़क बनी किसानों की मुसीबत, विकास की थमी रफ्तार

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में सड़कों की बदहाली अब विकास की राह में बड़ी बाधा बनती जा रही है। विकास खंड उतरौला के अंतर्गत श्रृंगार जोत मार्ग से बभनी बुजुर्ग डीह तक तो सड़क का निर्माण हो चुका है, लेकिन गौशाला, तिलखी होते हुए अर्जून देवरिया तक जाने वाला लगभग चार किलोमीटर लंबा मार्ग आज भी कच्चा बना हुआ है। इस कारण क्षेत्र के ग्रामीणों और किसानों को रोजमर्रा के आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग से आधा दर्जन से अधिक गांवों के लोग जुड़े हुए हैं और किसानों के लिए यह मुख्य आवागमन का रास्ता है। किसान जगराम, सीताराम, कश्यप, गोपाल चौधरी, देवेन्द्र कुमार मिश्रा और वेदव्रत मिश्रा ने बताया कि कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से सड़क निर्माण की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

बरसात के मौसम में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है। कच्ची सड़क पर कीचड़ और फिसलन के कारण ट्रैक्टर-ट्रॉलियां अक्सर पलट जाती हैं। कई बार गेहूं से लदी ट्रॉलियां



दुर्घटनाग्रस्त हो चुकी हैं, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। खराब सड़क के कारण न केवल कृषि कार्य प्रभावित होते हैं, बल्कि स्कूली बच्चों, मरीजों और आम नागरिकों के लिए भी आवागमन जोखिम भरा बन जाता है। तिलखी बढ़या ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले बढ़या मजरे की स्थिति तो और भी चिंताजनक है। ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के लगभग 80 वर्ष बीतने के बावजूद यहां अब तक पक्की सड़क जैसी बुनियादी सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी है, जो विकास के दावों पर सवाल खड़ा करता है। ग्रामीणों ने शासन और प्रशासन से मांग की है कि इस महत्वपूर्ण मार्ग का शीघ्र निर्माण कराया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और क्षेत्र का समुचित विकास संभव हो सके। उनका कहना है कि सड़क बनने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि कृषि कार्यों और स्थानीय व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा।

कुल मिलाकर, यह मामला ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की कमी और विकास योजनाओं के धरातल पर सही क्रियान्वयन की आवश्यकता को उजागर करता है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब तक संज्ञान लेकर ठोस कदम उठाता है।

# 85 एकड़ में विकसित होगा आधुनिक औद्योगिक पार्क, क्लस्टर : शर्मा

- ऊर्जा मंत्री ने किया बंद पड़ी परदहा मिल का निरीक्षण
- युवाओं को हुनर व रोजगार से जोड़ने का संकल्प
- मऊ की औद्योगिक पहचान को पुनर्जीवित करने की दिशा में बड़ा कदम



**लखनऊ/मऊ, समृद्धि न्यूज।**

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मऊ में दशकों से बंद पड़ी परदहा मिल का निरीक्षण किया। उद्योग विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। श्री शर्मा ने मिल परिसर का स्थलीय जायजा लेते हुए चल रही तैयारियों की समीक्षा की।

अधिकारियों को औद्योगिक संकुल विकसित करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने कहा कि परदहा मिल की 85 एकड़ भूमि पर आधुनिक औद्योगिक पार्क क्लस्टर विकसित किया जाएगा।

परियोजना मऊ की औद्योगिक विरासत को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। लंबे समय से बंद पड़ी इस मिल को अब विकास के नए केंद्र के रूप में स्थापित किया जाएगा। प्रदेश सरकार युवाओं को हुनर और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। सभी हाथों को हुनर और काम मिले इसी उद्देश्य के साथ इस औद्योगिक संकुल की योजना तैयार की जा रही है।

इस परियोजना के माध्यम से स्थानीय युवाओं को रोजगार के साथ स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, जिससे क्षेत्र में समग्र विकास होगा। औद्योगिक इकाइयों के आवंटन की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जाएगा। जल्द ही ऑनलाइन व्यवस्था लागू की जाएगी, जिससे उद्यमियों को बिना किसी जटिलता के आवेदन और आवंटन की सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि यह औद्योगिक संकुल आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इससे न केवल रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि निवेश आकर्षित होगा और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। श्री शर्मा ने क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि आने वाले समय में मऊ पुनः अपनी औद्योगिक पहचान स्थापित करेगा और विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

### कृषि आधारित उद्योगों से बदलेंगे मधुबन की तस्वीर : शर्मा

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मऊ में आदर्श नगर पंचायत मधुबन के नवनिर्मित कार्यालय भवन का कल देर शाम उद्घाटन किया। उन्होंने क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। श्री शर्मा ने बताया कि मात्र 65 लाख रुपये की लागत से इस कार्यालय भवन का निर्माण कराया गया है। कम लागत में बेहतर गुणवत्ता का निर्माण कार्य होने पर उन्होंने अधिकारियों की सराहना की। श्री शर्मा ने कहा कि मधुबन की तस्वीर बदलनी है तो कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देना होगा। इसी दिशा में उन्होंने किसान बाजार, कृषि मंडी, कोल्ड स्टोरेज एवं मिनी कोल्ड स्टोरेज स्थापित करने की घोषणा की, जिससे किसानों को बेहतर मूल्य मिलेगा। स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

# बदायूं में पर्यटन विकास की योजना संचालन के लिए 334 लाख मंजूर : जयवीर सिंह

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



बरेली मण्डल के अंतर्गत बदायूं के लिए पर्यटन विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत पर्यटन विकास की 06 परियोजनाओं के लिए स्वीकृत धनराशि 2236.19 लाख रुपये के सापेक्ष 334 लाख रुपये जारी किया गया है।

- समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ कार्य करने के निर्देश

इन परियोजनाओं को समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए यूपीएसटीडीसी को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सहसवान में पौराणिक तीर्थ स्थल सहस्रबाहू के पर्यटन विकास के लिए 45 लाख रूपये, बदायूं विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित तपोसिद्ध बाबा की गढ़ी स्थित प्राचीन मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 45 लाख रुपये, दातागंज विधानसभा क्षेत्र में स्थित बाबा देवासदास मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 53 लाख रूपये, शेखुपुर ग्राम पंचायत लभारी विकासखण्ड कदर चौक में स्थित श्रीराम चन्द्र विराजमान मंदिर के लिए 86 लाख रुपये, बिसौली विधानसभा के अंतर्गत प्राचीन मंदिर बहादुर सिंह हनुमान बाबा आश्रम के पर्यटन विकास के लिए 80 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। बदायूं सदर विधानसभा के नगर पंचायत कछला में स्थित गंगानदी के दोनों तटों पर दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए घाटों पर पार्किंग, साइनेज आदि के लिए 25 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। इस परियोजना के लिए सीएनडीएस को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है।

## खबरें एक नजर में

### अपनी मांगों को लेकर राष्ट्रीय कुली मोर्चा का चारबाग में जोरदार प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** 17 अप्रैल से आरंभ हुए मांग पखवाड़े के अंतर्गत राष्ट्रीय कुली मोर्चा ने चारबाग रेलवे स्टेशन से अपने जोरदार प्रदर्शन की शुरुआत की। कुली मोर्चा ने बैटरी चालित वाहनों से बीमार बुजुर्ग आदि की सहायता करने के स्थान पर लगेज ढोने का विरोध किया। राष्ट्रीय कुली मोर्चा के राष्ट्रीय को-ऑर्डिनेटर राम सुरेश यादव ने बताया कि रेल मंत्रालय के आदेश के अनुसार बैटरी से चलने वाले वाहनों को केवल असहाय बीमार यात्रियों की सहायता के लिए प्लेटफार्म पर चलाया जाना सुनिश्चित हुआ था। परंतु रेलवे ने अपने ही आदेश को पलट कर यात्रियों के साथ-साथ लगेज को धोने की भी अनुमति ठेकेदार को प्रदान कर दी। साथ ही इन पर बाकायदा रेट लिस्ट भी लगा दी गई है। इससे खुलियों की आजीविका पर गंभीर संकट आ गया है। प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रीय खुली मोर्चा ने मांग रखी है कि 2008 की तरह कुलियों को रेलवे की सरकारी नौकरियों में समायोजित किया जाए। बैटरी वाहनों से केवल यात्रियों की सहायता के लिये ही चलाई चाय, उनसे लगेज न ढोया जाय तथा लगेज की रेट लिस्ट हटाई जाए। कुड़ियों को आजीविका की तथा सामाजिक सुरक्षा की गारंटी दी जाए। आगामी 24 अप्रैल को देश की राजधानी दिल्ली में बैठक होगी जिसमें पूरे देश से राष्ट्रीय कुली मोर्चा के प्रतिनिधि भाग लेंगे तथा प्रधानमंत्री को इस संबंध में ज्ञापन भी सौंपेंगे।

### माँ वैष्णवी समाज कल्याण ट्रस्ट ने बांटी राहत सामग्री

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बुधवार की उस भयानक रात में लखनऊ के विकासनगर की झोपड़ियां धू-धू कर जल उठीं। देखते ही देखते करीब 250 परिवारों का आशियाना राख में बदल गया। जिन घरों में कल तक चूल्हे जलते थे, आज वहां सिर्फजले हुए लकड़ी के टुकड़े और टूटी यादें बची हैं।इस हादसे ने दो मासूम बच्चों की हंसी हमेशा के लिए छीन ली। जिन आंखों में सपने थे, वो अब खामोश हैं, और पीछे रह गया है सिर्फअपनों का रोता हुआ सन्नाटा। गुरुवार की सुबह जब लोग उस जगह पर लौटे, तो किसी को अपना घर नहीं मिला,बस राख का ढेर और बिखरा हुआ सामान। कोई अपने जरूरी कागज तलाश रहा था, तो कोई उन चीजों को छूकर रो रहा था, जो कभी उसकी पूरी दुनिया थीं।हर तरफ बेबसी थी, आंसू थे, और एक ही सवाल अब हम कहां जाएंगे?卐पुलिस मौके पर लोगों को संभालने और हटाने की कोशिश कर रही थी, लेकिन टूटे हुए दिलों को संभालना आसान नहीं होता। इस घड़ी दुख की घड़ी मे अध्यक्ष विभा पांडे माँ वैष्णो समाज कल्याण ट्रस्ट व ट्रस्ट की टीम मौके पर पहुंच कर जायजा लिया ओर खाने की राहत सामग्री बाटी दुख विमर्श किया संस्था की अध्यक्ष ने कहा की मेरी संस्था हादसे के मासूम बच्चों वा के साथ है हमारी संस्था हर संभव प्रयास करेंगे मदद देनी की।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से अधेड़ की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के मड़ियांव थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने घर जा रहे एक अधेड़ को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई। जब पूरी रात वो घर नहीं पहुंचे तो परिवारजनों ने उनकी खोज शुरू की और उन्हें घर के सामने ही शव मिला। फैजुल्लागंज स्थित मौर्य मार्केट निवासी 55 वर्षीय देवेंद्र कुमार पांडे गुरुवार रात घर के सामने की सड़क पार कर घर जा रहे थे। उसी समय एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक, देर रात तक देवेंद्र घर नहीं पहुंचे तो बड़े बेटे सचिन को चिंता हुई। उसने उनकी तलाश शुरू की। इसी दौरान आसपास सड़क हादसे की सूचना मिली। मौके पर पहुंचकर देखा तो पिता का शव पड़ा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। देवेंद्र अपने पीछे पत्नी रेखा, दो बेटे सचिन और नितिन व दो बेटियां छोड़ गए हैं। अचानक हुई इस घटना से पूरे परिवार में मातम पसरा है।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत, मकान निर्माण के दौरान हादसा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के दुबग्गा थाना क्षेत्र स्थित इज्जतनगर में शुक्रवार को एक मजदूर युवक की 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना मकान निर्माण कार्य के दौरान हुई। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। मृतक की पहचान सुहैल 24 के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुहैल निर्माणाधीन मकान के छज्जे पर काम कर रहा था। इसी दौरान वह ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया, जिससे उसे तेज करंट लगा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि रिहायशी क्षेत्र में घरों के बेहद करीब से गुजर रही यह हाईटेंशन लाइन पहले से ही खतरनाक थी। उन्होंने बताया कि इसकी कई बार शिकायतें की गई थीं, लेकिन विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। लोगों का यह भी कहना है कि हादसे के काफी देर बाद तक कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची छानबीन में जुट गई

# 2029 में साफ होगा कांग्रेस-सपा का सूपड़ा : केशव

- नारी शक्ति वंदना कार्यक्रम में विपक्ष पर साधा निशाना

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज प्रयागराज में नारी शक्ति संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर करारा प्रहार किया। बोले, नारी शक्ति वंदना अधिनियम का विरोध करने वाले दल देश की आधी आबादी के श्राप से नहीं बच पाएंगे।

नारी शक्ति वंदना अधिनियम को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने नए संसद भवन में जो पहला कानून बनाया, वह महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने का काम किया। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे आने वाली पीढ़ियों बेटी-पोती के उज्ज्वल भविष्य के लिए पीएम मोदी के नेतृत्व में अटूट विश्वास रखें। उपमुख्यमंत्री ने कहा, कांग्रेस और सपा झूठ फैलाने की मशीन है। मातृशक्ति की महिमा का वर्णन करते हुए कहा, भारतीय नारी वह शक्ति है जो यमराज से अपने पति के प्राण वापस ला सकती है। जिस तरह लंका का दहन हुआ था, उसी तरह नारी विरोधी राजनीति करने वाली कांग्रेस और सपा का 2029 के लोकसभा चुनाव में पूरी तरह सफाया हो जाएगा।

# रासायनिक खाद का विकल्प हरी खाद : सूर्य प्रताप शाही

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आज विधान भवन में विभागीय अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने आगामी खरीफसीजन की तैयारियों को लेकर विभाग द्वारा बनाई जा रही विशेष रणनीति की गहन समीक्षा की।

रणनीति का मुख्य फोकस रासायनिक खाद पर निर्भरता को कम करना और हरी खाद के प्रयोग को व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित करना है, जिससे मृदा स्वास्थ्य और कृषि उत्पादकता में सुधार हो सके। श्री शाही ने बताया कि प्रदेश में हरी खाद को बढ़ावा देने हेतु विभाग द्वारा 45,000 कुंतल ढैंचा बीज का वितरण किया जाएगा।

किसानों के बीच हरी खाद को लोकप्रिय बनाने के लिए 20,000

- खरीफ-2026 में मुफ्त बंटेगा 45 हजार कुंतल ढैंचा व बीज के 4 लाख मिनीकिट
- कृषि मंत्री ने की खरीफ सीजन की तैयारियों को लेकर रणनीति की समीक्षा



कुंतल बीज के 4 लाख निःशुल्क मिनीकिट वितरित किए जाएंगे। प्रत्येक मिनीकिट में एक-एक किलो ढैंचा, मक्का, उर्द तथा आधा-आधा किलो ग्वार, भिंडी, लोबिया और ज्वार के बीज शामिल होंगे।

मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बीज पोर्टल खोलने की प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए ताकि किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध हो सकें। खरीफ-2026 के प्रस्तावित वितरण लक्ष्यों पर भी चर्चा की गई। इस वर्ष सभी फसलों के लिए 2,33,177 का वितरण लक्ष्य है, जो पिछले वर्ष के 1,35,951 की तुलना में काफी अधिक है।

धान संकर व संकुल के लिए 82,022, दलहन के लिए 48,249, तिलहन के लिए 43,622 और बाजरा के लिए 25,555 का लक्ष्य निर्धारित है। श्री अन्न मोटे अनाज के तहत रागी, कोदो और सावा जैसी फसलों के लिए 2,475 का संयुक्त लक्ष्य तय किया गया है।

कृषि मंत्री ने उर्वरक वितरण प्रणाली सुदृढ़ करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश में खाद की बिक्री पर पैनी नजर रखी जाए और उर्वरकों की उपलब्धता की सख्त निगरानी सुनिश्चित हो। उन्होंने विशेष रूप से उन जिलों और ब्लॉकों को चिह्नित करने के निर्देश दिए जहाँ उत्पादकता कम है, ताकि वहाँ प्रभावी और दीर्घकालीन रणनीति के माध्यम से सुधार किया जा सके। बैठक में प्रमुख सचिव कृषि रविंद्र, सचिव कृषि इंद्र विक्रम सिंह, निदेशक कृषि डॉ. पंकज त्रिपाठी, एमडी बीज निगम टीएम त्रिपाठी तथा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जीपीओ में चार नए आधार नामांकन काउंटरों का शुभारंभ

- चार नए आधार काउंटर खुलने से लखनऊ जीपीओ में आधार काउंटरों की कुल संख्या हुई आठ



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय डाक विभाग के अंतर्गत उत्तर प्रदेश परिमंडल, मुख्यालय परिसर के लखनऊ जी. पी. ओ. में नागरिकों को उत्कृष्ट एवं सरल सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से 4 नए आधार नामांकन-अपडेट काउंटरों का शुभारम्भ शुक्रवार को जितेन्द्र गुप्ता, महानिदेशक डाक सेवाएं द्वारा किया गया।

चार नए आधार काउंटर खुलने से लखनऊ जी. पी. ओ. में आधार काउंटरों की कुल संख्या आठ हो गई है। इन नए आधार काउंटरों के प्रारंभ होने से लखनऊ एवं लखनऊ विस्तार के क्षेत्रों के नागरिकों को आधार नामांकन एवं अद्यतन (संशोधन) सेवाएं अधिक सुलभता एवं सुविधा के साथ उपलब्ध होंगी। साथ ही आज से चार नए काउंटरों की आधार सेवाओं के शुभारम्भ से नागरिकों को अपनी बारी के लिए अधिक प्रतीक्षा नहीं करनी होगी। यह पहल विभाग द्वारा जनसुविधाओं के विस्तार एवं सेवा गुणवत्ता में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम के दौरान प्रणव कुमार, चीफ पोस्टमास्टर जनरल उत्तर प्रदेश परिमंडल, अशोक कुमार यादव, पोस्टमास्टर जनरल (मेल/बी.डी.), सुनील कुमार राय, पोस्टमास्टर जनरल मुख्यालय परिसर लखनऊ, डॉ. आनंद कुमार सिंह, निदेशक डाक सेवाएं लखनऊ, अवधेश कुमार मिश्र, चीफ पोस्टमास्टर लखनऊ जी. पी. ओ., डिप्टी चीफ पोस्टमास्टर, लखनऊ जी. पी. ओ., सहायक निदेशक परिमंडलीय कार्यालय लखनऊ एवं डाक विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुआ तथा उपस्थित जनों द्वारा इस पहल की सराहना की गई।

# पिछड़ों के हक पर गिरगिट की तरह रंग बदल रहे दल : मायावती

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि ये दल एससी, एसटी और ओबीसी समाज के संवैधानिक अधिकारों के मुद्दे पर लगातार अपना रुख बदलते रहे हैं और अब महिला आरक्षण के नाम पर भी राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं। मायावती ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में इन वर्गों के आरक्षण को पूरी तरह लागू करने की दिशा में कभी ठोस पहल नहीं की।

मिली जानकारी के मुताबिक, उन्होंने ओबीसी आरक्षण के संदर्भ में मंडल आयोग की सिफारिशों का जिक्र करते हुए कहा कि इसे लागू कराने का श्रेय बसपा के प्रयासों और पूर्व प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह की सरकार को जाता है। सपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछड़े मुस्लिमों को ओबीसी का लाभ देने संबंधी आयोग की रिपोर्ट को सपा सरकार ने लंबे समय तक लागू नहीं किया, जबकि बसपा सरकार ने 1995 में इसे लागू किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि अब वही सपा राजनीतिक स्वार्थ के तहत महिलाओं के लिए अलग आरक्षण की बात कर रही है। महिला आरक्षण पर मायावती ने कहा कि परिसीमन 2011 की जनगणना के आधार पर होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कांग्रेस सत्ता में होती, तो वह भी भाजपा की तरह ही कदम उठाती। अपने बयान में उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि देश में एससी, एसटी, ओबीसी और मुस्लिम समाज के वास्तविक हितों को लेकर कोई भी पार्टी पूरी तरह गंभीर नहीं रही है। उन्होंने इन वर्गों से अपील की कि वे किसी के बहकावे में न आएं और अपने हितों को ध्यान में रखते हुए आत्मनिर्भर बनें।

# प्राइवेट कंपनी के टीम लीडर ने तोड़ा था एटीएम, गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि यूज।**

राजधानी में एटीएम तोड़कर कैश चोरी करने का प्रयास करने वाला गिरफ्तार हो गया है। पुलिस पूछताछ में उसने बताया है कि जोमैटो के वेयर हाउस में वह टीम लीडर है। शेयर मार्केट और क्रिप्टो करेंसी में रुपए इन्वेस्ट करता है। शेयर मार्केट लगातार डाउन हो रहा था जिससे उस पर 6 लाख रुपए से ज्यादा का कर्ज हो गया था। कोई रास्ता न सूझने पर एटीएम तोड़कर पैसे चुराने की कोशिश की थी।

गिरफ्तार युवक ने अपनी पहचान उन्नाव जिले के अजगैन थाना अंतर्गत शेरशाह गांव निवासी गुलशन कुमार (21) पुत्र दिवंगत मैकू लाल गौतम के रूप में बताई है। उसने 11 अप्रैल की सुबह बंथरा के पहाड़पुर स्थित हिताची एटीएम में एक अज्ञात व्यक्ति ने तोड़फोड़ कर कैश चोरी करने की कोशिश की थी। बंथरा थाना क्षेत्र के पहाड़पुर में हिताची का एटीएम लगा है। उसे 11 अप्रैल से तोड़कर लूटने की कोशिश की गई। एक चोर हेलमेट लगाकर बूथ के अंदर एटीएम मशीन के पास गया। उसने सब्बल से मशीन को 7 मिनट तक तोड़ने का प्रयास किया। हालांकि, इस दौरान वह मशीन का कुछ हिस्सा ही तोड़ पाया लेकिन कैश फिर भी नहीं निकाल पाया। इसके बाद वह वहां से चला गया। गिरफ्तार आरोपी गुलशन ने बताया कि उसने 2024 में लव मैरिज की थी, जिससे नाराज होकर घरवालों ने उसे घर से अलग कर दिया था। इस समय वह बंथरा के ग्राम उम्मेदखेड़ा में किराये पर रहता है।

बंथरा स्थित जोमैटो वेयरहाउस में टीम लीडर के रूप में काम करता है। पुलिस के अनुसार, आरोपी शेयर मार्केट और क्रिप्टोकरेंसी में निवेश के कारण करीब छह लाख रुपए से ज्यादा के कर्ज में डूब गया था। कर्ज चुकाने के दबाव में उसने एटीएम तोड़कर पैसे चोरी करने की योजना बनाई थी। वह तमाम कोशिशों के बावजूद एटीएम नहीं लूट सका। पुलिस ने आरोपी कब्जे से घटना में इस्तेमाल किया गया सब्बल, कटर और एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है।

### वकीलों के तीन चैंबर जलकर राख, फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने पाया आग पर काबू

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के वजीरगंज क्षेत्र स्थित तहसील परिसर में शुक्रवार को आग लग गई। देखते देखते गेट नंबर-3 के पास बने वकीलों के चौंबर में आग भड़क उठी। आग ने तीन चौंबर को अपनी चपेट में ले लिया। आग से तीनों चौंबर पूरी तरह जलकर राख हो गए। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया।

# संजय सेतु घाघरा पुल पर मरम्मत कार्य शुरू



- श्रावस्ती, गोंडा व लखनऊ के लिए आवागमन अब दूसरे रास्तों से

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

बहराइच जिले में स्थित संजय सेतु (घाघरा पुल) पर मरम्मत कार्य के चलते 16 अप्रैल 2026 से 15 जून 2026 तक पुल को यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। इसके कारण बहराइच, श्रावस्ती, गोंडा और लखनऊ के बीच आने-जाने वाले लोगों को अब दूसरे रास्तों का इस्तेमाल करना होगा।

लोगों की सुविधा के लिए पुल के पास अस्थायी पांटून पुल बनाया गया है, जिससे मोटरसाइकिल, कार, जीप, वैन और एंबुलेंस जैसे हल्के वाहन आसानी से गुजर सकेंगे। यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर पुलिस बल भी तैनात किया गया है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे बताए गए मार्गों का ही उपयोग करें, ताकि यात्रा सुगम बनी रहे। यह कार्य जनहित में किया जा रहा है, जिससे आगे बेहतर और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित हो सके।

### भारी वाहन इन वैकल्पिक रास्तों का प्रयोग कर अपने गंतव्य तक जा सकते हैं

कबहराईच – चलहरीघाट – रेउसा – महमूदाबाद – लखनऊ।
कश्रावस्ती – बहराईच – चलहरीघाट – रेउसा – महमूदाबाद – लखनऊ।
कगोंडा – नवाबगंज – अयोध्या – लखनऊ।
कगोंडा – परसपुर – बेलसर – रोनाही – लखनऊ।


### बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र सौरभ जायसवाल व उसकी पत्नी सरिता रानी को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ता**
**श्रवण कुमार जायसवाल, पुत्र स्व. प्यारेलाल, निवासी बी-37 सन्तुष्टि एन्क्लेव पिपरसंड, पिपरसंड, लखनऊ**

### बेदखली सूचना

मैं अपने पुत्र कमलेश पाठक उर्फ गोलू को उसके गलत आचरण कहना न मानने व मारपीट करने के कारण अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं उसके द्वारा किए गए किसी भी आपराधिक व अन्य कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सुमन पाठक, पत्नी नत्थू पाठक, निवासी मोहल्ला ब्राम्हनान, हैदरगढ़, बाराबंकी।**


**सराहनीय**

## 10,790 सीटों के लिए 68 हजार से अधिक आवेदन

# सर्वोदय विद्यालयों का उत्तर प्रदेश में बढ़ा क्रेज

**राज्य ब्यूरो, समृद्धि न्यूज।**

योगी सरकार में सरकारी स्कूलों की तस्वीर तेजी से बदल रही है और इसका असर साफतौर पर देखने को मिल रहा है। कभी कमजोर विकल्प माने जाने वाले सर्वोदय विद्यालय आज छात्रों और अभिभावकों की पहली पसंद बने हैं।

सत्र 2026-27 के लिए इन विद्यालयों में प्रवेश को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला है। 10,790 सीटों के लिए 68 हजार से अधिक आवेदन आना इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में भरोसा मजबूत हुआ है।

गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई, बेहतर आवासीय सुविधाएं और अनुशासित माहौल ने इन स्कूलों को खास बना दिया है। ग्रामीण ही नहीं, शहरी क्षेत्र के अभिभावक भी अपने बच्चों के लिए सर्वोदय विद्यालयों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

गौरतलब है कि, यूपी में 103 सर्वोदय विद्यालय संचालित हैं, इसमें 70 बालकों और 33 बालिकाओं के लिए हैं जहां गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित माहौल और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। यही वजह है कि ये विद्यालय छात्रों और अभिभावकों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं। योगी सरकार में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सर्वोदय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए रिकॉर्ड आवेदन प्राप्त हुए हैं। 10,790 सीटों के लिए




68,780 छात्रों ने आवेदन किया है, जो सीटों से लगभग 7 गुना अधिक है। यह आंकड़ा प्रदेश योगी सरकार में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे सुधारों और अभिभावकों के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। बालकों के लिए कक्षा- 6 में 4661, कक्षा-7 में 920, कक्षा-8 में 924 और कक्षा-9 में 947 सीटें उपलब्ध हैं।

इस प्रकार कुल 7452 सीटें बालक वर्ग के लिए निर्धारित हैं। इसी प्रकार बालिकाओं के लिए कक्षा- 6 में 2310, कक्षा- 7 में 294, कक्षा- 8 में 358 और कक्षा- 9 में 376 सीटें हैं। कुल मिलाकर 3,338 सीटें बालिकाओं के लिए निर्धारित की गई हैं। बालक वर्ग में कक्षा- 6 के लिए 22,088, कक्षा- 7 के लिए 5,724, कक्षा-8 के लिए 5530 और कक्षा-9 के लिए 11,401 आवेदन प्राप्त हुए हैं। कुल 44,743 बालकों ने आवेदन किया है।

इसी प्रकार बालिका वर्ग के लिए कक्षा- 6 में 12,214, कक्षा-7 में 2,524, कक्षा- 8 में 2,527 और कक्षा- 9 में 6,772 आवेदन प्राप्त हुए हैं। कुल 24,037 बालिकाओं ने आवेदन किया है। इस प्रकार दोनों में कुल 68,780 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो दर्शाता है कि सर्वोदय विद्यालयों में प्रवेश के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा है। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में लगातार सुधार किए जा रहे हैं।

विद्यालयों में बेहतर शिक्षण व्यवस्था, आवासीय सुविधाएं, अनुशासन और आधुनिक संसाधनों की उपलब्धता ने इन स्कूलों को खास बना दिया है। वहीं ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए सर्वोदय विद्यालय एक मजबूत विकल्प बनकर उभरे हैं। यहां न केवल पढ़ाई का स्तर बेहतर है, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है।

## खबरें एक नजर में

### सौफरी में मदर ओरिएंटेशन प्रोग्राम



**शाहजहांपुर।** प्राथमिक विद्यालय सौफरी में मदर ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया।जिसमें बच्चों की माताओं को आमंत्रित कर उनके शैक्षिक प्रगति की जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम के दौरान वंडर बॉक्स खेल सामग्री एवं कक्षा में बनाए गए विभिन्न लर्निंग कॉर्नर्स का प्रदर्शन किया गया। इसके माध्यम से यह बताया गया कि बच्चे किस प्रकार सरल, रोचक और गतिविधि आधारित तरीकों से सीखते हैं। माताओं को यह भी समझाया गया कि वह घर पर खेल-खेल में बच्चों के लिए शैक्षिक माहौल कैसे तैयार कर सकती हैं। परी, नमन, सत्यम, प्रज्ञा, कार्तिक कनौजिया, आयुष की माताओं ने बच्चों की शैक्षिक प्रगति को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की तथा विद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। माताओं ने कार्यक्रम में अपनी सहमति व्यक्त की तथा विद्यालय द्वारा आयोजित पहल के लिए आभार प्रकट किया। साथ ही उन्होंने बच्चों की शिक्षा को आगे बढ़ाने में शिक्षकों का सहयोग करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम को और रोचक बनाने हेतु इंचार्ज प्रधानाध्यापिका द्वारा एक गतिविधि कराई गई, जिसमें 'म्यूजिक बंद होते ही जिसके हाथ में गेंद होगी, उसे अपनी मातृभाषा में लोकगीत सुनाना होगा।' इस गतिविधि के माध्यम से माताओं को यह सिखाया गया कि वे घर पर भी इसी प्रकार खेल-खेल में बच्चों को गिनती, आकार, पैटर्न आदि का ज्ञान सहज रूप से दे सकती हैं। इस दौरान माताओं ने भी खुशी-खुशी खेल में भाग लिया और कहा कि उन्हें यह गतिविधि बहुत आनंददायक लगी। उन्होंने यह भी साझा किया कि वे तो प्रतिदिन घर के कार्यों में व्यस्त रहती हैं, लेकिन इस प्रकार की गतिविधियों में शामिल होकर उन्हें नया सीखने और आनंद लेने का अवसर मिला। कार्यक्रम माताओं की सक्रिय भागीदारी, उत्साह और सकारात्मक सहयोग के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

### आज सदर में डीएम सुनेंगे जनसमस्याएं

**शाहजहांपुर।** आज शनिवार को प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कुमार कश्यप के जनपद भ्रमण के कार्यक्रम के दृष्टिगत डीएम की अध्यक्षता में आयोजित होने वाला सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम तहसील पुवायां के स्थान पर तहसील सदर में आयोजित किया जाएगा। जिसके लिए डीएम द्वारा संबंधित तहसीलों से लिए आदेश जारी किया गया।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम बनी जन कल्याणकारी नीति



**शाहजहांपुर।** जीएफ़ कॉलेज में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रचार अभियान के उपलक्ष्य में रैली का आयोजन किया गया,जिसमें छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। रैली का उद्देश्य राज्य एवं केंद्र सरकार में नारी वंदन अधिनियम के अंतर्गत महिलाओं को जो आरक्षण दिया जा रहा है उसके बारे में समाज को अवगत कराना है इस रैली में छात्र-छात्राओं के साथ कालेज के स्टाफ ने भी भाग लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो .मोहसिन हसन खान ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम सरकार की जन कल्याणकारी नीति है, इसे जन-जन तक पहुंचाना अति आवश्यक है।डा. रईस अहमद ने नारी वंदन अधिनियम 2023 के बारे में बताते हुए कहा कि इस अधिनियम द्वारा आने वाले समय में देश के विभिन्न क्षेत्र एवं संस्कृति से संसद में महिला सांसदों से भारत में सामाजिक जुड़ाव होगा और देश मजबूत राष्ट्र बनेगा। एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डा. समन जेहरा जैदी एवं रज़ा रसूल ने भी इस अधिनियम के बारे में विचार रखे। कार्यक्रम में डा. नसीम अहमद, डा. अरशद अली, डा. मोहम्मद शोएब,डा. हिना,डा. तुफ़ैल खान, एवं डा. निजामुद्दीन व अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### पुलिस मुठभेड़ में पशु चोरी व तस्करी समेत विभिन्न अपराधों में वांछित तीन बदमाश गिरफ्तार



**तिलहर-शाहजहांपुर।** पुलिस ने ऑपरेशन लंगड़ा के तहत मुखबिर की सूचना पर पशुओं की चोरी व तस्करी समेत विभिन्न अपीलों में लिप्त बाइक सवार तीन लोगों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। जिसमें दो बदमाशों के पैर में गोली लगने के बाद सीएचसी ले जाया गया। नवागत तेज तर्रार एसपी के जनपद की कमान संभालते ही ऑपरेशन लंगड़ा जारी है। इसी क्रम में गुरुवार देर रात करीब ढाई बजे मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस व एसओजी टीम ने गांव बख्तियार पुर के जंगल में गर्रा नदी के समीप घेराबंदी कर दी। बताई गई बाइक को रोकने के चलते बाइक सवारों ने बाइक दौड़ा दी। इसी दौरान बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। बाबजूद इसके बाइक सवार तीन बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई । इस मौके पर दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने सीएचसी भिजवाया। जबकि तीसरे बदमाश को गिरफ्त में ले लिया। कोतवाल जुगल किशोर पाल ने बताया कि पुलिस ने आत्मरक्षा में फायरिंग की और तीनों युवकों को घेरकर धर दबोचा। बकौल कोतवाल मुठभेड़ में पीलीभीत जनपद के बिलसंडा थाना के शाहगंज निवासी वाहिद खां पुत्र छोटे खां , खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव भाऊपुर निवासी फत्ते पुत्र राजपाल गोली लगने से घायल हो गए। जबकि तीसरा बदमाश शाहजहांपुर कोतवाली के ककरा खुर्द निवासी मुन्ना पुत्र बच्चू को गिरफ्तार कर लिया गया है। पकड़े गए बदमाशों के पास से दो अवैध तमंचे 315 बोर, एक जिंदा कारतूस, पांच खोखा कारतूस, सात सौ रुपये और एक प्लेटिना बाइक संख्या यूपी 26 जेड 4851 बरामद हुई है। तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। कोतवाल ने बताया तीनों बदमाश पशु चोरी , पशु तस्करी समेत तमाम अपराधों के मुकदमों में वांछित हैं। ऑपरेशन लंगड़ा को अंजाम देने बालों में कोतवाल जुगुल किशोर पाल, एसओजी प्रभारी व टीम , सर्विलांस एसआई मनोज कुमार व टीम के अलावा कोतवाली के एसआई हरि किशोर मौर्य, एसआई प्रदीप कुमार, हेड कांस्टेबिल अहसान व सुनील कुमार शामिल रहे।

# प्रमुख सचिव ने सिसनई गांव में जनचौपाल में सुनीं समस्याएं

**किसानों की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन एवं भाषा विभाग तथा जनपद के नोडल अधिकारी मनीष चौहान ने विकासखंड ददरौल की ग्राम पंचायत सिसनई में जनचौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और शीघ्र निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह,सीडीओ डा. अपराजिता सिंह भी उपस्थित रहीं। प्रमुख सचिव ने गांव में कराए विकास कार्यों की समीक्षा की तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और उनसे ग्रामीणों को मिल रहे लाभों की जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों से पंचायत सचिव, पंचायत सहायक, लेखपाल एवं सफाईकर्मी की नियमित उपस्थिति के संबंध में भी फीडबैक लिया। आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, स्वयं सहायता समूह ऋष्टा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं संस्थागत प्रसव जैसी अन्य योजनाओं के लाभार्थियों से सीधे संवाद कर योजनाओं की वास्तविक स्थिति जानी। जिन लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है, उनसे फीडबैक लेकर संतोष व्यक्त किया।




अधिकारियों को निर्देशित किया कि सामुदायिक शौचालय नियमित रूप से खुले रहें और उनमें स्वच्छता सुनिश्चित की जाए। किसी भी स्थिति में शौचालयों पर ताला न लगाया जाए। खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए कि सभी बच्चों की विद्यालय में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इसके साथ ही गांव में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। गांव में सफाई के लिए रोस्टर बनाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा करते हुए प्रमुख सचिव ने एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताओं से जानकारी ली और उन्हें गांव में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने जनचौपाल के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान करने हेतु भी निर्देशित किया। कार्यक्रम में एसडीएम सदर संजय कुमार पाण्डेय, सीओ सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम-व्यक्तिगत स्वच्छता संवाद

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

संप्रेषण गृह पिपरौला बाल गृह बालक, वन स्टॉप सेंटर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा की अध्यक्षता में नारी शक्ति वंदन अधिनियम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित समस्त जानकारी प्रदान की गई विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं एवं पत्रकारों द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम (128वां संविधान संशोधन विधेयक, 2023) भारतीय संसद द्वारा पारित एक ऐतिहासिक कानून है, जो लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 फीसदी एक-तिहाई सीटें आरक्षित करता है। इस कानून का उद्देश्य राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना है आदि जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में इस अधिनियम का सम्मान अभिवादन किया गया, अधिवक्ता द्वारा महिलाओं के साथ में घरेलू हिंसा एवं अन्य प्रकार की समस्याओं के बारे में महोदय को अवगत कराया गया, महिला कल्याण विभाग से जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित द्वारा विभिन्न प्रकार की बच्चों से संबंधित समस्याएं एवं विभाग में सभी संचालित महिला केंद्रित योजनाओं के बारे में भी चर्चा की गई। साथ ही साथ स्वच्छता संवाद के माध्यम से लोगों को साफ रखने और खुले में पूरा ना फेंकने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा कनिष्क सहायक प्रदीप गौतम, जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित, केंद्र प्रबंधक नमिता यादव, जेंडर स्पेशलिस्ट कीर्ति मिश्रा, रश्मि देवी, सुधीर कुमार, आदि स्टाफ मौजूद रहा।




## नारी शाक्ति वंदन अधिनियम के तहत मानव श्रृंखला कार्यक्रम आयोजित



**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** शासन, उच्च शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार एवं महात्मा ज्योतिबा फुले विश्वविद्यालय बरेली के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक के आदेश अनुसार नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के उपलक्ष में 17 अप्रैल को प्रेम किशन खन्ना राजकीय महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के अंतर्गत मानव श्रृंखला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यवाहक प्राचार्य डॉ अवधेश कुमार ने नारा भी लगवाया यथा नारी शक्ति वंदन अधिनियम जिंदाबाद, लोकतंत्र को मजबूत कौन करेगा हम करेंगे, हम करेंगे। लोकसभा व विधानसभा में हिस्सा कौन लेगा? हम लेंगे, हम लेंगे। कार्यक्रम के संयोजक व धन्यवाद ज्ञापन डा यादवेंद्र कुमार आर्य ने किया। इस अवसर पर डॉक्टर जयेंद्र कुमार, सत्य प्रकाश मिश्रा, पवन कुमार, अंजलि, अंशिकावर्मा, अमृता देवी, निशि पांडे, आदि उपस्थित रहे।

### पूर्व प्रधानमंत्री जननायक चंद्रशेखर की जयंती मनाई

**शाहजहांपुर।** देश के 9 वे प्रधानमंत्री जननायक चंद्रशेखर जी की जयंती समारोह का आयोजन शहर के मोहल्ला आनंदपुरम कालोनी में स्थित परिहार कॉटेज पर किया गया। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय जन विकास मंच भारत के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा सामाजिक कार्यकर्ता कुंवर मुनीश सिंह परिहार (एड.) ने कहा कि जननायक चंद्रशेखर जी के द्वारा राष्ट्र के लिए किए गए योगदान एवं जन कल्याण के कार्यों को ध्यान में रखते हुए हमारे भारत सरकार को जल्द से जल्द उन्हें भारत रत्न दिया जाना चाहिए एवं 17 अप्रैल 2026 को वह 99 वर्ष हो गए हैं और 17 अप्रैल 2027 को उन्हें जन्म लिए भारत भूमि पर 100 वर्ष हो जाएंगे। इसलिए हमारी सरकारों हमारे उत्तर प्रदेश की योगी सरकार एवं भारत की नरेंद्र मोदी की सरकार से जोरदार मांग करते हुए उन्होंने कहा कि जननायक चंद्रशेखर जी का शताब्दी वर्ष हमारी सरकारों के संस्कृति मंत्रालय के द्वारा पूरे प्रदेश और देश में मनाया जाए और उनके नाम पर विकास योजनाओं का भी नामकरण किया जाए। जिससे कि हमारे देश की युवा पीढ़ी उनसे प्रेरणा लेकर राष्ट्र के नव निर्माण में आगे आए और उनके जीवन चरित्र को समझे जाने एवं श्री परिहार ने आगे कहा कि जननायक चंद्रशेखर जी का जीवन परिचय हमारी पाठ्य पुस्तकों में भी शामिल किया जाए। इस मौके पर जयंती समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट विजय प्रताप सिंह, संचालन उदयवीर सिंह ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रदीप सिंह चंदेल, उदयवीर सिंह, अजय कुमार कोविद, राममूर्ति कश्यप, अतुल चतुर्वेदी, शमीम अनवर अंसारी, प्रेमचंद शर्मा, राजेश यादव, विनोद यादव, अजय यादव, सचिन मिश्रा, मुकेश शुक्ला, गौरव यादव आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों ने चंद्रशेखर जी की चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए।

### जनपद में 16 अप्रैल से 10 जून तक बीएनएस की धारा 163 लागू: डीएम

**शाहजहांपुर।** जिला मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने जनपद की सीमा के भीतर निवास करने एवं आने जाने वाले व्यक्तियों के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163, 16 अप्रैल से 10 जून तक लागू की है। जनपद में 19 अप्रैल को परशुराम जयंती, 25 26 एवं 27 अप्रैल को होमगार्ड के पदों पर एनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा, 1 मई को बुद्ध पूर्णिमा 3 मई, 2026 को प्रवक्ता (पुरुष/महिला) राजकीय इंटर कॉलेज (प्रा0) परीक्षा-2025 की लिखित परीक्षा, 21 मई को लेखपाल मुख्य परीक्षा, 27 मई को ईदज्जुहा (बकरीद) का पर्व मनाया जाएगा। धारा 163 का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा-223 अंतर्गत दण्डनीय होगा।

## दुकानदारों के उत्पीड़न को लेकर सपा का प्रतिनिधिमंडल एसपी से मिला

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

महानगर के मोहल्ला मोहम्मद ज़ई में मंडी क्षेत्र के दुकानदारों को थाना अध्यक्ष कोतवाल अश्वनी सिंह द्वारा बेवजह दुकानदारों को परेशान कर उनका उत्पीड़न करने को लेकर सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान के नेतृत्व में सपा का एक प्रतिनिधिमंडल एसपी सौरभ दीक्षित से मिला और कोतवाली के कोतवाल अश्वनी सिंह पर कार्रवाई की मांग की।एसपी ने आश्वासन दिया कि किसी भी बेगुनाह के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी दुकानदार अपनी अपनी दुकानों पर बैठे और अपना-अपना कारोबार करें और इस प्रकरण में निष्पक्ष जांच कर कोतवाली पुलिस के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र में यदि सत्ता पक्ष जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन जनता के साथ ना इंसाफी करें तो अपनी पार्टी और नेता का नारा लगाना हम सभी का संवैधानिक अधिकार है इसको लेकर चौक कोतवाली के कोतवाल और पुलिस यदि मंडी के दुकानदारों पर पार्टी कार्यकर्ताओं को बेवजह लोगों के घरों में घुसकर परेशान या उत्पीड़न करेगी तो समाजवादी पार्टी आंदोलन करेगी। इस मौके पर पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, सपा जिला महासचिव रणंजय सिंह यादव, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा,सपा जिला उपाध्यक्ष जिवेन्द्र कुमार बाजपेई सपा जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार यादव, सपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव विकास चंद्र एडवोकेट, अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव सरताज खान,सपा युवज़न सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष पार्थ यादव एडवोकेट, सपा नगर विधानसभा महासचिव लल्ला सिंह यादव, सपा जिला सचिव संतोष कुमार पाल, नदीम अहमद एडवोकेट,सपा जिला सचिव सचिन दीक्षित, सपा युवज़न सभा के जिला अध्यक्ष आकाश यादव, सपा छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया, राजपाल कठेरिया एडवोकेट, पूर्व सभासद अब्दुल कय्यूम, पूर्व सभासद दुर्गेश कुमार गुप्ता, महिपाल सिंह यादव, टिंकू सिंह, इशरत एडवोकेट, निहाल एडवोकेट, अमित जाटव एडवोकेट, अशोक सिंह एडवोकेट, गुफरान खान, शादाब खान, राकेश विश्वकर्मा, सलीम खान, सिद्दीक खान, जफर खान, आरिफ खान, अक्षय कुमार, कालीचरण, हशमत, फारूक रब्बानी, फैजान खान, अमन गुर्जर, आकाश वर्मा, सरताज अली इदरीसी, सपा जिला अध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज आदि मौजूद रहे।



# भारत विकास परिषद सरस्वती शाखा का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

भारत विकास परिषद सरस्वती शाखा का शपथ ग्रहण समारोह कृष्णा नगर मंदिर हॉल में सम्पन्न हुआ। शाखा के पूर्व सचिव तथा प्रांतीय गतिविधि गुरुवंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम के संयोजक राकेश कुमार पांडेय के संचालन में हुए समारोह में प्रांतीय चुनाव पर्यवेक्षक, बरेली से पधारे अंशु शर्मा विशिष्ट अतिथि और रुहेलखंड पूर्व के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष एवं वर्तमान क्षेत्रीय संयोजक पर्यावरण उत्तर मध्य क्षेत्र प्रथम संजीव जौली मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रहे। जिसमें संरक्षक पद पर ज्ञानेश कुमार बाजपेई एवं संत कुमार मिश्र, शाखा अध्यक्ष पद पर राजेश दीक्षित, सचिव पद पर जसवंत जयसिंह, कोषाध्यक्ष के लिए सुमित चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष के लिए हरीश बजाज और मधुरेश गुप्ता के साथ गतिविधि संयोजक के लिए डॉ गौरव मिश्रा को संपर्क, महेंद्र दुवे को पर्यावरण, निलय शुक्ला को सेवा, विक्रम श्रीवास्तव को संस्कार तथा महिला सहभागिता संयोजिका के ज्योति गुप्ता सह संयोजिका के लिए चित्रा गुप्ता तथा गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम के संयोजक के रूप में डॉ आशुतोष शुक्ल को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों के साथ 21 अन्य सदस्यों ने भी शपथ ली। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी के परिचय और स्वागत से हुआ। कार्यक्रम अध्यक्ष सुशील नारंग का स्वागत अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह के साथ मनीष गुप्ता, मुख्य अतिथि का स्वागत अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह द्वारा राजेश कुमार दीक्षित एवं जसवंत जयसिंह, संरक्षक गण का स्वागत हरीश बजाज एवं मधुरेश गुप्ता ने किया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थिति महानगर कार्यवाह नवनीत त्रिपाठी का स्वागत कोषाध्यक्ष सुमित चतुर्वेदी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में भारत विकास परिषद के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम समाज में पांच उद्देश्यों समर्पण, सेवा, सहयोग, पर्यावरण और संस्कार को लेकर कार्य करते हैं। परिषद का उद्देश्य भावी पीढ़ी को भारतीयता और राष्ट्रवाद से जोड़ना है तथा हम भारतीय संस्कृति, और भारतीय संस्कारों को भावी पीढ़ी में डालने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम को सुशील नारंग, ज्ञानेश बाजपेई, एवं ज्योति गुप्ता के साथ अंशु शर्मा ने भी संबोधित करते हुए नवीन दायित्वधारी सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। इस अवसर पर उद्योग पति राम चंद्र सिंघल, विजय तुली, नवेंदु मिश्र, आशुतोष दीक्षित, मनोज त्रिपाठी, सोनल शर्मा, संजीव मिश्रा, शीला रस्तोगी, सूर्यमणि पांडेय, धर्मपाल रैना, सुरेन्द्र सेठी, नरेंद्र मिड्ढा, रोहित गुप्ता आदि अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। पधारे हुए सभी आभार शाखा सचिव जसवंत जयसिंह जी द्वारा किया गया।



# जहां नारियों की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते: महानगर अध्यक्ष

**बिस्मिल सभागार में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर प्रेसवार्ता**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता द्वारा कलेक्ट्रेट बिस्मिल सभागार में नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू होने पर जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव सहित अन्य महिलाओं की उपस्थिति में प्रेस वार्ता आयोजित की। उन्होंने बताया कि आज नारी शक्ति को जो कुछ भी मिल रहा है वो उसका हक था, जो कि रूका हुआ था। भारत देश की लम्बी लोकतांत्रिक यात्रा में ये निर्णय ऐतिहासिक है हम आधी आबादी इसका स्वागत करते हैं और हृदय की गहराईयों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद करते हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित होने के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने महिला सशक्तीकरण के एक नए युग में प्रवेश किया। मोदी सरकार के इस ऐतिहासिक निर्णय ने राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की। लोकसभा और राज्यसभा की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षा के प्रति इच्छाशक्ति का अंदाजा इस बात से लगाइये कि 19 सितम्बर 2023 को नए संसद भवन की कार्यवाही में इस बिल को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के नाम से पेश किया गया। लोकसभा में ये बिल 454 बनाम 2 के भारी बहुमत से पास हुआ और राज्यसभा में तो इतिहास ही रच गया। जहाँ राज्य सभा सदस्यों ने सर्व सम्मति से इसके पक्ष में वोट किया और विरोध में एक भी वोट नहीं पड़ा। ये कानून हमारे देश की नियति को बदलने वालो कानून है। ये कानून उन करोड़ों महिलाओं के सपने को पंख देगा जो देश की सेवा करना चाहती हैं। जिला और ग्राम पंचायतों में लाखों से अधिक मातृशक्ति देश का गौरव बढ़ा रही हैं। हमारे प्रधानमंत्री मोदी ने डा. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी के सपने को सच कर दिखाया है। बाबा साहब जी ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा थाकि किसी समाज की प्रगति का अनुमान हम इस बात से लगा सकते हैं कि उस समाज की महिलाओं की तरक्की कितनी है। नारी तू नारायणी के संकल्प के साथ 2014 से ही महिला सशक्तीकरण पर अनेक प्रयास किए। समाज में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान की चिन्ता की 11 करोड़ शौचालय जिन्हे इज्जत घर का नाम दिया गया। महिला की कठिनाईओं को समझकर उनके हितों का ध्यान रखते हुए एक अच्छी पहल थी। घर-घर जल पहुँचाना, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत में महिलाओं के नाम पर घर, तीन तलाक से मुक्ति के कानून में मुस्लिम समाज की महिलाओं में विश्वास बढ़ाने का कार्य किया। हर गांव में चूल्हा फूंकती महिलाओं के आँखों में आँसू देख उज्ज्वला योजना लाकर फ्री गैस कनेक्शन दिए, कहते महिलायें हैं दो कुलों का नाम रोशन करती हैं लेकिन सच पूछा जाये तो उनका कोई घर नहीं होता। माननीय मोदी जी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत महिलाओं को मालिकाना हक देकर उनके नाम की रजिस्ट्री कर उन्हें घर का मालिक बना दिया। नारी शक्ति वंदन सम्मेलन उत्तर प्रदेश में दिनांक 13 अप्रैल 2026 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' का सीधा प्रसारण इंदिरा भवन, लखनऊ स्थित महिला कल्याण विभाग के सभागार में किया गया। अपर मुख्य सचिव द्वारा भी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को महिलाओं की शिक्षा, पोषण एवं स्वास्थ्य से संबंधित नीतिगत निर्णयों में उनकी आगीदारी सुनिश्चित करने हेतु सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' में माननीय प्रधानमंत्री जी ने अपने उदबोधन में कहा कि इस बिल से महिलाओं के लिए पंचायत से आगे बढ़कर संसद तक पहुंचने का उनका सफर आसान होता जा रहा है। विकसित भारत की यात्रा में महिलाओं की भूमिका और भी अहम हो गई है। भारत 21वी सदी के सबसे बढ़े निर्णयों में से एक निर्णय लेने जा रहा है, यह निर्णय नारी शक्ति को समर्पित है। राज्यों की विधानसभाओं से लेकर देश की संसद तक पहुंचने की दशकों की प्रतिक्षा के अंत का समय 16, 17 व 18 अप्रैल है। उन्होंने इस विधेयक के समर्थन में व्यापक जनजागरुकता हेतु विशेष अभियान चलाने का आह्वान किया तथा महिलाओं से सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। प्रेसवार्ता में जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा जिपं अध्यक्ष ममता यादव, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता समेत अन्य मातृशक्तियों का बुके देकर स्वागत किया गया। इस दौरान नामित पार्षद अल्पना श्रीवास्तव, क्षमा वर्मा, स्वाति सिंह आदि मौजूद रहे।




### पैसे और जेवर लेकर युवती प्रेमी के साथ फरार

**सिंधौली,शाहजहांपुर।** थाना सिंधौली क्षेत्र में एक युवती को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई कि उसकी 19 वर्षीय बेटी 15 अप्रैल को शाम लगभग 4 बजे घर से अचानक लापता हो गई। काफी तलाश करने के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला, तब परिवार को जानकारी मिली कि जनपद पीलीभीत निवासी एक युवक, जिसका नाम मून बताया जा रहा है, उसे अपने झांसे में लेकर शादी करने के इरादे से भगा ले गया है। पीड़ित पिता ने आरोप लगाया है कि उसकी बेटी घर से जाते समय अपने साथ करीब 30 ग्राम सोना, 250 ग्राम चांदी और लगभग 2 लाख 50 हजार रुपये नगद भी ले गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही युवती और आरोपी की तलाश कर रही है।

# एडीएम ने किया जनगणना प्रशिक्षण का निरीक्षण, पहले बैच का समापन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जिला जनगणना अधिकारी एवं एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने तिलहर क्षेत्र स्थित सेंट मैरी स्कूल पहुंचकर जनगणना प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। ग्रामीण क्षेत्र के प्रगणकों और सुपरवाइजर्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा था। उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया और निर्देश भी दिए। जनपद में 15, 16 और 17 अप्रैल को आयोजित प्रथम बैच का प्रशिक्षण शुक्रवार को सम्पन्न हो गया। 21 चार्ज ऑफिसरों के माध्यम से प्रगणकों और सुपरवाइजर्स को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें 104 फील्ड ट्रेनरों ने भाग लेकर तकनीकी एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों के लिए जलपान एवं भोजन की भी समुचित व्यवस्था की गई। प्रशासन की ओर से बताया गया कि प्रगणकों और सुपरवाइजर्स को प्रशिक्षण भत्ते के रूप में 400 रुपये तथा जनगणना कार्यों के लिए 25 हजार रुपये दिए जाएंगे। जनगणना 2027 इस बार पूरी तरह डिजिटल माध्यम से कराई जाएगी, जो दो चरणों में सम्पन्न होगी। पहला चरण 22 मई से 20 जून तक चलेगा, जिसमें मकानों की गणना और सूचीकरण किया जाएगा। इस दौरान एक परिवार के मुखिया से कुल 34 प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनमें मकान, शौचालय, टीवी, फ्रिज, वाहन जैसी सुविधाओं से जुड़ी जानकारी शामिल होगी। दूसरा चरण 9 फरवरी 2027 से 28 फरवरी 2027 तक आयोजित किया जाएगा। इस बार प्रत्येक प्रगणक को 150 से 180 घरों की जिम्मेदारी दी गई है और वह एचएलओ ऐप के माध्यम से डेटा फीड करेगा। साथ ही 7 मई से 21 मई तक स्वगणना पोर्टल भी खुला रहेगा, जहां नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। प्रशिक्षण का क्रम आगे भी जारी रहेगा। दूसरा बैच 20, 21 और 22 अप्रैल को तथा तीसरा बैच 23, 24 और 25 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। डिजिटल जनगणना की यह पहल प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक सटीक, पारदर्शी और तेज बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन किया

**शाहजहांपुर।** शुक्रवार को स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में नारी शक्ति वन्दन अधिनियम- 2023 प्रचार अभियान के संदर्भ में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ पद्मजा मिश्रा के निर्देशन में हुए इस कार्यक्रम में इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ विकास खुराना ने विद्यार्थियो को संबोधित एवं प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों व शिक्षकों ने अपने मोबाइल फोन से निर्धारित नंबर 9667173333 पर मिस्ड कॉल के माध्यम से नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन किया और समाज में महिला अधिकार एवं संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर डॉ बरखा सक्सेना , डॉ राम शंकर पांडेय , डॉ अभिषेक, डॉ गौरव तथा बडी संख्या मे विभिन्न संकायों के गणमान्य शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो राकेश कुमार आजाद ने की एवं अंत में डॉ पूजा बाजपेई ने सभी का आभार ज्ञापित किया।

# नगर पालिका के मनोनीत सभासदों ने ली पद की शपथ

- एसडीएम प्रभात राय ने दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ

**जलालाबाद,शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका परिषद जलालाबाद के सभागार में शुक्रवार को शासन द्वारा नामित किए गए पांच सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। उपजिलाधिकारी प्रभात रॉय ने सभी मनोनीत सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाकर उन्हें नगर के विकास में भागीदार बनने का आह्वान किया। घ्उत्तर प्रदेश शासन द्वारा बीते 14 मार्च 2026 को जलालाबाद पालिका बोर्ड के लिए पांच सदस्यों को नामित किया गया था। शुक्रवार को सभागार कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम प्रभात रॉय ने नामित सभासद अनंतराम सागर, प्रदीप मिश्रा, सुधीर गुप्ता, गौरव प्रताप राघव और श्रीमती कुसुम शर्मा को विधिवत शपथ दिलाई। एसडीएम ने सभी को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि वे नगर की समस्याओं के समाधान में अहम भूमिका निभाएंगे। घ्इस दौरान चेयरमैन शकील अहमद खां और अधिशाषी अधिकारी (ईओ) एच.एन. उपाध्याय ने सभी नए सदस्यों का स्वागत किया। चेयरमैन ने कहा कि बोर्ड में नए सदस्यों के शामिल होने से जनहित के कार्यों को और मजबूती मिलेगी। अधिशाषी अधिकारी ने सभी का सहयोग अपेक्षित बताया। घ्कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद जीशान ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से घ्सभासद अजय गुप्ता, मनोज अग्निहोत्री, मंजूम खान गुड्डू, आकाश गुप्ता व सभासद पति मनोज दिवाकर सहित पालिका कर्मचारी अवधेश सिंह, नितिन शर्मा, मुकेश दीक्षित, सुधीर राठौड़, अजीत श्रीवास्तव, राममोहन, राम सिंह, नीतेश कटियार, सुजीत शुक्ला व मोहम्मद कैफ आदि मौजूद रहे।

# परेड की सलामी लेने के बाद एसपी ने किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी ग्रहण करने के उपरान्त परेड का निरीक्षण तथा प्रशिक्षणाधीन रिक्रूट आरक्षियों की आगामी पासिंग आउट परेड के दृष्टिगत चल रहे रिहर्सल का निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ग्रहण कर परेड का सूक्ष्म एवं विस्तृत निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस बल के टर्नआउट, वर्दी की साज-सज्जा, अनुशासन एवं शारीरिक दक्षता का बारीकी से अवलोकन करते हुए उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों को कर्तव्यनिष्ठा, सजगता एवं उत्कृष्ट कार्य निष्पादन हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही प्रशिक्षणाधीन रिक्रूट आरक्षियों की आगामी पासिंग आउट परेड के दृष्टिगत चल रहे रिहर्सल का भी निरीक्षण कर उसकी गुणवत्ता, समन्वय एवं अनुशासन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। परेड के उपरांत द्वारा पुलिस बल के साथ दौड़ लगाकर शारीरिक फिटनेस का संदेश दिया तथा सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को नियमित व्यायाम करने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं सदैव चुस्त-दुरुस्त रहने हेतु प्रेरित किया गया। इसके पश्चात द्वारा पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण करते हुए आरटीसी बैरक, पुलिस मैस एवं पीआरवी वाहनों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। आरटीसी बैरक के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, अनुशासन एवं व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए गए, वहीं पुलिस मैस में भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं अन्य व्यवस्थाओं का परीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त पीआरवी वाहनों एवं उपकरणों का निरीक्षण कर उनकी कार्यशीलता सुनिश्चित करने तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया हेतु सदैव तैयार रहने के निर्देश दिए गए। तत्पश्चात द्वारा आर्दली रूम लेकर विभिन्न शाखाओं के अभिलेखों एवं रजिस्टरों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव, कार्यों के समयबद्ध एवं पारदर्शी निस्तारण तथा कार्य प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# अस्त्र शूटिंग रेंज की शानदार उड़ान, हर खिलाड़ी ने बनाया स्टेट में स्थान

- सहायक श्रमायुक्त ने प्रदेश में बढ़ाई शाहजहांपुर की शान

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या स्थित डा. भीमराव अंबेडकर इंटरनेशनल स्टेडियम में आयोजित 29वीं प्री–यूपी स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता 2026 में अस्त्र शूटिंग रेंज के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली परिचय दिया। शाहजहांपुर के हनुमतधाम गेट नंबर 2 रेती पुल के पास स्थित यह रेंज नवंबर 2025 में स्थापित हुई है, और कम समय में ही एक सशक्त प्रशिक्षण केंद्र के रूप में उभरकर सामने आई है।

प्रतियोगिता में 10 मीटर एयर वेपन इवेंट में रेंज के खिलाड़ियों में सहायक श्रमायुक्त नासिर खान, लक्ष्य शर्मा, सम्राट सिंह, सिद्धि वाजपेई, वृंदा शर्मा और गिरिष्ठा सिंह ने भाग लिया। सभी खिलाड़ियों ने स्टेट चैंपियनशिप के लिए सफलतापूर्वक क्वालिफाई किया। यह रेंज प्री स्टेट, स्टेट, प्री–नेशनल, नेशनल, ओपन एवं इंटरनेशनल चैंपियनशिप जैसी प्रतियोगिताओं में भागीदारी के लिए खिलाड़ियों को निरंतर आगे बढ़ा रही है। अस्त्र शूटिंग रेंज हर आयु वर्ग के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान करते हुए क्षेत्र में शूटिंग खेल के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

रेंज के संस्थापक एवं कोच अभिनव शुक्ला ने बताया कि शूटिंग एक एकाग्रता का खेल है, जिसमें हर परिस्थिति में स्वयं को स्थिर रखते हुए सही तकनीक से निशाना साधना होता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि आने वाले प्रतियोगिताओं में यही खिलाड़ी अपने शहर का नाम और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। बता दें कि इसमें खिलाडियों में नासिर खान वर्तमान में शाहजहांपुर में ही सहायक श्रमायुक्त पद पर सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह सिविल सर्विसेज के अंतर्गत उन्होंने स्टेट चैंपियनशिप में प्रदेश में अच्छा स्थान प्राप्त किया है।

## खबरें एक नजर में

### बड़े-छोटे लाट साहब जुलूस में सहयोग करने वाले लोगों सम्मानित



**शाहजहांपुर।** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं एसपी सौरभ दीक्षित ने होली के पर्व पर जनपद में परम्परागत रूप से निकलने वाले बड़े एवं छोटे लाट साहब के जुलूस को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने सराहनीय योगदान देने पर प्रशंसा की और उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, एसपीआरए दीक्षा भंवरे, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार एवं नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### अनियंत्रित होकर ई रिक्शा पलटा ,बड़ा हादसा टला



**तिलहर–शाहजहांपुर।** टेंट का सामान लेकर जा रहा ई–रिक्शा अनियंत्रित होकर बिरियागंज मोड़ पर पलट गया और एक बड़ा हादसा होने से टल गया। नगर के बिरियागंज मोड़ पर शुक्रवार दोपहर को बड़ा हादसा होने से बाल बाल बच गया।नगर के मोहल्ला सितारगंज निवासी मोबीन अपने ई–रिक्शा में टेंट का सामान भरकर ले जा रहे थे कि तभी नगर पालिका द्वारा नवनिर्मित पुलिया पर ई–रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में ई–रिक्शा चालक मोबिन को हल्की–फुल्की चोटें आई है।हालांकि इस दौरान गनीमत रहीं कि जब ई रिक्शा अनियंत्रित होकर मोड़ पर पलटा तब उसके पास से कोई वाहन अथवा पैदल यात्री निकल नहीं रहा था अन्यथा इस दौरान कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था। इस दौरान गनीमत रही कि इस रोड पर दो इंटर कॉलेज सहित पांच स्कूलों की छुट्टी के समय हादसा होने के बाद भी कोई बच्चा इसका शिकार नहीं बना। ई–रिक्शा में लदी हुई टेबलों को उतार का उसे सीधा किया गया। गौरतलब है कि बिरियागंज मोड पर अव्यस्थित तरीके से नाली के ऊपर पुलिया नुमा ढांचे का निर्माण कर दिया गया है जिस पर आए दिन ई रिक्शा, ऑटो अनियंत्रित होकर पलटते रहते हैं।

### बाइक सवार दो युवक गंभीर घायल

तिलहर–शाहजहांपुर। हाईवे पर ट्रैक्टर ट्राली की साइड लगने बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। शुक्रवार दोपहर कोतवाली क्षेत्र में हाईवे स्थित कच्छियानी हनुमान मंदिर के निकट ट्रैक्टर ट्राली की बाइक में साइड लग जाने से दोनों बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद घायलों को सरकारी एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया। जहां से गंभीर घायल अशोक पुत्र राजीव सिंह निवासी ग्राम हिस्माह व बृजेश पुत्र राजकुमार निवासी मोहल्ला सुभाष नगर थाना जलालाबाद को गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

### केले से लदा ट्रक हाइटगेज एंगल से टकराया, आरपीएफ ने मुकदमा दर्ज कर ट्रक कब्जे में लिया



**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा जंक्शन क्षेत्र में गुरूवार की शाम कले से भरा ट्रक रेलवे अंडरपास के पास नीचे लगे हाइटगेज एंगल से टकरा गया। जिससे भारी भरकम एंगल ट्रक के ऊपर गिर गया। जिससे ट्रक का ऊपरी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही आरपीएफ मौके पर पहुंच गई। आरपीएफ ने शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कर ट्रक को अपने कब्जे में मामला दर्ज कर ज्वाइंट रिपोर्ट आला अफसरों को भेज दी हैं। गुरूवार की शाम मध्यप्रदेश के भरथना से केला लोड करके शाहाबाद हरदोई की ओर जा रहा था। गुरुवार शाम ट्रक जब रोजा जंक्शन सीतापुर ब्रांच लाइन के पास जहानीखेड़ा रेलवे स्टेशन के पास अंडर पास से निकल रहा था, वहां पर कोई संकेत न होने के कारण अंडरपास से आगे ट्रक हाइटगेज एंगल से टकरा गया। जिससे भारी–भरकम एंगल ट्रक के ऊपर गिर गया। जिससे ट्रक का ऊपरी भाग क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रक के अगले पहिए टूट गये।हादसे की सूचना मिलते ही रोजा आरपीएफ चौकी प्रभारी विकास मीणा दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर क्रेन की मदद से ट्रक को रोजा जंक्शन रेलवे चौकी पर लेकर आये। रोजा जंक्शन चौकी प्रभारी विकास मीणा ने बताया कि वहां पर नो एंट्री थी और अंडरपास का रिपेयर का काम चल रहा था। ट्रक चालक ने नो एंट्री में घुसकर रेलवे का काफी नुकसान किया हैं। रेलवे की संपत्ति के नुकसान की धाराओं में शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कर लिया हैं। जॉइंट रिपोर्ट बनाकर मंडल मुख्यालय भेज दी गई है नुकसान का आकंलन किया जाएगा। सीनियर सेक्शन इंजीनियर उत्तर रेलवे जगदीश कुमार मौर्य ने कहा, रिपोर्ट बनाकर तैयार की जाएगी और जब नुकसान का व्यौरा मांगा जाएगा तब नुकसान की रिपोर्ट भेज दी जायेगी।

# लोहारों वाला चौराहा पर कार्य बंद देख एडीएम का पारा हाई

- ठेकेदार को लगाई फटकार, दुर्गा मंदिर कॉरिडोर निर्माण में बाधक अतिक्रमण हटाने की पुनः चेतावनी
- एडीएम वित्त ने निरीक्षण कर डीएम को दी रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



महानगर में लोहारों वाला चौराहा पर सड़क चौड़ीकरण व दोनों ओर नाला निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें ठेकेदार द्वारा कार्य में हीलाहवाली बरतने की मिल रही, शिकायतों पर डीएम के निर्देश पर एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने वहां पहुंचकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया तो पाया कि ठेकेदार द्वारा रोजाना कार्य न कराकर कभी कभी ही कार्य कराया जा रहा है। जिस कारण वहां से वाहनों का निकलना मुश्किल हो रखा है। स्थानीय दुकानदारों की दुकानदारी प्रभावित हो रखी है। एडीएम ने जब दुकानदारों से वार्ता की तो पता चला कि पिछले दिनों से कोई प्रोग्रेस नहीं किया गया है। दो तीन मजदूर आते हैं, सिर्फ़ खानापूर्ति दिख रही है। एडीएम ने ठेकेदार मोहित अवस्थी से फोन पर बात की तो उसने बताया कि रात में कार्य कराएंगे। एडीएम ने फटकार लगाते हुए कहा कि जल्द से जल्द कार्य पूरा करे, हम रात में दोबारा निरीक्षण को आएगे। इसके बाद एडीएम ने चौक क्षेत्र में दुर्गा मंदिर कारिडोर वाले रोड पर जो अतिक्रमण हो रखा है, वहां जाकर देखा तो पाया कि दुकानदारों ने अतिक्रमण अभी तक नही हटया। निरीक्षण कर दोबारा वार्ता की गई है। दुकानदारों को उन्होंने एक दिन का समय दिया कि वह एक दिन में अतिक्रमण हटा ले, अन्यथा जेसीबी मशीन से हटवाया जाएगा। पार्षद से वार्ता फोन पर कि वह अपने स्तर से दुकानदारों को समझा ले,क्योंकि यह कार्य 100 फीसदी करना है। साथ ही कारिडोर निर्माण कार्य मे, जहां थोडा से रोड बनना था। वहां पर तरुण सहायक नगर आयुक्त, इंसेक्टर चौक फोर्स के साथ कार्य करवाते पाएगें। जिस पर मौके पर एडीएम ने दिशा निर्देश दिए।

# धार्मिक स्थलों से मानक से अधिक लगे 10 लाउडस्पीकर उतरवाए

**कांट, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण को लेकर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मानक से अधिक लगे लाउडस्पीकर हटवाए हैं। प्रभारी निरीक्षक काँट राकेश कुमार मौर्य के निर्देशन में यह अभियान चलाया गया। पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र के विभिन्न धार्मिक स्थलों का निरीक्षण किया गया, जिसमें निर्धारित मानकों से अधिक लगे कुल 10 लाउडस्पीकर पाए गए। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए अतिरिक्त लाउडस्पीकरों को उतरवाया गया।

प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी धार्मिक स्थलों पर निर्धारित नियमों का पालन अनिवार्य है। पुलिस ने संबंधित प्रबंधकों को निर्देश दिए हैं कि भविष्य में मानकों का पालन सुनिश्चित करें, अन्यथा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा, परिवहन सुरक्षा एवं विद्यालय सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा, परिवहन सुरक्षा एवं विद्यालय सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में आयोजित की गई। जिलाधिकारी द्वारा दुर्घटनाओं को कम करने तथा यातायात को सुगम बनाने पर बल दिया गया। बैठक में निर्देशित दिए गए की हाईवे पर ई-रिक्शा का संचालन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जाए तथा सड़क दुर्घटना में मृतकों की संख्या को कम करने के लिए दो पहिया वाहनों पर हेलमेट एवं चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट न लगाने वाले चालकों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाए। एआरटीओ को निर्देशित किया गया की 10 से अधिक चालान वाले वाहनों की सूची तैयार कर उन्हें ब्लैक लिस्ट/ सीज किए जाने की कार्यवाही की जाए। बैठक में उपस्थिति एमएच आई के प्रतिनिधि को निर्देश दिए गए की एन एच-30 पर बनाए गए अवैध कटों को तत्काल बंद कराया जाए तथा मार्थ के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि एनएच-730c पर चिन्हित दुर्घटना संभावित स्थानों पर रंबल स्ट्रिप, थर्मोप्लास्टिक पेंट तथा साइन बोर्ड लगवाई जाए।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, एसपीआरए दीक्षा भंवरे, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# अवैध मादक पदार्थों की बिक्री एवं तस्करी पर रोक लगाई जाए: डीएम

- डीएम की अध्यक्षता में नारकोटिक की बैठक सम्पन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड कानून व्यवस्था, नॉरकोटिक्स एवं आबकारी विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में आयोजित की गई।डीएम ने नारकोक्टिस सेल के द्वारा जनपद स्तर पर एनडीपीएस के अन्तर्गत की गयी कार्यवाहियां की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि अवैध मादक पदार्थों की बिक्री एवं तस्करी पर रोक लगाई जाए।

उन्होंने ड्रग निरीक्षक को निर्देश दिए कि ड्रग का सत्यापन कर अवैध बिक्री पर कार्यवाही करे अवैध नशीली दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने हेतु नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कि मेडिकल स्टोर पर दवाओं का सेल परचेस से मिलान किया जाए, मेल न होने पर संबंधित मेडिकल स्टोर पर कार्रवाई की जाए। आबकारी विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि कच्ची शराब बनने पर रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में से कच्ची शराब बनाए जाने की सूचना प्राप्त हो उन पर तत्काल कार्रवाई की जाए।

जिलाधिकारी ने आबकारी एवं औषधि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि मादक पदार्थो की तस्करी के तरीकों, संदिग्ध व्यक्तियों, स्थलों का चिन्हाकंन कर गहन चेकिंग करे। उन्होंने कहा कि अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अवैध ड्रग, मादक पदार्थ पकड़ी जाती है तो तत्काल कार्यवाही करें। इस अवसर पर एसपी सौरभ दीक्षित, एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, एसपीआरए दीक्षा भंवरे, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आगमन को लेकर कांग्रेसियों ने तैयार की रूपरेखा

- कांग्रेस कार्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित कर दी गई जानकारी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




अक्षय तृतीया व भगवान परशुराम जी की जयंती पर 19 अप्रैल को प्रस्तावित कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के शाहजहांपुर आगमन की जानकारी देने के लिए जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता व महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खान ने संयुक्त रूप से कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन टाउन हॉल पर एक पत्रकार वार्ता आयोजित की। जिसमें जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने बताया कि सीतापुर रोड पर चक भिटारा के पास कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष गंगाराम कठेरिया के नेतृत्व में स्वागत किया जाएगा, हरदोई बाईपास पर पूर्व शहर विधानसभा प्रत्याशी पूनम पांडेय व पूर्व सेवा दल जिलाध्यक्ष रामप्रकाश दीक्षित द्वारा स्वागत बरेली मोड पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामजी अवस्थी,युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष रहीम दाद खान के नेतृत्व में स्वागत किया जाएगा, कांट में बंधन मैरिज लॉन में ज़िला महासचिव उन्नत मिश्रा,पूर्व चेयरमैन रईस मियां के नेतृत्व में स्वागत होगा। जलालाबाद परशुरामपुरी उबरिया मंदिर पर दर्शन, महाराणा प्रताप चौक मोड़ पर पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी आलोक शर्मा, ज़िला महासचिव रामजी शुक्ला नगर अध्यक्ष सैय्यद तनवीर, कलान ब्लॉक अध्यक्ष ओमपाल यादव, कलान नगर अध्यक्ष बादाम सिंह, मिर्ज़ापुर ब्लॉक अध्यक्ष सोनपाल यादव, अल्लाहगंज नगर अध्यक्ष अजय त्रिवेदी द्वारा स्वागत। तहसील के निकट जिला उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश वाल्मीकि, जिला महासचिव बी एन सिंह यादव, ब्लॉक अध्यक्ष नक्षत्रपाल सिंह द्वारा स्वागत। भगवान परशुराम जी मंदिर पर पूजन दर्शन। शाहजहांपुर शहर प्रस्थान।इसके बाद शहर आगमन की जानकारी महानगर कांग्रेस अध्यक्ष तकवीम हसन खान ने बताया कि शहर आगमन पर राजघाट चौकी पर कांग्रेस व्यापारी प्रकोष्ठ के नेता इरशाद खान, पूर्व पार्षद प्रत्याशी फरमान खान द्वारा स्वागत। चारखंबा पर कांग्रेस नेता फैजान अली खान द्वारा स्वागत,छोटा चौक अनवार मेडिकल स्टोर पर अल्प संख्यक कांग्रेस प्रदेश महासचिव फ़रीद अली खान, महिला कांग्रेस अध्यक्ष अर्चना कटारिया द्वारा स्वागत, कच्चा कटरा मोड़ पर सोशल मीडिया प्रदेश महासचिव नीरज अवस्थी, वार्ड अध्यक्ष शौर्य दीक्षित, राजीव गुप्ता द्वारा स्वागत,

घंटाघर पर अल्प संख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष सईद अंसारी, कांग्रेस नेता साजिद खान,युवा कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता शाश्वत मिश्रा, द्वारा स्वागत, तारीन टिकली के पास कांग्रेस नेता अनस इक़बाल, पार्षद सैय्यद तनवीर द्वारा स्वागत,लाल इमली चौराहा पर महानगर कांग्रेस उपाध्यक्ष अफजाल खान, कांग्रेस नेता नौशाद कुरैशी द्वारा स्वागत, टाउन हॉल स्थित शहीद प्रतिमाओं पर माल्यार्पण, खिरनीबाग स्थित पंडित रामप्रसाद बिस्मिल पार्क के पास एनएसयूआई अध्यक्ष रफी उल हसन, उपाध्यक्ष प्रत्यूष मिश्रा, मोहसिन खान सिकंदर अली द्वारा स्वागत, और अंत में लोधीपुर स्थित अक्षरधाम कालोनी आरके फार्म पर आयोजित भंडारे में सम्मिलित होंगे। दोनों अध्यक्षों ने संयुक्त रूप से आमजन से अपील की है कि इस कार्यक्रम में अवश्य रूप से सम्मिलित होंगे। पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से अल्प संख्यक कांग्रेस राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशफ़ाक उल्ला खां, पीसीसी सदस्य कृष्ण विनोद मिश्रा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रामजी अवस्थी, एनएसयूआई अध्यक्ष रफी उल हसन, अल्प संख्यक कांग्रेस अध्यक्ष सईद अंसारी, लक्ष्मीकांत मिश्रा,गौरव त्रिपाठी, प्रत्यूष मिश्रा, शाश्वत मिश्रा, परवेज अहमद, फरमान खान मौजूद रहे।

## कार्यस्थल पर भयावह

देश की एक प्रमुख आईटी कंपनी की नासिक शाखा में यौन उत्पीड़न और जबरन धर्म परिवर्तन के प्रयासों के चौंकाने वाले आरोप परेशान करने वाले हैं। नि:संदेह, यह प्रकरण बेहद गंभीर है और इन आरोपों ने कार्यस्थल की सुरक्षा जैसे नजरअंदाज किए जा रहे महत्वपूर्ण मुद्दे पर फिर देश का ध्यान आकर्षित किया है। यह आरोप है कि पुरुष कर्मचारियों का एक समूह महिला सहकर्मियों को निशाना बनाने के लिए एक 'संगठित गिरोह' की तरह काम कर रहा था। निश्चित रूप से यह घटनाक्रम कंपनी प्रबंधन की उस घोर लापरवाही को ही उजागर करता है जिस के चलते समय रहते इस तरह के यौन उत्पीड़न व धर्म परिवर्तन की कोशिशों पर अंकुश नहीं लग सका। यह विडंबना ही है कि मानव संसाधन प्रबंधक ने कथित तौर पर पीड़िता को शिकायत दर्ज कराने से यह कहकर रोका कि दृ'ऐसी चीजें होती रहती हैं।' आक्षेप लगाया गया है कि इस प्रकरण में आरोपी का ही पक्ष लिया गया। निश्चित तौर पर यह दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम कॉर्पोरेट जगत में व्याप्त विद्रूपताओं और एक गहरी तथा व्यापक विफलता की ओर ही इशारा करता है। जबकि दावा यह किया जाता रहा है कि कॉर्पोरेट जगत की प्राथमिकता कर्मचारियों की सुरक्षा और गरिमा को सुनिश्चत करना है। इसमें दो राय नहीं है कि जब यौन उत्पीड़न रोकथाम ढांचे को लागू करने के लिये जिम्मेदार उच्च पदों पर आसीन व्यक्तियों पर दुर्व्यवहार को सामान्य या मामूली बात समझने का आरोप लगता है, तो सारे संस्थागत सुरक्षा उपाय ध्वस्त हो जाते हैं। निर्विवाद रूप से यह एक दुर्भाग्यपूर्ण प्रवृत्ति है, जब पीड़ित महिला कर्मचारी को न केवल अपराधियों द्वारा बल्कि उनकी सुरक्षा का दायित्व संभालने वालों द्वारा भी चुप कराने के प्रयास किये जाते हैं। एक बार फिर से पुलिस के हस्तक्षेप और परामर्श के बाद ही कई पीड़ित महिला कर्मचारियों ने आगे आने का साहस जुटाया है। जिसके बाद ही मामले में प्राथमिकी दर्ज हो पायी है। बहरहाल, इस दुर्भाग्यपूर्ण प्रकरण को लेकर एक असहज करने वाला प्रश्न यह उठता है कि क्यों भय, सामाजिक कलंक अथवा संस्थागत उदासीनता के कारण देश भर के विभिन्न कार्यस्थलों में ऐसे कितने ही यौन उत्पीड़न के मामले उजागर नहीं हो पाते हैं? इसमें दो राय नहीं कि इस मामले में जांच बिना किसी पुर्वाग्रह के आगे बढ़नी चाहिए। निर्विवाद रूप से आईटी कंपनी के नासिक प्रकरण में सांप्रदायिक या राजनीतिक रंग देने का प्रयास इस संकट की मूल चिंताओं को धूमिल करने का जोखिम जरूर पैदा कर सकता है। निस्संदेह, ऐसी घटनाओं को धार्मिक या वैचारिक नजरिये से देखना कॉर्पोरेट जवाबदेही और लैंगिक संवेदनशीलता वाले सुधारों की तत्काल आवश्यकता से ध्यान भटका सकता है। इस संवेदनशील विषय पर नजर रखने वाले तर्क देते हैं कि उत्पीड़न को संप्रदाय विशेष के अपराध के रूप में देखने के बजाय, इसे एक अधिकारी द्वारा अपने अधिकार के दुरुपयोग के रूप में देखा जाना चाहिए, जो किसी भी संस्थान में पारदर्शिता और प्रवर्तन की कमी वाले वातावरण में ही पनपता है। इस विचलित करने वाले प्रकरण में अधिकारियों की प्रतिक्रिया, जिसमें एक विशेष जांच दल का गठन भी शामिल है, स्वागत योग्य है। वहीं दूसरी ओर इस मामले में महिला आयोग द्वारा भी एक स्वतंत्र जांच की जा रही है, जो कि एक सराहनीय कदम कहा जा सकता है। हालांकि, कॉर्पोरेट जगत से जुड़े कार्यालयों में स्थायी परिवर्तन तभी संभव होगा जब कंपनियां ऐसे मामलों में 'शून्य सहिष्णुता' की घोषणा करेंगी। इसके साथ ही जरूरत इस बात की भी कि कार्यालयों में ऐसा निर्भयतापूर्ण वातावरण तैयार किया जाए कि कोई भी महिला कर्मचारी बिना डर के बोलने के लिये सशक्त बन सके। उन्हें सशक्त बनाने के लिये आंतरिक तंत्र को सक्रिय रूप से मजबूत बनाने की जरूरत है। इसके अलावा यह भी जरूरी है कि कंपनियों का शीर्ष प्रबंधन गाहे-बगाहे यह पड़ताल करता रहे कि सर्वाधिकार प्राप्त कोई अधिकारी असीमित अधिकारों की आड़ में उत्पीड़न के अपवित्र खेल में शामिल तो नहीं है। एक पारदर्शी व सतर्क व्यवस्था भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगा सकती है।

# नए भारत की एमएसएमई क्रांति के केंद्र में है नारी शक्ति



शोभा करंदलाजे



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा और विधानसभाओं में एक-तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम का सितंबर 2023 में संसद में समर्थन करते हुए विश्वास व्यक्त किया था कि भारत तभी आगे बढ़ सकता जब देश की नारियां भी इसके साथ ही उन्नति करें। उनका यह विश्वास एमएसएमई क्षेत्र (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) में सरकार के काम में हर रोज दिखाई देता है। एमएसएमई क्षेत्र को अक्सर भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी कहा जाता है। लेकिन अगर गहराई से देखें तो इसके दिल में महिला उद्यमियों का मूक बल बसता है। आखिरकार आज इस मूक बल को वह राष्ट्रीय मान्यता, संस्थागत समर्थन और नीतिगत गति मिल रही है जिसका वह हमेशा से हकदार है।

**आँकड़े बयां करते हैं कहानी:-** भारत के एमएसएमई इकोसिस्टम में महिलाओं की भागीदारी का दायरा लगातार बढ़ रहा है। 2026 की शुरुआत तक, उद्यम पंजीकरण पोर्टल और उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म पर 3.11 करोड़ से अधिक महिला-नेतृत्व वाले उद्यम पंजीकृत हुए हैं। वास्तव में, उद्यम और उद्यम असिस्ट पंजीकरण के अनुसार, देश के कुल पंजीकृत एमएसएमई में महिला-स्वामित्व वाले उद्यमों की हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत है और ये रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। महिला उद्यमियों के लिए सबसे प्रभावशाली सुधारों में से एक उद्यम पंजीकरण पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाना है। पूरी तरह से ऑनलाइन, कागज रहित और स्व-घोषणा पर आधारित इस व्यवस्था ने उस नौकरशाही बाधा को समाप्त कर दिया, जो महिलाओं के लिए एक बड़ी रुकावट बनी हुई थी। जनवरी 2023 में शुरू किए गए उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म ने अनौपचारिक क्षेत्रों में कार्यरत उन महिलाओं तक पहुँच बनाकर इस दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया, जिनके पास 'पैन' नंबर या जीएसटीएन नहीं था। इसने उन्हें प्राथमिकता क्षेत्र में दिए जाने वाले ऋण और सरकारी योजनाओं के लाभों के दायरे में लाने का काम किया। सरकार ने महिलाओं को विकास वाहक के रूप में अपने आर्थिक एजेंडे के केंद्र में रखने का निर्णय लिया है।

**आर्थिक शक्ति के रूप में नारी शक्ति:-** प्रधानमंत्री मोदी ने लगातार इस बात पर ज़ोर दिया है कि महिलाओं को सशक्त बनाना केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय रणनीति है। उन्होंने ही कहा था कि जब महिलाएं सशक्त होती हैं, तो परिवार सशक्त होते हैं और जब परिवार सशक्त होते हैं, तो राष्ट्र निरंतर मज़बूत होता जाता है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम राजनीतिक क्षेत्र में इस दर्शन की सबसे स्पष्ट अभिव्यक्ति है। लेकिन आर्थिक क्षेत्र में, विशेष रूप से एमएसएमई क्षेत्र में महिलाओं के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता एक व्यापक और बहुआयामी नीतिगत ढांचे के रूप में सामने आई है, जो ऋण, कौशल, बाज़ार तक पहुंच, पहचान और गरिमा जैसे पहलुओं को समाहित करती है।

महिलाओं के लिए तैयार की गई एक नीतिगत संरचना

एमएसएमई मंत्रालय ने अपने हर बड़े कार्यक्रम और योजना में महिलाओं के सशक्तिकरण को व्यवस्थित रूप से शामिल किया है। ये सभी मिलकर, आपूर्ति पक्ष पर आठ मुख्य श्रेणियों के माध्यम से उद्यमियों को सहायता प्रदान करते हैं : तकनीक तक पहुँच, ऋण और वित्त तक पहुँच, डिजिटलीकरण को बढ़ावा, अवसरंचना सहायता, औपचारिकीकरण और समावेशन, बाज़ार तक पहुँच, और उद्योग-स्तरीय कौशल विकास। पिछले पाँच वर्षों में, प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के तहत 3.2 लाख से ज़्यादा महिलाओं के स्वामित्व वाले उद्यमों को सहायता दी गई है। हाल के आँकड़ों के अनुसार, पीएमईजीपी के कुल लाभार्थियों में से 39 प्रतिशत महिलाएँ हैं जो इस योजना की रूपरेखा और महिलाओं की कुछ कर दिखाने की ललक, दोनों को दर्शाता है।

सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट महिला ऋणदाताओं को 90 प्रतिशत तक का बढ़ा हुआ गारंटी कवर प्रदान करता है। इससे बैंक बिना कुछ गिरवी रखे महिलाओं को ऋण देने के लिए तैयार हैं। इसके अतिरिक्त, सार्वजनिक खरीद नीति में संशोधन कर यह अनिवार्य किया गया कि केंद्रीय मंत्रालय, विभाग और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम अपनी वार्षिक खरीद का कम से कम 3 प्रतिशत हिस्सा महिला-स्वामित्व वाले सूक्ष्म और लघु उद्यमों से ही खरीदें। इससे महिला उद्यमियों के लिए एक सुनिश्चित और अनुमानित बाज़ार तैयार होता है, जिससे सरकारी खर्च को महिलाओं के व्यवसाय की वृद्धि में बदला जा रहा है। यह देखकर खुशी होती है कि वित्त वर्ष 2025-26 में, केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों/केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों द्वारा की गई कुल खरीद का 3.5 प्रतिशत हिस्सा महिला एमएसएमई से ही खरीदा गया था।

जेडइडी (जीरो डिफेक्ट जीरो इफेक्ट) प्रमाणन योजना के तहत, महिला-स्वामित्व वाले एमएसएमई को प्रमाणन शुल्क पर सौ प्रतिशत सब्सिडी मिलती है। ये विस्तृत विवरण काफी महत्वपूर्ण हैं और ये मंत्रालय के प्रयासों को दर्शाते हैं। मंत्रालय ने इस बारे में गहराई से विचार किया है कि महिलाओं को कहाँ कहाँ बाधाओं का सामना करना पड़ता है और ठीक उन्हीं बाधाओं को दूर करने के लक्ष्य के साथ सहायता दी गई।

महिला कॉयर योजना, के तहत कॉयर क्षेत्र में काम करने वाली महिला कारीगरों को विशेष कौशल विकास और वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। एमएसएमई- व्यापार सशक्तिकरण और विपणन के तहत महिलाओं को मार्केटिंग के लिए मदद करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 5 लाख लाभार्थियों में से 50 प्रतिशत महिलाओं को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। यशस्विनी अभियान में, एमएसएमई योजनाओं और पंजीकरण से मिलने वाले लाभों के बारे में महिलाओं को जानकारी देने के लिए पूरे देश में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विशेष रूप से महिला उद्यमियों के लिए आयोजित एमएसएमई आइडिया हैकाथॉन 3.0 के तहत 18,888 से अधिक आइडिया प्राप्त हुए, जो स्पष्ट रूप से यह दर्शाता है कि महिलाओं में रचनात्मक और उद्यमशीलता की ऊर्जा का भंडार मौजूद है, जो बस बाहर आने का इंतज़ार कर रहा है।

इसके अलावा, मंत्रालय के पास एक समर्पित महिला उद्यमिता प्रकोष्ठ है, जो विभिन्न योजनाओं के बीच समन्वय स्थापित करके, महिलाओं के लिए प्राप्त परिणामों की निगरानी और मूल्यांकन करके, तथा इकोसिस्टम के हितधारकों के साथ जुड़कर महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एक नोडल केंद्र के रूप में कार्य करता है। इन सभी पहलों ने जेंडर टारगेटिंग (लैंगिक लक्ष्यीकरण) और अभिसरण पर ध्यान केंद्रित किया है। ये कदम योजनाओं के भीतर केवल एक सब्सिडी प्रावधान के रूप में महिलाओं के समावेश से आगे बढ़कर, महिला-अनुकूल उद्यमिता सहायता के लिए एक अधिक सुविचारित और व्यापक ढांचे की ओर बढ़ने के सफर को दर्शाते हैं।

**कौशल, आत्मविश्वास, समुदाय:-** क्रेडिट और बाज़ारों से परे, सरकार ने यह माना है कि उद्यमिता कौशल और आत्मविश्वास का भी विषय है। विशेष रूप से पूर्वोत्तर में, जहाँ महिलाएँ पारंपरिक रूप से अपने समाज की आर्थिक रीढ़ रही हैं, लक्षित उद्यमिता विकास कार्यक्रमों ने यह सुनिश्चित किया है कि प्रशिक्षित प्रतिभागियों में महिलाओं की संख्या सबसे अधिक हो।

स्वयं सहायता समूहों को एमएसएमई सहायता तंत्रों के साथ एकीकृत किया गया है, जिससे महिला उद्यमियों के ऐसे समुदाय बने हैं जो एक-दूसरे का सहयोग करते हैं। वे न केवल अपना व्यवसाय खड़ा करते हैं, बल्कि आपस में जुड़कर एक मजबूत नेटवर्क भी तैयार करते हैं।

यह एक ऐसी सरकार है जो निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। प्रत्येक बजट, प्रत्येक योजना और प्रत्येक पोर्टल का सरलीकरण उस विशाल इमारत की एक ईंट के समान है, जिसकी नींव प्रधानमंत्री मोदी ने एक सरल, किंतु क्रांतिकारी विचार के साथ रखी थी–कि भारत की महिलाएं एक ऐसी शक्ति हैं जिन्हें अब स्वतंत्र और सशक्त होने का अवसर मिलना चाहिए।

**हर उद्यम में नारी शक्ति की भावना:-** नारी शक्ति वंदन अधिनियम ने दुनिया को बताया कि भारत की महिलाएँ यहाँ की संसद का हिस्सा हैं। इस सरकार की एमएसएमई नीतियां दुनिया को यह बता रही हैं कि भारत की महिलाएँ देश के बाजारों, कारखानों, उसकी निर्यात श्रृंखलाओं, उसके नवाचार केंद्रों और उसके बोर्डरूम्स की भी हकदार हैं। ये उसी एक सत्य की अभिव्यक्तियाँ हैं, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक विकसित भारत के अपने विज़न का आधार बनाया है। एक विकसित भारत वह भारत है, जहाँ 3 करोड़ से भी ज़्यादा महिला उद्यमी (और यह संख्या लगातार बढ़ रही है) विकास की असली ताकत हैं। अभी हम उस लक्ष्य तक पूरी तरह नहीं पहुँचे हैं, लेकिन इस सरकार की देखरेख में और प्रधानमंत्री के पक्के इरादों के साथ, हम यकीनन उस राह पर आगे बढ़ रहे हैं।

**(लेखिका केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री हैं।)**

विचार

# महिला आरक्षण को लेकर मायावती का विरोधियों पर तीखा प्रहार



संजय सक्सेना

महिला आरक्षण अधिनियम के लागू होने के बाद देश की राजनीति में नई बहस छिड़ गई है। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को एक तिहाई सीटें आरक्षित करने वाले इस कानून ने सभी दलों को अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करने को मजबूर कर दिया है। इसी सिलसिले में बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक लंबा पोस्ट लिखकर भाजपा कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर सीधी चोट की है। उन्होंने कांग्रेस को गिरगिट तक कह डाला है। मायावती का कहना है कि कांग्रेस दलित पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गों के मुद्दों पर दोहरा चरित्र अपनाती रही है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि देश के अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के संवैधानिक अधिकारों के मामले में कांग्रेस का रिकॉर्ड कभी भरोसेमंद नहीं रहा। मायावती ने आरोप लगाया कि जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी तब इन वर्गों को आरक्षण का पूरा लाभ दिलाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। आज महिला आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस इन वर्गों की बात कर रही है लेकिन यह महज राजनीतिक मजबूरी है।

मायावती ने अपने पोस्ट में भाजपा पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में रहते हुए दलितों और पिछड़ों के हितों की अनदेखी करती रही है। समाजवादी पार्टी को भी उन्होंने पिछड़े वर्गों के प्रति उदासीन बताया। बसपा प्रमुख ने चेतावनी दी कि महिला आरक्षण कानून का लाभ एससी एसटी और ओबीसी महिलाओं को मिलना चाहिए अन्यथा यह कानून मात्र दिखावा साबित होगा। उन्होंने सभी दलों से अपील की कि वे इन वर्गों की महिलाओं के लिए वास्तविक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करें। यह पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है और राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई है।

इस खबर को गहराई से समझने के लिए हमें पहले महिला आरक्षण अधिनियम के संदर्भ को देखना होगा। यह कानून 128 संशोधन विधेयक के रूप में 2023 में पारित हुआ था। लोकसभा राज्यसभा और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने का प्रावधान इसमें है। लेकिन इसका पूर्ण कार्यान्वयन 2029 के लोकसभा चुनाव के बाद होगा जब परिसीमन होगा। इसी बीच मायावती का यह बयान राजनीतिक दलों के बीच आरक्षण के लाभार्थियों को लेकर हो रही बहस को तेज कर रहा है। बसपा हमेशा से दलित पिछड़े और अल्पसंख्यक वोट बैंक पर निर्भर रही है। उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में जहां जातिगत समीकरण निर्णायक होते हैं वहां यह बयान बसपा की रणनीति का हिस्सा लगता है। मायावती का कांग्रेस पर गिरगिट कहना कोई नई बात नहीं है। इतिहास गवाह है कि कांग्रेस ने स्वतंत्रता के बाद आरक्षण नीतियों को लागू तो किया लेकिन कई बार इसे कमजोर करने की कोशिश भी की। उदाहरण के तौर पर 1990 के मंडल आयोग की सिफारिशों के समय कांग्रेस ने विरोध किया था। वी पी सिंह की सरकार ने ओबीसी आरक्षण लागू किया तो कांग्रेस ने इसे अदालत में चुनौती दी। मायावती का इशारा इसी ओर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्ता में रहते हुए एससी एसटी को प्रमोशन में आरक्षण देने से कतरा गई। 2006 में प्रमोशन में आरक्षण बिल लाने की कोशिश हुई लेकिन कांग्रेस सरकार ने इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया। आज जब महिला आरक्षण आया तो कांग्रेस एससी एसटी ओबीसी महिलाओं के कोटे की बात कर रही है जो पहले कभी नहीं उठाई। यह राजनीतिक उलटफेर मायावती को चुभ रहा है।

भाजपा पर मायावती का हमला भी कम तीखा नहीं है। भाजपा ने महिला आरक्षण बिल पास कराया लेकिन इसमें एससी एसटी ओबीसी के उप कोटा का जिक्र नहीं है। विपक्ष ने इसे लेकर आपत्ति जताई थी। मायावती का कहना है कि भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर दलितों के खिलाफ अत्याचारों को नजरअंदाज करती है। उत्तर प्रदेश में बसपा शासनकाल में मायावती ने दलितों के लिए कई योजनाएं चलाईं लेकिन अब वे कहती हैं कि भाजपा ने उन सबको उलट दिया। समाजवादी पार्टी पर भी उन्होंने चोट की जो यादव और मुस्लिम वोट पर केंद्रित है। सपा को पिछड़ों का ठेकेदार बताते हुए मायावती ने कहा कि यह दल अन्य पिछड़ों की अनदेखी करता है। इस बयान का राजनीतिक संदर्भ गहरा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को उत्तर प्रदेश में झटका लगा था। नरेंद्र मोदी की लहर के बावजूद सपा और कांग्रेस गठबंधन ने 43 सीटें जीतीं। बसपा मात्र एक सीट पर सिमट गई। अब 2027 के विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। मायावती जानती हैं कि महिला आरक्षण बहस में दलित महिलाओं का मुद्दा उठाकर वे अपना वोट बैंक मजबूत कर सकती हैं। बसपा का कोर वोटर जाटव समुदाय है जो एससी का बड़ा हिस्सा है। मायावती का यह पोस्ट दलित युवाओं को लामबंद करने का प्रयास है।

कांग्रेस की स्थिति भी कमजोर नहीं है। राहुल गांधी ने हाल ही में जाति जनगणना की मांग उठाई है। वे कहते हैं कि महिला आरक्षण में एससी एसटी ओबीसी का उपकोटा जरूरी है। लेकिन मायावती इसे दिखावा मानती हैं। कांग्रेस का इतिहास देखें तो नेहरू काल में आरक्षण को अस्थायी बताया गया था। इंदिरा गांधी ने इसे मजबूत किया लेकिन सोनिया राज में भी प्रमोशन आरक्षण टला रहा। आज प्रियंका गांधी उत्तर प्रदेश में सक्रिय हैं और दलित मुद्दों पर बोलती हैं लेकिन मायावती को भरोसा नहीं। गिरगिट वाली टिप्पणी इसी अविश्वास को दर्शाती है।भाजपा का पक्ष भी देखा जाए तो उन्होंने आरक्षण को संवैधानिक दर्जा दिया। मोदी सरकार ने एससी एसटी एक्ट को मजबूत किया। लेकिन मायावती के आरोप सत्ता के दुरुपयोग के हैं। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार पर दलित अत्याचार के मामले बढ़ने का इल्जाम लगता है। बसपा इसे भुनाने की कोशिश कर रही है। समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव ने भी महिला आरक्षण पर उपकोटा की बात की लेकिन मायावती उन्हें भी निशाने पर ले रही हैं। महिला आरक्षण का असली सवाल लाभार्थी कौन होंगे। कुल सीटों का एक तिहाई महिलाओं को मिलेगा लेकिन एससी एसटी ओबीसी का अनुपात क्या होगा। संविधान में एससी के लिए 15 प्रतिशत एसटी के लिए 7.5 और ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण है। लेकिन विधानसभाओं में यह लागू नहीं होता। लोकसभा में एससी एसटी सीटें आरक्षित हैं लेकिन ओबीसी नहीं। महिला आरक्षण में उपकोटा न होने से सामान्य वर्ग की महिलाओं को फायदा हो सकता है। मायावती इसी डर से चिंतित हैं। वे चाहती हैं कि दलित पिछड़ी महिलाओं को अलग कोटा मिले। इस बहस से देशव्यापी प्रभाव पड़ेगा। बिहार झारखंड और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में जातिगत समीकरण उलट सकते हैं। बिहार में नीतीश कुमार ने ओबीसी सर्वे कराया जो कांग्रेस भाजपा को असहज कर रहा है। मायावती का बयान बहुजन समाज को एकजुट करने का संदेश दे रहा है। बसपा अकेली पार्टी है जो दलित पिछड़े अल्पसंख्यकों को एक मंच देती है। मायावती की राजनीति हमेशा आक्रामक रही है। 1995 में वे पहली दलित महिला मुख्यमंत्री बनीं। 2007 में बसपा ने उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत हासिल किया। लेकिन उसके बाद पार्टी का ग्राफ गिरा। 2019 और 2024 में हार ने उन्हें सोचने पर मजबूर किया। अब वे सोशल मीडिया का सहारा ले रही हैं। एक्स पर उनका पोस्ट लाखों लोगों तक पहुंचा। यह डिजिटल युग की राजनीति का उदाहरण है। कांग्रेस का जवाब क्या होगा। पार्टी ने अभी चुप्पी साधी है लेकिन जल्द बयान आएगा। भाजपा प्रवक्ता भी इसे खारिज करेंगे। सपा ने भी प्रतिक्रिया दी होगी। लेकिन मूल मुद्दा वही है आरक्षण का विस्तार। क्या संसद में संशोधन होगा। क्या ओबीसी को विधानसभा में आरक्षण मिलेगा। ये सवाल 2029 तक गरमाएंगे।

मायावती का यह प्रहार सियासी दलों को आईना दिखाता है। वे कहती हैं कि वोट के लिए बहुजन समाज का इस्तेमाल होता है लेकिन हितों की रक्षा नहीं। दलित महिलाएं देश की आधी आबादी का हिस्सा हैं। शिक्षा रोजगार और राजनीति में उनकी भागीदारी कम है। महिला आरक्षण इसे बदल सकता है लेकिन उपकोटा जरूरी है। इस पूरे घटनाक्रम से साफ है कि महिला आरक्षण मात्र कानून नहीं बल्कि सियासी हथियार बन गया है। मायावती ने इसे बहुजन आंदोलन से जोड़ दिया। उत्तर प्रदेश में जहां 80 लोकसभा सीटें हैं वहां यह बहस चुनावी परिणाम बदल सकती है। बसपा फिर से उभरने की कोशिश में है। क्या वे सफल होंगी समय बताएगा। लेकिन यह बयान निश्चित रूप से राजनीति को नई दिशा देगा।

साहित्य



## नारी शक्ति वंदन

संजय एम तराणेकर

नारी, केवल छाया नहीं तू खुद में उजियारा है,
याचक बनकर चली थी, आज वही सहारा है।

तेरे कदमों की आहट से राहें खुद बन जाती हैं,
जो दीवारें रोकें तुझको वे भी झुकती जाती हैं।

घर-आंगन की मुस्कान तू सपनों की उड़ान है,
तेरे साहस के आगे तो हर मुश्किल आसान है।

अब चुप नहीं रहना ये तेरी आवाज़ पुकार बने,
हर मंच, हर संसद में अब तेरा ही विस्तार बने।

याचक से नायिका बन ये सफर तेरा सच होगा,
नारी शक्ति वंदन से ये हर ख्वाब साकार होगा।

*(संदर्भ - नारी शक्ति वंदन अधिनियम)*



## राशिफल

**मेष:-** नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय की अपेक्षित है।

**वृषभ:-** शासन-सत्ता के लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव।

**मिथुन:-** कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि होगी। घरेलू दायित्वों के प्रति आपकी महत्ता बढ़ेगी।

**कर्क:-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है।

**सिंह:-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी बिचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:-** नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

**तुला:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। दुविधाओं को त्याग कर सही व स्वच्छ योजनाओं पर केन्द्रित हों।

**वृश्चिक:-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे।

**धनु:-** सम्बन्धों में व्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप में नए उत्साह का संचार करेगा।

**मकर:-** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी। कार्य क्षेत्र में सम्बन्धों का भरपूर लाभ मिलेगा।

**कुंभ:-** अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं। कार्य क्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी।

**मीन:-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे।

# अंतरिक्ष में भारत का अगला कदम अब कुछ ही दूर है!

*डॉ. मयंक चतुर्वेदी*

भारत की अंतरिक्ष यात्रा अब एक नए युग में प्रवेश कर रही है, जहां उसके सपने उपग्रह प्रक्षेपण या चंद्रमा-मंगल तक सीमित नहीं रह गए हैं, लक्ष्य है; अंतरिक्ष में अपना स्थायी ठिकाना बनाना। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा प्रस्तावित 'भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन' (बीएएस) इसी महत्वाकांक्षा का प्रतीक है।

भारत की अंतरिक्ष यात्रा अब एक ऐसे निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है, जहां वह उपग्रह प्रक्षेपण और चंद्र मिशनों के आगे मानव अंतरिक्ष अन्वेषण में उड़ान भरने को उद्यत है, इसलिए भारत आज इसके अगले चरण स्वदेशी स्पेस स्टेशन की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स के निदेशक ए. पकीराज के अनुसार, भारत इसके लिए रूस के दशकों पुराने अनुभव का लाभ उठाना चाहता है। विशेष रूप से कंट्रोल सिस्टम, पावर सप्लाई, कम्युनिकेशन और ट्रैकिंग जैसे महत्वपूर्ण सब-सिस्टम में दोनों देशों के बीच सहयोग की व्यापक संभावनाएं हैं। निश्चित ही यह सहयोग विज्ञान में सामरिक और दीर्घकालिक साझेदारी का संकेत भी है।

कोई प्रश्न खड़ा कर सकता है कि रूस का सहयोग ही क्यों लेना? तब इसका सीधा उत्तर यह है कि भारत और रूस के बीच अंतरिक्ष सहयोग का इतिहास अत्यंत समृद्ध और भरोसेमंद रहा है। वर्ष 1975 में भारत का पहला उपग्रह आर्यभट सोवियत संघ की सहायता से ही प्रक्षेपित किया गया था। इसके बाद 1984 में राकेश शर्मा को अंतरिक्ष में भेजने में भी सोवियत संघ (अब रूस) ने अहम भूमिका निभाई थी। यह भारत के अंतरिक्ष इतिहास का गौरवपूर्ण क्षण था। इसके अलावा क्रायोजेनिक इंजन तकनीक के विकास में रूस का सहयोग भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। वर्तमान में चल रहे गगनयान मिशन के तहत भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों (व्योमयानियों) के प्रशिक्षण में भी रूस की भूमिका निर्णायक रही है। यह दीर्घकालिक सहयोग अब इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन परियोजना के माध्यम से एक नए आयाम में प्रवेश कर सकता है। फिलहाल इसरो की योजना के अनुसार, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन वर्ष 2035 तक तैयार हो जाएगा। इसे पृथ्वी से लगभग 450 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थापित किया जाएगा और इसका झुकाव 51.6 डिग्री होगा। यह संरचना काफी हद तक रूस के प्रस्तावित रशियन ऑर्बिटल स्टेशन (आरओएस) के समान होगी। क्योंकि इस ऊंचाई और झुकाव का चयन वैज्ञानिक अनुसंधान, पृथ्वी अवलोकन और अंतरिक्ष प्रयोगों के लिए उपयुक्त माना जाता है।

यहां सबसे अधिक इस सफलता के साथ जुड़ी अच्छी बात यह है कि 'भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन' का निर्माण भारत को उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में खड़ा करेगा, जिनके पास अपना स्वतंत्र मानवयुक्त अंतरिक्ष स्टेशन हैं। वर्तमान में चीन के पास ही सक्रिय मानवयुक्त स्पेस स्टेशन है, जबकि इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन को 2030-31 तक डीकमीशन किए जाने की योजना है। ऐसे में वैश्विक स्तर पर नए स्पेस स्टेशनों की आवश्यकता और सहयोग के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं।

यहां उल्लेखित यह भी है कि इसरो का गगनयान मिशन भारत की पहली मानव अंतरिक्ष उड़ान परियोजना है, जिसके तहत भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजा जाएगा। इस मिशन के सफल होने के बाद 'भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन' परियोजना को और गति मिलेगी। गगनयान, 'भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन' के लिए एक आधार तैयार करेगा, जहां भारत मानव जीवन समर्थन प्रणाली, अंतरिक्ष में दीर्घकालिक निवास और वैज्ञानिक प्रयोगों का अनुभव प्राप्त करेगा।

वर्तमान समय में निश्चित ही यह हर भारतीय के लिए गौरव की बात है कि भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों ने वैश्विक स्तर पर अपनी विश्वसनीयता सिद्ध की है। चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक सफलता ने भारत को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश बना दिया। इससे पहले मंगलयान ने भारत को मंगल ग्रह की कक्षा में पहली ही कोशिश में पहुंचने वाला पहला देश बना दिया था।

वस्तुतः इन मिशनों ने न सिर्फ भारत की वैज्ञानिक क्षमता को प्रदर्शित किया, बल्कि कम लागत में उच्च गुणवत्ता वाले अंतरिक्ष कार्यक्रमों का एक वैश्विक मॉडल भी प्रस्तुत किया। यही दक्षता 'भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन' परियोजना में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यहां इसकी चर्चा भी आवश्यक है क इसरो ने अपने प्रक्षेपण यानों के क्षेत्र में भी व्यापक प्रगति की है। जीएसएलवी एमके III (अब एलवीएम3) भारत का सबसे शक्तिशाली प्रक्षेपण यान है, जिसका उपयोग गगनयान मिशन में किया जाएगा।

इसके अलावा पीएसएलवी (पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल) ने विश्वसनीयता का एक नया मानक स्थापित किया है और यह विदेशी उपग्रहों के प्रक्षेपण के लिए भी एक प्रमुख माध्यम बन चुका है। इतना ही नहीं भारत अब निजी क्षेत्र को भी अंतरिक्ष क्षेत्र में शामिल कर रहा है, जिससे नवाचार और रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। इन-स्पेस और एनएसआईएल जैसे संस्थानों के माध्यम से स्टार्टअप्स और निजी कंपनियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

ऐसे में स्वभाविक है कि इसरो की उपलब्धियां देश के युवाओं में विज्ञान और तकनीक के प्रति गहरी रुचि पैदा कर रही हैं। चंद्रयान और मंगलयान जैसी सफलताओं ने यह सिद्ध किया है कि सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। अब 'भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन' परियोजना भी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। उन्हें अंतरिक्ष विज्ञान, रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एयरोस्पेस इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए प्रेरित करेगी।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# पेड़ों की अवैध कटान कर बेचने का लगाया आरोप

**हैदरगढ़,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

नगर पंचायत सुबेहा के सराय राजघाट स्थित अंबेडकर पार्क की सरकारी जमीन पर लगे पेड़ों की अवैध कटान और बिक्री का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि बिना नीलामी और कानूनी प्रक्रिया अपनाए पेड़ों को काटकर बेच दिया गया। गौरतलब है कि यह जमीन हाल ही में राजस्व प्रशासन द्वारा अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई थी, लेकिन संरक्षण के बजाय यहां पेड़ों की कटान कर दी गई। स्थानीय वार्ड निवासी शान मोहम्मद ने आरोप लगाया कि पार्क में करीब 50 से अधिक पुराने आम, नीम, शीशम और गूलर के पेड़ मौजूद थे, जिन्हें बिना अनुमति के काटकर बेच दिया गया। उन्होंने इसे सरकारी संपत्ति का दुरुपयोग बताते हुए जिम्मेदारों पर



**अंबेडकर पार्क की सरकारी जमीन पर पेड़ों की अवैध कटान का मामला**

कार्रवाई की मांग की है। शान मोहम्मद के अनुसार, इससे पहले भी खलिहान की जमीन पर इसी तरह पेड़ों की कटान का मामला सामने आया था, लेकिन उस समय कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि इस मामले की मौखिक शिकायत वन विभाग और राजस्व विभाग के उच्च अधिकारियों से की गई है, जिन्होंने जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया है। जल्द ही इस संबंध में लिखित शिकायत भी दी जाएगी। वहीं जब नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी (ईओ) से इस संबंध में जानकारी ली गई, तो उन्होंने स्पष्ट जवाब नहीं दिया। पेड़ों की कटान के आदेश और उच्च अधिकारियों की अनुमति के सवाल पर ईओ ने कहा कि पेड़ नगर पंचायत की सरकारी भूमि पर थे और इसके लिए किसी विशेष अनुमति की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि काटी गई लकड़ी को नगर पंचायत कार्यालय में रखवाया गया है।

इस मामले में वन दरोगा अनुज सिंह ने बताया कि पेड़ों की कटान के लिए कोई अनुमति नहीं ली गई थी। उन्होंने कहा कि पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है और रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि बिना अनुमति और नीलामी के पेड़ों की कटान करने वालों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो ऐसे मामलों को बढ़ावा मिलेगा और सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े होंगे।

## बिना फार्मर रजिस्ट्री पंजीकरण के नहीं मिलेगा योजनाओं का लाभ

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि किसान पहचान पत्र (फार्मर रजिस्ट्री) बनाए जाने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य किसानों को विभिन्न योजनाओं से सीधे जोड़ना तथा पारदर्शी लाभ वितरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि किसानों को दी जाने वाली प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ अब फार्मर रजिस्ट्री के आधार पर ही प्रदान किया जाएगा। इसके तहत किसानों की पहचान, उनकी भूमि, फसल एवं अन्य विवरणों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में कृषि विभाग द्वारा उर्वरक, बीज, कीटनाशक एवं अन्य कृषि इनपुट के वितरण में भी किसान पहचान पत्र का उपयोग किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त न्यूनतम समर्थन मूल्य पर होने वाली फसल खरीद में भी बिना फार्मर रजिस्ट्री के खरीद नहीं की जाएगी।

# पुलिस ने महिला का गायब बैग किया बरामद

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

मिशन शक्ति टीम थाना बड्डूपुर द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए महिला यात्री का छूटा हुआ बैग सकुशल बरामद कर महिला को किया गया। थाना बड्डूपुर पर ग्राम बांका नगर, थाना महमूदाबाद, जनपद सीतापुर निवासिनी एक महिला द्वारा सूचना दी गई कि टेढ़ी पुलिया, लखनऊ से महमूदाबाद जाते समय ऑटो में उनका बैग किसी अन्य महिला यात्री से गलती से बदल गया है।

उक्त सूचना पर मिशन शक्ति टीम थाना बड्डूपुर द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए अथक प्रयासों से दूसरी महिला यात्री से संपर्क कर बैग सकुशल वापस कराया। दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से मामले का निस्तारण किया और बैग सुरक्षित



पाकर प्रार्थिनी ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। उक्त सराहनीय कार्य में प्रभारी निरीक्षक बड्डूपुर मनोज कुमार सोनकर व मिशन शक्ति टीम प्रभारी/वरिष्ठ उपनिरीक्षक योगेंद्र मिश्रा, हे.का. धर्मराज यादव, का0 आशीष यादव एवं म0का0 अनुराधा बाजपेई का विशेष योगदान रहा। बाराबंकी पुलिस की इस संवेदनशीलता और त्वरित कार्यवाही की परिजनों व आमजन मानस द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

# खाता बंद करने में गड़बड़ी का आरोप बैंक कर्मियों पर कार्रवाई की मांग

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील क्षेत्र के एक युवक ने बैंक कर्मचारियों पर खाता बंद करने के दौरान गंभीर लापरवाही और गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के अनुसार उसके बाबा स्व. रामखेलावन तिवारी का खाता वर्ष 2009 में बैंक ऑफ इंडिया की धरौली शाखा में खोला गया था। वर्ष 2018 में उनके निधन के बाद खाता निस्तारण की प्रक्रिया शुरू की गई।

पीड़ित ने बताया कि 14 दिसंबर 2020 को लोक अदालत में समझौते के तहत सात हजार रुपये जमा कर खाता बंद कराया गया था, जिसकी रसीद भी उसके पास मौजूद है। इसके बावजूद 14 मार्च 2026 को उसे पुनः लोक अदालत से नोटिस मिला। जब वह निर्धारित तिथि पर पहुंचा तो उससे दोबारा रुपये जमा करने की बात कही गई। आरोप है कि 24 मार्च 2026 को बैंक पहुंचने पर कर्मचारियों ने बताया कि जमा धनराशि किसी अन्य खाते में ट्रांसफर कर खाता बंद कर दिया गया है। जांच में पाया गया कि रकम दूसरे व्यक्ति के खाते में जमा कर दी गई, जिससे पूरा मामला संदिग्ध हो गया है।

पीड़ित का कहना है कि उसके पास सभी दस्तावेज और प्रमाण मौजूद हैं, जो बैंक की लापरवाही को दर्शाते हैं। उसने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# सरकारी ट्यूबवेल की अधूरी पाइपलाइन से किसान परेशान

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक बनीकोडर के वजीउद्दीनपुर गांव में स्थापित सरकारी ट्यूबवेल किसानों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है।

अधिकारियों की लापरवाही के चलते दर्जनों किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे उन्हें मजबूरन निजी नलकूपों का सहारा लेना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह सरकारी ट्यूबवेल लगभग तीन-चार वर्ष पूर्व लगाया गया था। नियमानुसार इसके साथ चारों दिशाओं में पाइपलाइन बिछाई जानी थी, लेकिन विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार की मिलीभगत से केवल तीन दिशाओं में ही पाइपलाइन डाली गई। पूर्व दिशा में पाइपलाइन न होने के कारण सैकड़ों बीघा भूमि आज भी असिंचित पड़ी



हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पूर्व दिशा में जानकी प्रसाद या मान बहादुर के खेत तक पाइपलाइन डाल दी जाए, तो कई किसानों को सिंचाई का लाभ मिल सकता है। इस संबंध में ग्रामीणों ने कई बार तहसील दिवस और उच्च अधिकारियों को शिकायत पत्र दिए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। हाल ही में तहसील

**पूर्व दिशा में पाइपलाइन न होने के कारण सैकड़ों बीघा भूमि आज भी असिंचित पड़ी**

दिवस में जिलाधिकारी को पुनः शिकायत दी गई थी, जिस पर उन्होंने अधिशासी अधिकारी को मौके पर जांच करने के निर्देश दिए थे। बावजूद इसके, अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे, जिसे ग्रामीण जिलाधिकारी के आदेशों की अवहेलना मान रहे हैं।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि नलकूप विभाग उच्च अधिकारियों और विभागीय मंत्री को भी भ्रामक रिपोर्ट भेजकर गुमराह कर रहा है। अब ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द अधूरी पाइपलाइन का कार्य पूरा कराया जाए, ताकि किसानों को सरकारी सुविधा का लाभ मिल सके।

# जनगणना 2027 को लेकर प्रशिक्षण शुरू, अव्यवस्था पर उठाए सवाल

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में गुरुवार को तहसील क्षेत्र में अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जनगणना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ उपजिलाधिकारी एवं तहसील जनगणना अधिकारी अनुराग सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके माध्यम से प्राप्त आंकड़े ही विकास कार्यों की प्राथमिकताओं को निर्धारित करते हैं, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। प्रशिक्षण सत्र के दौरान कर्मियों को जनगणना की प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई। प्रपत्रों को सही तरीके से भरने, घर-घर जाकर सूचनाएं एकत्र करने तथा डिजिटल माध्यम से डेटा अपलोड करने की प्रक्रिया पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पारदर्शी और त्रुटिरहित आंकड़े ही जनगणना की सफलता की कुंजी हैं। इस दौरान तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय, नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी एवं सुधाकर पाण्डेय सहित राजस्व विभाग के कई कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही विभिन्न विकासखंडों के शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भी प्रशिक्षण में भाग लिया।

## भीषण सड़क हादसे में दो की मौत, दो की हालत गंभीर

**सलोन, रायबरेली समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली प्रतापगढ़ राजमार्ग पर हुए भीषण सड़क हादसे में दो बाइक सवार युवकों की दर्दनाक मौत हो गई।जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया।घटना सलोन कोतवाली क्षेत्र के बाईपास उसरी के पास की है।जानकारी के मुताबिक अंकित कुमार 23 पुत्र नन्हे निवासी जमुर्वाखुर्द गढ़ी अपने साथी अंकित निवासी दरसवां के साथ बाइक से जा रहे थे।इसी दौरान अभिराज शर्मा 18 पुत्र सुरेश शहबाजपुर अपने साथी अनिकेत 23 पुत्र विजयनाथ अतागंज उसरी की बाइक से टक्कर हो गई।हादसे में अंकित पुत्र नन्हे व अभिराज की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई।जबकि अनिकेत और अंकित गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा कि बाइक के सामने अचानक आए आवारा सांड से टकराकर दोनों बाइक सवारों में टक्कर हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वही दोनों शवों को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज कर जांच शुरू कर दिया।

## खबरें एक नजर में

### अमावस्या के दिन खूब बंटी पूड़ी सब्जी



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** श्री नारायणी नमो नमो हैदरगढ के तत्वावधान मे अमावस्या के दिन पूड़ी सब्जीका प्रसाद वितरण श्री दादी जी की आरती के बाद संजीव गोयल जी के प्रतिष्ठान पर हुआ। इस अवसर पर राजकुमार झुनझुनवाला, राजेंद्र झुनझुनवाला,शक्ति सिंह,शिव ओम अग्रवाल,रविंद्र झुनझुनवाला,उदय नारायण अग्रवाल, हैप्पी अग्रवाल,शैलेंद्र सिंघल, सियाराम अग्रवाल,अनुजा गर्ग,रामकुमार मिश्रा, राम प्रकाश वैश्य,शांतम अग्रवाल, जितेंद्र सिंघल, अंशुमान झुनझुनवाला, शिव अग्रवाल ,राम प्रकाश वैश्य,संतोष झुनझुनवाला, रमेश अग्रवाल, शिव कुमार चतुर्वेदी, रमेश शुक्ला, दिनेश शुक्ला,शिव बहादुर सिंह, एवं अन्य दादी भक्त उपस्थित थे।

### बुलेट और ट्रक की टक्कर में तीन गंभीर घायल



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र अमेठी के ताला खजुरी स्थित केंद्रीय विद्यालय के पास तेज रफ्तार के चलते बुलेट मोटरसाइकिल और ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली अमेठी प्रभारी रवि सिंह डायल 112 टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए ट्रक को कब्जे में लेकर कोतवाली भिजवा दिया। इसी दौरान पुलिस लाइन में तैनात एक सिपाही, जो गौरीगंज जा रहा था, मानवता का परिचय देते हुए मौके पर रुका और घायलों की सहायता में जुट गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को निजी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए घायलों को एम्स रायबरेली रेफर कर दिया। घायलों की पहचान विकास सिंह निवासी टीकर माफी, शशांक प्रताप सिंह निवासी बघौरा तथा पवन यादव उर्फ गोलू निवासी भागलपुर, थाना संग्रामपुर के रूप में हुई है। दुर्घटनाग्रस्त बुलेट मोटरसाइकिल बताया गया है। पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### रिजर्व पुलिस लाइन में एसपी ने ली परेड की सलामी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में शुक्रवार परेड की सलामी ली तथा परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में उपस्थित पुलिसकर्मियों से अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाया गया। परेड में पुलिस लाइन, पुलिस कार्यालय व जनपद के विभिन्न थानों व शाखाओं के अधिकारी कर्मचारीगण सम्मिलित हुये। निरीक्षण के पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं अच्छी वर्दी धारण करने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन का मुआयना करते हुए बैरक, शस्त्रागार, मेस, बैरिक, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा, आदि क निरीक्षण किया गया तथा 112-पीआरवी व थानों के वाहनों में आवश्यक भीड़ व दंगा नियंत्रण उपकरणों को चेक कर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके उपरान्त पुलिस लाइन में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक कर अद्यावधिक रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स श्वेताभ भास्कर, क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# अनियंत्रित निजी बस ने महिला को कुचला, दर्दनाक मौत

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** लापरवाही से बस चल रहे एक निजी बस चालक ने अधेड़ महिला को कुचल दिया जिससे मौके पर ही महिला की दर्दनाक मौत हो गई वहीं घटना के बाद चालक बस बहाई चौकी क्षेत्र के एक ढाबे पर छोड़कर फरार हो गया घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची डलमऊ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया

शुक्रवार को डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के कनहा गांव के पास लापरवाही से बस चला रहे चालक ने लालगंज कोतवाली क्षेत्र के हसनपुर गांव निवासी बकरीदन बानो पत्नी मासूक अली उम्र लगभग 60 वर्ष को कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई परिजनों ने बताया कि मृतका अपनी बीमार पुत्री शबनम बानो पत्नी मोहम्मद जमील निवासी बलभद्रपुर को देखने उसके घर आई थी वहां से वापस घर जाने के लिए वह कनहा चौराहे के पास साधन का इंतजार कर रही थी तभी उधर से गुजर रही श्रीपति ट्रेवल्स की एक निजी बस ने जोरदार टक्कर मारते हुए उसे कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं घटना के बाद चालक बस लेकर मौके से भाग निकाला और बहाई चौकी क्षेत्र के एक ढाबे पर बस छोड़कर फरार हो गया फिलहाल डलमऊ पुलिस ने बस को अपने कब्जे में ले लिया है घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची डलमऊ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया डलमऊ कोतवाली प्रभारी राघवन सिंह ने बताया कि बस चालक मौके से फरार हो गया है मृतका के पति द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया है प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक ऐतिहासिक कदम

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर तहसील गौरीगंज में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिष्ठित महिलाओं ने प्रतिभाग किया और अधिनियम के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि इस अधिनियम को देश में लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं परिवर्तनकारी कदम है। इस अवसर पर एसडीएम गौरीगंज प्रीति तिवारी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सशक्त भागीदारी प्रदान करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। बाल कल्याण समिति की सदस्य



नीरज पांडे एवं रीता सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि यह अधिनियम केवल राजनीतिक प्रतिनिधित्व बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में महिलाओं के प्रति सोच और दृष्टिकोण को भी सकारात्मक रूप से परिवर्तित करेगा। चाइल्ड हेल्पलाइन की कोऑर्डिनेटर रुचि सिंह ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से नीति निर्माण में संवेदनशीलता आएगी, जिससे महिलाओं और बच्चों से जुड़े मुद्दों को बेहतर ढंग से समझा और हल किया जा सकेगा। अधिवक्ता मीनाक्षी मिश्रा एवं मालती जायसवाल ने अधिनियम के कानूनी पक्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कानून महिलाओं को संवैधानिक अधिकारों के तहत मजबूत आधार प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं को न्याय और समानता के अधिकारों को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने का अवसर मिलेगा। इस अधिनियम में सभी वर्गों की महिलाओं को समान अवसर मिलेगा। महिला चिकित्सक डॉ. काजल ने कहा कि इस अधिनियम से महिलाओं को समाज में सम्मान और पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं निर्णय लेने वाले पदों पर पहुंचेंगी, तो स्वास्थ्य, पोषण और महिला कल्याण से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता मिलेगी।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सूचनाकर्ता के आधार कार्ड नंबर ××××××××9508 एवं बैंक खाते में गुटटन कुमार पुत्र श्री सर्वजीत निवासी ग्राम इंदरपुर परगना दरियाबाद, तहसील रामसनेहीघाट, जिला बाराबंकी अंकित है जबकि भारतीय जीवन बीमा की पॉलिसी संख्या 214390369 में नाम विक्रमादित्य पुत्र सर्वजीत निवासी उपरोक्त अंकित है। उपरोक्त दोनो नाम सूचनाकर्ता के ही हैं, और इन दोनों नामों से सूचनाकर्ता जाना व पहचाना जाता है।

**सूचनाकर्ता**
**गुटटन कुमार उर्फ विक्रमादित्य पुत्र श्री सर्वजीत निवासी ग्राम इंदरपुर परगना दरियाबाद, तहसील रामसनेहीघाट, जिला बाराबंकी।**

# पटान आदि कार्यों में सचिव द्वारा निकाला जा रहा है फर्जी भुगतान

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड बिसंवा में तैनात सचिव अभय प्रताप वर्मा के द्वारा अपनी ग्राम पंचायत कोटरा मैं फर्जी भुगतान लगाने का कार्य कर रहे हैं सचिव के द्वारा मिट्टी पटान जैसे कार्यों में फर्जी भुगतान लगाया जा रहा है मिट्टी पटान में लाखों भुगतान लाखों का भुगतान लगाया गया है।

जबकि मिट्टी पटान के लिए सरकार और प्रशासन के द्वारा मनरेगा योजना के तहत कार्य करने का प्रक्रिया है परंतु सचिव और प्रधान की मिली भगत से मिट्टी पटान में एक लाख से अधिक का भुगतान लगाया गया है और आपस में बंटर बांट किया गया है सचिव के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025 26 और 24 2025 के 15वें व 5वें वित्त से भुगतान कर रहे हैं सचिव अभय प्रताप वर्मा के द्वारा मिट्टी पटान कार्य में निकल गया भुगतान में जो जियो टैग किया गया है

उसे जियो टैग में कार्य की फोटो ना अपलोड करते चद्दर या अन्य फोटो अपलोड की जा रही है जिससे स्पष्ट हो रहा है की सचिव अभय प्रताप वर्मा के द्वारा मिट्टी पठान कार्य का फर्जी भुगतान लगाया गया है जबकि एक ही कार्य में ऐसा कार्य नहीं किया जा रहा है कि जिओ टाइप

**इस संदर्भ में संबंधित सचिव अभय प्रताप वर्मा से बातचीत करने का प्रयास किया गया तो उनकी फोन की घंटियां बजती रही फोन उठाना उचित नहीं समझ गया।**

की जगह कोई फर्जी फोटो अपलोड की जाए जो इस मामले पर विकासखंड के अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो हकीकत कुछ और दिखेगी क्या इस मामले पर निष्पक्ष जांच होकर सचिव और प्रधान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होती है या नहीं या नोटिस देकर सिर्फ फाइल दबाने का कार्य किया जाएगा।

# ट्रेन की चपेट में आने से मां-बेटी की मौत, बेटा नाजुक

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक हृदयविदारक हादसा सामने आई है। शुकुल बाजार रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन की चपेट में आने से मां और बेटी की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि नाबालिग बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तीनों अचानक ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे मौके पर ही मां-बेटी की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। घायल बच्चे



को पुलिस की मदद से तत्काल सीएचसी जगदीशपुर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। फिलहाल अभी तक तीनों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस पहचान कराने में जुटी जिससे परिजनों को सूचित किया जा सके।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे नाबालिक पुत्र का पहले नाम रीदोय भारद्वाज (Reedoy bhardwaj) था। मैंने अपने पुत्र का नाम बदलकर वेद सोनी (ved soni)रख लिया है। अब भविष्य मे मेरे पुत्र को नये नाम से जाना व पहचान जाये तथा अन्य अभिलेखों मे मेरे पुत्र का नया नाम दर्ज हो। प्रार्थी शोभित कुमार पुत्र स्वर्गीय कैलाश नाथ सोनी निवासी मोहल्ला बक्सी पुरा शहर व जिला बहराइच वर्तमान पता मोहल्ला गुडडी थाना कोतवाली नगर शहर व जिला बहराइच।

# रामनगर पीजी कालेज की चली आ रही खींचतान, प्रभावित हो रही शिक्षा

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

रामनगर पी जी कॉलेज रामनगर में विगत के दस वर्षों के अधिक समय से आपसी खींचतान और अराजकता को बढ़ावा देने वाले इक्का दुक्का प्राध्यापको के चलते क्षेत्र के महत्व पूर्ण शिक्षा के मंदिर की गुणवत्ता निरन्तर प्रभावित हो रही थी।लेकिन हिंदी विभाग के प्र. ए. प्रो.श्री वर्मा को अपहरण जैसे गंभीर मामले में देर से ही सही प्रथम दृष्ट्या दोषी पाये जाने और तथ्यों को छिपाकर पद हासिल कर लेने के आरोप पर प्रबंध समिति ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। मालूम हो कि तहसील क्षेत्र के इकलौते पूज्य शिक्षा के मंदिर में हिन्दी विभाग के प्रभारी डॉ. वर्मा पर आरोप था कि उन्होंने तथ्यों को छिपाकर




नौकरी हासिल की और पदोन्नति भी प्राप्त कर ली। जिनके विरुद्ध शिकायतों को गंभीरता से लेते हुये जिलाधिकारी ने तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया था। विस्तृत जांच के बाद आई जांच आख्या में स्पष्ट है कि दर्ज मुकदमों की जानकारी छिपाते हुये आपने सेवा ग्रहण कर पदोन्नति भी प्राप्त की जो कि नियमों का गंभीर उल्लंघन है।जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रबंध समिति अध्यक्ष / जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के

**वर्तमान समय में अनुसूचित जाति का फायदा उठाते हुए महाविद्यालय के स्टाफ रूम पर जमाये हुये है कब्जा**

अनुमोदन पर डॉ. वर्मा को प्रथम दृष्ट्या दोषी मानते हुये निलंबित कर दिया गया है।

उन्हें जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय बाराबंकी से समबद्ध कर दिया गया है। विभागीय जांच के लिए जांच अधिकारी को नियुक्त किया गया है। बताते चले कि श्री वर्मा के ऊपर नौकरी से पूर्व अपहरण का मुकदमा दर्ज था और कोर्ट ने उन्हें भगोड़ा भी घोषित किया था। जिसे छिपाकर एवं कोर्ट से अग्रिम जमानत कराकर श्री वर्मा रामनगर पीजी कॉलेज हिंदी विभाग में कई वर्षों से नौकरी कर रहे थे। वर्तमान समय में अनुसूचित जाति का फायदा उठाते हुए महाविद्यालय के स्टाफ रूम पर पूरा कब्जा भी जमाये हुये है। इनके द्वारा गुटबाजी और राजनीतिक अखाड़े बाजी के तहत दलित उत्पीड़न का मामला भी शिक्षकों के ऊपर दर्ज कराया गया था जिस पर माननीय उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी थी। इस सम्बन्ध में प्राचार्य डा. कौशलेन्द्र विक्रम मिश्र से जानकारी चाही गयी तो आपका कहना था कि श्री वर्मा को प्रबन्ध समिति की ओर से निलम्बित कर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से सम्बद्ध किया गया है।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन पर ब्लैक बेल्ट देकर किया सम्मानित

**कु. मुस्कान सिंह को क्रीड़ाधिकारी संजीव कुमार सिंह, ताइक्वाण्डों प्रशिक्षक सुरेन्द्र ने दी शुभकामनाएं**

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में कु. मुस्कान सिंह को राष्ट्रीय ताइक्वाण्डों खिलाड़ी को ब्लैक बेल्ट की उपाधि मिलने पर एवं राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगितो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रमाण पत्र एवं ब्लैक बेल्ट देकर सम्मानित किया एवं अगामी प्रतियोगिता हेतु स्वर्ण पदक लाने हेतु प्रेरित किया। कु. मुस्कान सिंह को इस उपलब्धि पर क्रीड़ाधिकारी संजीव कुमार सिंह ताइक्वाण्डों प्रशिक्षक सुरेन्द्र शुभकामनाएं दी। 65 वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स 2019 राजस्थान-प्रतिभाग, 66 वीं




माध्यमिक प्रदेशीय स्तरीय प्रतियोगिता सितम्बर 2022 आगरा-स्वर्ण पदक 66 राष्ट्रीय स्कूल गेम्स 2022 के लिये चयनित, उप्र राज्य स्तरीय ताइक्वाण्डों प्रतियोगिता कानपुर 2024-स्वर्ण पदक, 69वीं माध्यमिक प्रदेशीय विद्यालयी ताइक्वाण्डों प्रतियोगिता-2025 मिर्जापुर रजत पदक तथा 7वीं ओपेन राष्ट्रीय ताइक्वाण्डों प्रतियोगिता 2025 लखनऊ-उप्र कास्य पदक हासिल किया।

## बेदखली सूचना

मैंने अपनी लड़की श्यामा पुत्री राम खेलावन की 8-10 वर्ष पूर्व शादी कर दिया था, जो विवाह के कुछ ही साल बाद विवाह विच्छेद कर मायका में आ गई और 4 साल से मेरे पास रहती है, किंतु उसके आचरण- व्यवहार ठीक न होने और लड़ाई-झगड़ा करने के कारण उससे अपने सारे संबंध खत्म करते हुए उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। आज से उससे मेरा कोई वास्ता वो सरोकार नहीं है। उसके किसी भी कृत्य की वह स्वयं जिम्मेदार होगी।

**सूचनार्थिनी**
**देवकली पत्नी राम खेलावन निवासी ग्राम-ज्ञानचंद्रपुर, माजरा-महसौ, रगना/ तहसील/ जनपद-अमेठी।**

# बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का जोरदार स्वागत

**नवनिर्वाचित टीम में अनुभवी और युवा अधिवक्ताओं का सुंदर मिश्रण: ओमकार शाक्य**



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के मान पैलेस में आयोजित भव्य कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य एवं उनके प्रतिनिधि ओमकार शाक्य ने बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का जोरदार स्वागत किया। पदाधिकारियों को अंगवस्त्र पहनाकर और माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने कहा बार एसोसिएशन न्याय व्यवस्था का महत्वपूर्ण स्तंभ है। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए मैं विश्वास दिलाती हूं कि अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान और न्यायिक प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। ओमकार शाक्य ने कहा नवनिर्वाचित टीम में अनुभवी और युवा अधिवक्ताओं का सुंदर मिश्रण है। यह टीम बार एसोसिएशन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। स्थानीय मुद्दों जैसे सड़क, पुलिया और बुनियादी सुविधाओं पर बार एसोसिएशन की मांगों को हम प्राथमिकता देंगे। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव 'जीतू' ने आभार व्यक्त करते हुए कहा प्रिया शाक्य और ओमकार शाक्य के हार्दिक स्वागत से हम अभिभूत हैं। उनका यह सम्मान हमें नई ऊर्जा देता है। हम बार एसोसिएशन को और मजबूत बनाते हुए छिबरामऊ के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएंगे और अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा करेंगे। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के महासचिव पंकज मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव कुमार दुबे, उपाध्यक्ष (प्रथम) दिनेश चन्द्र यादव, विनीत त्रिपाठी, उपाध्यक्ष (द्वितीय) गुलाम हुसैन खाँ, गौरव चतुर्वेदी, संयुक्त सचिव (प्रसारण) अमित राजपूत, संयुक्त सचिव (पुस्तकालय) अजय कुमार सक्सेना, वरिष्ठ प्रशासनिक सदस्य आदित्य कुमार त्रिपाठी, अभिरूप सिंह दीक्षित, अमित कुमार दुबे, संदीप सिंह चौहान, कनिष्ठ प्रशासनिक सदस्य अवनीश वर्मा, ललित दुबे, सुखेन्द्र सिंह, वेदराम सहित कई अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### तहसील से कैरदा रोड के चौड़ीकरण की मांग

छिबरामऊ। बार एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव 'जीतू' ने जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य को ज्ञापन सौंपकर तहसील से कैरदा रोड तक चौड़ीकरण और बीच में पुलिया निर्माण की मांग की। इस मार्ग पर वर्ष भर रहने वाले जलभराव से लोगों को भारी परेशानी होती है। इस पर प्रिया शाक्य ने आश्वासन दिया कि नए वित्तीय वर्ष में कार्य योजना बनाकर पुलिया निर्माण के साथ सड़क का चौड़ीकरण शीघ्र कराया जाएगा।

# गौ सम्मान आवाहन अभियान का अनोखा प्रचार

**पांडा कॉस्ट्यूम बना आकर्षण का केंद्र**



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

गौ सम्मान आवाहन अभियान के प्रचार-प्रसार का एक अनोखा और आकर्षक दृश्य देखने को मिला, जिसने स्थानीय लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। इस अभियान को रोचक और जन-जन तक पहुंचाने के लिए रॉयल फन एंड फूड काउंटर की ओर से पांडा कॉस्ट्यूम का सहारा लिया गया।

पांडा वेशभूषा के द्वारा लोगों के बीच गौ सम्मान से जुड़े संदेशों का प्रसार किया गया तथा पत्रक वितरित कर जागरूकता फैलाई गई। इस अनूठे प्रयास के माध्यम से बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी वर्ग के लोग अभियान से जुड़ते नजर आए। यह कार्यक्रम रॉयल फन एंड फूड काउंटर के प्रो. गौ सेवक कृष्णा पांडेय एवं अंशुल राठौर के नेतृत्व में संचालित किया गया, जिनके प्रयासों से अभियान को एक नई पहचान मिली। वहीं, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना गौ रक्षा प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक गौ सेवक रंजीत पांडेय की उपस्थिति काफी प्रभावशाली रही।

अभियान के दौरान लोगों को 27 अप्रैल 2026 को गौ सम्मान दिवस के रूप में मनाने का संदेश दिया गया तथा गौ संरक्षण और सम्मान के प्रति जागरूक किया गया। वहीं सभी से अभियान से जुड़ने लिए 9067777323 पर मिस कॉल करने का भी अनुरोध किया गया। इस मौके पर जितेंद्र शर्मा, रामदास यादव, राहुल कमल, नीलू गिहार, महेश गिहार आदि बड़े बुजुर्ग से लेकर बच्चे तक मौके पर उपस्थित रहे।

# नारी सशक्तिकरण पर नुक्कड़ नाटक से बच्चों ने किया जागरूक

**वीरेंद्र पब्लिक स्कूल ने किया आयोजन**



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

वीरेंद्र पब्लिक स्कूल के बच्चों ने नारी सशक्तिकरण पर प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करके समाज में महिलाओं के अधिकारों व सम्मान के प्रति जागरूक किया। नाटक के माध्यम से छात्रों ने दिखाया कि किस प्रकार आज भी समाज में महिलाओं को कई प्रकार की समस्याओं और भेदभाव का सामना करना पड़ता है। बाल विवाह, शिक्षा से वंचित करना, घरेलू हिंसा और लैंगिक असमानता जैसे मुद्दों को बेहद सशक्त ढंग से प्रस्तुत किया गया। बच्चों के अभिनय ने उपस्थित दर्शकों को भावुक कर दिया और उन्हें सोचने पर मजबूर किया कि नारी का सम्मान और सशक्तिकरण समाज की प्रगति के लिए कितना आवश्यक है। नाटक में यह संदेश दिया गया कि यदि महिलाओं को समान अवसर और अधिकार मिलें, तो वे हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकती हैं। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों ने बच्चों के प्रयास की सराहना की और सभी से आह्वान किया कि वे नारी सम्मान को बढ़ावा देने में अपना योगदान दें।

नुक्कड़ नाटक में टीम लीडर प्रियंका माथुर, दिव्यांशु यादव, रवि शुक्ला एवं वंदना शर्मा के साथ सिद्धि, यशिका दुबे, रोली, अन्वी, पलक, ओजस्वी, शोभा, अंशिका दुबे, वंशिका भारद्वाज, परी, कनक शुक्ला, सिद्धि शुक्ला, सृष्टि दीक्षित, नव्या, अथर्व, प्रांजल, ऋषभ यादव, सिद्धांत, बीतु व अंशदीप ने प्रतिभाग किया।

## सेंट मारिया पब्लिक स्कूल में छात्राओं ने लहराया परचम

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** फर्रूखाबाद रोड स्थित सेंट मारिया पब्लिक स्कूल में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) 10वीं की परीक्षा में छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर परचम फहरा दिया। परीक्षा परिणाम के अनुसार 95 प्रतिशत अंक पाकर दीक्षा राजपूत टॉपर रहीं। इसके अलावा प्रियांशी गुप्ता ने 93, तनिष्का यादव ने 90, नव्या गुप्ता ने 85, वर्तिका मिश्रा ने 83 तथा आकांक्षा चौहान ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए डायरेक्टर वीसी अवस्थी ने कहा आज सेंट मारिया पब्लिक स्कूल के लिए गर्व का क्षण है। हमारी छात्राओं ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से उत्कृष्ट परिणाम हासिल कर न केवल स्कूल का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे छिबरामऊ क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।



दीक्षा राजपूत समेत सभी मेधावी छात्र छात्राओं को हार्दिक बधाई। उन्होंने कहा यह सफलता साबित करती है कि लगन और समर्पण से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। हम स्कूल परिवार के रूप में निरंतर बेहतर शिक्षा, आधुनिक सुविधाएं और सर्वांगीण विकास पर जोर देते रहेंगे ताकि भविष्य में और अधिक छात्र-छात्राएं देश के शीर्ष संस्थानों में जगह बना सकें। अभिभावकों का भी आभार जिन्होंने बच्चों को निरंतर प्रोत्साहित किया। आइए, हम सब मिलकर इन युवा प्रतिभाओं को डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक या समाजसेवी बनाने में अपना योगदान दें। ईश्वर इनके उज्वल भविष्य को और चमकाए।

दीक्षा राजपूत बनीं टॉपर

# नारी शक्ति महिला सम्मान और सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल

**नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय, अनौगी में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रचार- प्रसार और जागरूकता को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्र- छात्राओं और समाज में महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हेमेंद्र सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम के व्यापक प्रचार के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में महाविद्यालय में 11 अप्रैल से विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पीजी कोर्स प्रभारी डॉ. शिप्रा वर्मा, मिशन शक्ति प्रभारी डॉ. डिंपल कुशवाहा तथा कार्यालय प्रभारी डॉर्फी सक्सेना के निर्देशन में नारी शक्ति पदयात्रा, मानव श्रृंखला, नारी शक्ति दीवार, मिस्ड कॉल अभियान और स्टीकर अभियान जैसे कार्यक्रम संपन्न हुए। चीफ प्रॉक्टर डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि नारी वंदन अधिनियम महिला सम्मान और सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए महाविद्यालय परिवार, विशेषकर महिला शक्ति, सक्रिय भूमिका निभा रही है। कार्यक्रमों में छात्र- छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया।

# पर्यावरण व स्वच्छता पर डीएम सख्त गंदगी मिलने पर कार्रवाई के निर्देश



**मेहंदी घाट के लिए 8.50 करोड़ स्वीकृत**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में जिला गंगा, स्वच्छता एवं पर्यावरण समितियों की संयुक्त बैठक हुई। डीएम ने जनपद को स्वच्छ व हरित बनाने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने मेहंदी घाट की बंद स्ट्रीट लाइटें तत्काल ठीक कराने और 8.50 करोड़ से स्वीकृत सौंदर्यीकरण कार्य जल्द शुरू कराने को कहा। सड़कों किनारे कूड़ा और ई-वेस्ट मिलने पर नाराजगी जताते हुए तिर्वा-इंदरगढ़ मार्ग पर कार्रवाई के निर्देश दिए। 'एक पालिका-एक सरोवर' योजना के तहत प्रत्येक नगर निकाय में एक सरोवर के संरक्षण व विकास को कहा गया। वृक्षारोपण अभियान में 20 लाख पौधे लगाने के लक्ष्य के साथ 15 दिन में स्थल चयन और पूर्व पौधों की देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। नालों का गंदा पानी नदियों में जाने पर चिंता जताते हुए अधूरे फिल्टर चैंबर जल्द पूरे करने को कहा। अतिक्रमित भूमि खाली कर पार्क व सामुदायिक केंद्र विकसित करने और सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# सदगुरु की कृपा से सरल है परमात्मा को पाना

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी भवन में आयोजित सत्संग में स्थानीय शाखा के मुखी परम पूज्य महात्मा राजकुमार गुप्ता ने कहा आज के समय में भी परमात्मा को पाना सदगुरु की कृपा से सरल हो गया है। उन्होंने कहा एक बार जैसे ही मनुष्य सदगुरु की शरण गया तो समझो उसने परमात्मा को पा लिया। केवल भक्ति के लिए अरदास करे तो वह सदगुरु की कृपा दृष्टि का पात्र बन जाता हैं। सदगुरु संसार को अमन का यही सन्देश दे रहे हैं कि तू समय से पहले सदगुरु को जान ले फिर भक्ति कर। प्रभु किसी भी मनुष्य के अवगुणों को नहीं देखते अपितु शरणागत मनुष्य की श्रद्धा भावना को देखते हैं। प्रभु तो दयालु हैं जो सभी अपराधों को क्षमा करने बाले है। दुराचारी से



दुराचारी को भी अपनी शरण में लेने वाले हैं। इसलिए जो मनुष्य सदगुरु के चरणों का आश्रय ले लेता है वो चौरासी लाख योनियों के भ्रमण से वच जाता हैं। जो जीव माया के बन्धनो में जकड़े रहते हैं वो परमात्मा को भूलकर अपना जीवन नष्ट करते हैं। भक्त को सब चिन्तायें प्रभु पर छोड़ देनी चाहिये क्योंकि जब तक वह अपना सम्बन्ध संसार से मानता रहेगा चिंतामुक्त नहीं हो सकता। वास्तव में जीव का उद्धार तभी होगा जब वह सदगुरु की शरणागत होकर निर्भय व निश्चिंत हो। सदगुरु की सेवा निस्वार्थ भाव से करें और सदगुरु के हर आदेश का पालन करके अपना जीवन सेवा सुमिरन सत्संग के साथ जिएं तभी मानव जीवन का कल्याण है।

संत निरंकारी भवन में सत्संग

## बाइकों की भिड़ंत में महिलाओं समेत पांच घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** आशा पब्लिक स्कूल के पास दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर में तीन महिलाओं समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को 108 एंबुलेंस से सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक की हालत गंभीर होने पर तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि तालग्राम निवासी 25 वर्षीय अंशुल अपनी पत्नी रजनी के साथ ससुराल से घर लौट रहे थे, जबकि दूसरी तरफ से आ रहे फर्रुखाबाद निवासी शिवम अपनी पत्नी सोनम और साली आरजू की आशा पब्लिक स्कूल के सामने बाइकों में भिड़ंत हो गईं। घटना में सभी घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया। अंशुल की हालत खराब होने के कारण बेहतर इलाज के लिए तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है, बाकी का उपचार सौ शैया अस्पताल में चल रहा है।

# एसपी ने विशुनगढ़ में की पैदल गश्त एवं आकस्मिक निरीक्षण



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने थाना विशुनगढ़ आकस्मिक निरीक्षण कर क्षेत्र में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा आमजन से संवाद कर उन्हें सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया। उन्होंने महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने, भीड़भाड़ वाले इलाकों में नियमित गश्त को प्रभावी बनाने और संदिग्ध व्यक्तियों व गतिविधियों पर सतर्क नजर रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा थाना विशुनगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय, मालखाना, कंप्यूटर कार्यालय, दूरदृष्टि केंद्र, आदर्श मेस, आरक्षी बैरक एवं सम्पूर्ण थाना परिसर का जायजा लिया गया। थाना कार्यालय के अभिलेखों की जांच कर उन्हें सुव्यवस्थित एवं अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए।

# सिकंदरपुर विद्यालय में 9 और 6 में किए गए प्रवेश

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



स्कूल चलो अभियान के तहत जिला विद्यालय निरीक्षक कन्नौज पप्पू सरोज के कुशल नेतृत्व में शुक्रवार को भारतीय शिक्षा सदन इण्टर कालेज सिकन्दरपुर कन्नौज में कक्षा 6 एवं 9में प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 6 में 155 छात्रों ने पंजीकरण कराया जिसमें 145 छात्रों ने प्रवेश परीक्षा में भाग लिया जबकि कक्षा 9में प्रवेश हेतु कुल 205छात्रों ने पंजीकरण कराया जिसमें कुल 186 छात्र छात्राओं ने परीक्षा में उपस्थित रहे। योगेन्द्र कुमार प्रधानाचार्य ने बताया कि तीन वर्षों से मैंने कार्यभार संभाला है है जब से कक्षा 6एवं9में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित की जा रही है एवं बिना मेरिट के छात्र छात्राओं का प्रवेश नहीं लिया जाता है इस व्यवस्था को लेकर क्षेत्र के सभी अभिभावकों में प्रतिवर्ष इन्तजार रहता है।

जिससे उनकी योग्यता साबित करने के लिए एक परीक्षा से गुजरना होता है जो विद्यालय का सराहनीय कदम है परीक्षा की तैयारी में परीक्षा विभाग के सदस्य प्रवेश प्रजापति प्रवक्ता डॉ. के.के. झा योगेन्द्र प्रकाश शुक्ला अर्जुन सिंह राहुल दुबे एवं दिव्य दीपक दीक्षित सप्त ऋषि त्रिपाठी राजीव कुमार राधे श्याम ध्रुव्र जी अन्जना भारती अंजना बाजपेयी उमेशचंद्र ने प्रवेश परीक्षा सौहार्दपूर्ण वातावरण में नकलविहीन सम्पन्न कराकर मेरिट लिस्ट तैयार कर ली है जो शनिवार को प्रातः सूचना पट पर लगा दी जायेगी जिससे छात्र छात्राओं को सभी पत्रों की जांच कर प्रवेश दिया जा सके।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं को मिलेगा राजनीतिक अधिकार

**गोष्ठी का आयोजन, 33 प्रतिशत आरक्षण पर हुई चर्चा**

**उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं सम्मानित**




**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी और सशक्तिकरण को लेकर विकास भवन स्थित हर्षवर्धन सभागार में नारी शक्ति वंदन अधिनियम विषय पर गोष्ठी एवं मीडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के नेतृत्व, सहभागिता और नीति निर्माण में उनकी भूमिका पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। मुख्य अतिथि जिला संयोजक प्राची गुप्ता ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण से लोकतंत्र को नई मजबूती मिलेगी। इससे महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी का व्यापक अवसर मिलेगा। समाज सेविका गीता पाठक ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं, लेकिन उन्हें समान अवसर मिलना जरूरी है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वरिष्ठ पत्रकार इरा अवस्थी ने कहा कि वर्षों से लंबित महिला आरक्षण को वर्ष 2023 में केंद्र सरकार ने अधिनियम के रूप में लागू कर ऐतिहासिक कार्य किया है। इससे आने वाले समय में राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। कार्यक्रम में डॉ. नेहा मिश्रा, डॉ. रितु सिंह, सुमन, अनुपमा भदोरिया और गुंजन भदोरिया को उनके प्रेरक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा, पुलिस, बाल विकास, महिला कल्याण विभाग और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही।

## चलती स्कूटी बनी आग का गोला युवक ने कूदकर बचाई जान

**कन्नौज।** सदर कोतवाली के पनवारा चोकी क्षेत्र के जीटी रोड पर शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब चलती स्कूटी अचानक आग का गोला बन गई। गनीमत रही कि स्कूटी सवार युवक ने समय रहते कूदकर अपनी जान बचा ली। घटना कन्नौज-गुरसहायगंज मार्ग पर जलालपुर पनवारा के पास की है। बताया गया कि एक युवक स्कूटी से अपने गंतव्य की ओर जा रहा था। इसी दौरान स्कूटी से अचानक धुआं उठने लगा। स्थिति भांपते हुए युवक तुरंत स्कूटी से कूद गया और शोर मचाया। आवाज सुनकर आसपास के राहगीर और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, लेकिन तब तक स्कूटी में आग लग चुकी थी। देखते ही देखते स्कूटी पूरी तरह आग की लपटों में घिर गई और कुछ ही देर में जलकर खाक हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार आग लगने का कारण प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन स्कूटी पूरी तरह नष्ट हो गई।

# गंगा पुल के पास मौरंग लदा डंपर पलटा, बाइक सवार घायल

**जेसीबी से हटवाई गई मिट्टी ड्राइवर-हेल्पर भी घायल, निजी अस्पताल में भर्ती होने की चर्चा**



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सदर कोतवाली क्षेत्र में गंगा पुल के पास शुक्रवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया। तेज रफ्तार मौरंग लदा डंपर मेहंदी घाट चौकी क्षेत्र के गंगागंज गांव स्थित प्राचीन नील कारखाने के पास मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हरदोई जिले के तिर्वा कुल्ली गांव निवासी गुरू बक्श (53) अपनी तरबूज की फसल के लिए दवा लेने कन्नौज जा रहे थे। जैसे ही वह गंगागंज पहुंचे, पलटते डंपर की चपेट में आ गए। ग्रामीणों ने तत्काल मौरंग हटाकर उन्हें बाहर निकाला और एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने कानपुर रेफर कर दिया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि मौरंग के नीचे अन्य लोग भी दबे हो सकते हैं। सूचना पर पहुंचे ट्रैफिक इंचार्ज रविशंकर त्रिपाठी ने जेसीबी मशीन मंगवाकर मौरंग हटवाई, हालांकि कोई अन्य व्यक्ति दबा नहीं मिला। पुलिस के अनुसार डंपर चालक और हेल्पर भी घायल हुए हैं, लेकिन दोनों जिला अस्पताल नहीं पहुंचे। आशंका है कि डंपर मालिक ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में मौरंग और बालू से लदे डंपर दिन-रात तेज रफ्तार से दौड़ते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अवैध खनन और परिवहन में संलिप्त लोगों की अधिकारियों से सांठगांठ है, जिसके चलते ऐसे हादसे हो रहे हैं।

# इत्र पार्क में समस्याओं के समाधान के लिए लगा कैम्प

**उद्यमियों को जल्द राहत का आश्वासन, जल, बिजली और एनओसी से जुड़ी दिक्कतों पर विभागों ने लिया संज्ञान**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला उद्योग बंधु की बैठक के अनुपालन में ठठिया स्थित इत्र पार्क में उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए विशेष कैम्प आयोजित किया गया। कैम्प की अध्यक्षता उपायुक्त उद्योग प्रेमकांत ने की, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी और उद्यमी मौजूद रहे। कैम्प में उद्यमी अभिनय गुप्ता ने जल कनेक्शन की समस्या उठाई, जिस पर जल निगम के प्रतिनिधि ने जल्द समाधान का भरोसा दिया। वहीं प्रखर कपूर ने अपने आवंटित भूखंड में मिट्टी भरान, प्रदूषण नियंत्रण व अग्निशमन विभाग से एनओसी तथा विद्युत कनेक्शन की मांग रखी।

संबंधित विभागों ने इन कार्यों को प्राथमिकता पर पूरा करने की बात कही। द अत्तर एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन त्रिवेदी ने कहा कि इत्र पार्क में उद्योगों के सुचारु संचालन के लिए जल और बिजली कनेक्शन के साथ-साथ विभागीय एनओसी शीघ्र उपलब्ध कराई जानी चाहिए। मै. जगत अरोमा के प्रतिनिधि दिलीप ने जल व गैस कनेक्शन की समस्या रखी, जिस पर जल निगम और एचपीसीएल परियोजना के अधिकारियों ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उपायुक्त उद्योग प्रेमकांत ने कहा कि इत्र पार्क के विकास के लिए सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य कर रहे हैं और उद्यमियों की समस्याओं का जल्द समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। कैम्प में विद्युत विभाग, यूपीसीडा, जल निगम और खनन विभाग के अधिकारी समेत बड़ी संख्या में उद्यमी उपस्थित रहे।

# रोडवेज बस ने बोलेरो में मारी टक्कर, बरातियों ने किया पथराव

**▸ चालक ने थाने में बस ले जाकर बचाई यात्रियों की जान**

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

कमालगंज खुदागंज के पास कानपुर से फर्रुखाबाद जा रही लीडर रोड डिपो की एक रोडवेज बस गुरुवार रात को बोलेरो से टकरा गई। टक्कर के बाद बोलेरो सवार लोगों ने बस का पीछा किया और उस पर पथराव शुरू कर दिया। इस घटना से बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। स्थिति बिगड़ते देख बस चालक ने सूझबूझ दिखाते हुये बस को सीधे कमालगंज थाने के बाहर ले जाकर खड़ा कर दिया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीन से चार




थाने के बाहर खड़ी रोडवेज

उपद्रवियों को हिरासत में ले लिया। घटना की सूचना मिलने पर सीओ अमृतपुर अमरपाल सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और उन्होंने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने सभी यात्रियों को कमालगंज थाने में सुरक्षित रुकवाया, जहां उन्हें किसी तरह की चोट नहीं आई। पुलिस ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया घटनाक्रम बाराती अवनीश यादव ने बताया यह हादसा एक रोडवेज बस से हुआ, जो लगभग 100 की रफ्तार से आ रही थी। बस नगला अमीर पटियाली की तरफ से आई थी और बस ने अचानक टक्कर मार दी। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। इस दुर्घटना में मेरी बुलेरो गाड़ी भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। फिलहाल इस हादसे में एक ही व्यक्ति घायल हुआ है। यात्री सुमित ने बताया वह कानपुर से हल्द्वानी जा रहे थे। अचानक पीछे से एक चार पहिया गाड़ी आई। जिसने हमारी बस को ओवरटेक किया और आगे आकर रास्ता रोक लिया। इसके बाद उसमें सवार लोग बस पर पत्थरबाजी करने लगे। मैं बस में दाईं तरफ बैठा हुआ था। पत्थरबाजी शुरू होते ही बस के अंदर बहुत ही डरावना और तनावपूर्ण माहौल हो गया। यात्री घबरा गए थे। ऐसी स्थिति में चालक ने किसी तरह बस को संभाला और आगे बढ़ाने की कोशिश की पुलिस ने सभी यात्रियों को सुरक्षित अंदर पहुंचाया। इस घटना में बस चालक और आगे बैठे कुछ यात्रियों को चोटें आई हैं। पत्थरबाजी करने वाले करीब 3-4 लोग थे, जो बाइक और एक कार से आए थे।

उनके चेहरे खुले हुए थे। एक के पास लाठी-डंडा था, जबकि बाकी लोग पत्थर फेंक रहे थे। यह पत्थरबाजी लगभग 1 से 2 किलोमीटर तक लगातार होती रही। जहां से गाड़ी मुड़ी, वहीं से पत्थरबाजी शुरू हो गई थी और काफी देर तक जारी रही पुलिस हमें थाने पर ही मिली, जहां जाकर स्थिति नियंत्रण में आई।

# महिलाओं की पर्यावरण संरक्षण में अहम भागीदारी: गुंजा जैन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कार्यक्रम के दौरान गुंजा जैन, डीएम, एसपी आदि

कलेक्ट्रेट सभागार में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संबंध में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। प्रेसवार्ता में विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट महिला वक्ताओं ने सहभागिता करते हुए अधिनियम के प्रावधानों, महत्व एवं महिलाओं के सशक्तिकरण में इसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।

पूर्व प्राचार्या, शिक्षाविद् डॉ. शशि किरन ने अधिनियम को महिला नेतृत्व को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। चिकित्सक ने महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से समाज के समग्र स्वास्थ्य एवं विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की बात कही। अधिवक्ता उमा मिश्रा ने अधिनियम के विधिक पहलुओं की जानकारी देते हुए इसके प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता पर बल दिया। पर्यावरणविद् गुंजा जैन ने महिलाओं की भागीदारी को सतत विकास से जोड़ते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण के लिए भी महत्वपूर्ण बताया। गुंजन एवं नम्रता स्वयं सहायता समूह तथा पूनम पाल एफ.पी.ओ. ने ग्रामीण एवं आर्थिक क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में अधिक सशक्त बनाएगा। प्रेसवार्ता के दौरान सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में नई दिशा प्रदान करेगा तथा देश के समग्र विकास में उनकी भागीदारी को और सुदृढ़ करेगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, एडीएम, जिला विकास अधिकारी व संबंधित मौजूद रहे।

## किशोरी के थ्रेसर की पुली में फंसे बाल, हालत गंभीर

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** फसल की मड़ाई करते समय किशोरी के बाल थ्रेसर की चलती पुली में फंस गये। जिससे उसके सिर के बाल खिंच गये और गंभीर रुप से घायल हो गया। उपचार के लिए परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया।



खेत पर खड़ा थ्रेसर

थाना क्षेत्र के ग्राम रतनपुर पमारान गांव निवासी राम सिंह अपनी पुत्री मोहिनी के साथ बटाईदार अतुल के खेत में गेहूं की खंदायी करने पहुंचे थे। खेत में ट्रैक्टर मालिक नन्हे पुत्र राजीव द्वारा थ्रेसर मशीन से फसल की मड़ाई का कार्य किया जा रहा था। इसी दौरान थ्रेसर के पास बैठी किशोरी के बाल अचानक मशीन की चलती पुली में उलझ गए। देखते ही देखते एक झटके में उसके सिर के बाल बुरी तरह खिंच गए। जिससे वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ी।

घटना से वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। तत्काल ट्रैक्टर को बंद किया गया और आनन-फानन में घायल किशोरी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर व थ्रेसर को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। किशोरी की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## कार की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात कार की टक्कर साइकिल सवार वृद्ध घायल हो गया। उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना मऊदरवाजा के गांव नगला गुलाल निवासी गंगा सिंह शुक्रवार को साइकिल से मेरापुर थाने के गांव नौली स्थित अपने भांजे के घर जा रहे थे। इसी दौरान नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बलीपुर के पास एक चार पहिया वाहन ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में गंगा सिंह सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने तत्काल घटना की सूचना एंबुलेंस को दी। सूचना मिलने पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल गंगा सिंह को नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां फार्मासिस्ट सर्वेश श्रीवास्तव ने उनका उपचार किया।

## पुलिस ने 15 लोगों का किया शांतिभंग में चालान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना पुलिस ने अलग-अलग जगह से झगड़ा कर रहे 15 लोगों को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया। पुलिस द्वारा 15 लोगों की गिरफ्तारी से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वहीं पुलिस की इस कार्यवाही की लोगों ने की सराहना की।



पुलिस हिरासत में आरोपी

उ.नि. जगराम सिंह व उ.नि. कमलेश कुमार ने अलग-अलग जगह से लड़ाई झगड़ा करने के मामले में गिरीश प्रसाद पुत्र रामदुलारे, विपिन पुत्र ईश्वरदयाल, भगतवदयाल पुत्र रामेश्वरदयाल, राजन पुत्र भगवतदयाल, प्रमोद पुत्र रामेश्वरदयाल निवासी गण कलौली थाना नवाबगंज व प्रवीन कुमार पुत्र सुरेशचन्द्र, पंकज कुमार पुत्र चिरौंजीलाल निवासीगण मंझना थाना नवाबगंज, धनीराम पुत्र रनवीर सिंह, मिथुन पुत्र धनीराम, खुशीराम पुत्र रनवीर निवासीगण सादिकपुर थाना नवाबगंज, ताराचन्द्र पुत्र गेंदालाल निवासी भरतनगर थाना नवाबगंज, अंकित पुत्र रामरतन शर्मा, नितिन पुत्र रामरतन शर्मा, सर्वेश कुमार पुत्र जगदीश, गुल्लू कुमार पुत्र मैकेलाल निवासीगण बिजली घर के पीछे थाना नवाबगंज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सभी का शांतिभंग में चालान कर दिया।

# धांधली की शिकायत करने गये पीड़ित से एडीएम बोले, जूते घिस जायेंगे कुछ नहीं होगा

**▸ दुखी होकर पीड़ित ने उन्हीं के सामने फाड़ा प्रार्थना पत्र**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विकास कार्यों में हुई धांधली की शिकायत करने वाले पीड़ित ने ग्राम प्रधान ने जानमाल की धमकी देने के मामले में फिर एक बार जिलाधिकारी का दरवाजा खटकाया है। ब्लाक शमशाबाद के ग्राम अहमदगंज निवासी सुमित कुमार चतुर्वेदी पुत्र सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि ग्राम प्रधान राकेश कुमार व पंचायत सहायक दलवीर द्वारा ग्राम पंचायत में कराये गये विकास कार्यों की गुणवत्ता के संबंध में संतुष्ट



जानकारी देता शिकायतकर्ता सुमित

न होने पर इसकी मैंने शिकायत उत्तर प्रदेश शासन के पोर्टल पर की थी। जिसकी जांच होने पर प्रधान द्वारा कराये गये कार्यों में अनिमिततायें पायी गई। जिससे प्रधान रंजिश मानने लगा। धमकी दे रहा है कि तुमने जो शिकायत की है उसे अगर वापस नहीं लिया और समझौता नहीं किया तो झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेज देगें और जान माल की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि इस संदर्भ में शुक्रवार को डीएम से लिखित शिकायत करने गया था, तभी वहां एडीएम मौजूद थे। उन्हे पूरी बात बतायी तो वह आग बबूला हो गये और बोले कि तुम ऐसे ही शिकायतें करते रहो। तुम्हारे पैर के तलबे घिस जायेंगे और कुछ नहीं होगा। यह सुनकर शिकायतकर्ता अपने आपको को असहाय महसूस करने लगा और उसी समय अपना प्रार्थना पत्र फाड़ दिया। इस संदर्भ में एडीएम दिनेश कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता मेरे पास आया ही नहीं।

## खबरें एक नजर में

### हटाई गई अमृतपुर थानाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने अमृतपुर थानाध्यक्ष उप निरीक्षक रक्षा सिंह को चार्ज से हटाकर थाना मऊदरवाजा में तैनाती की है। थाना राजेपुर के निरीक्षक इंद्रजीत सिंह की थाना अमृतपुर में निरीक्षक अपराध पर पर तैनाती की है।

### भाकियू अखण्ड ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश के द्वारा जनपद के किसानों की तमाम समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ११ सूत्रीय ज्ञापन अतिरिक्त उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह को दिया गया। दिये गये ज्ञापन में किसानों की समस्याओं को उठाया गया और उनके निस्तारण की मांग की गई। जिले में संचालित समस्य सरकारी व अर्धसरकारी स्कूलों की समस्त वार्षिक फीस विद्यालय परिसर के अंदर बोर्ड पर लिखवायी जाये। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव राजेश कुमार बबलू दीक्षित, प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सिंह सोमवंशी, मनमोहन सिंह राणा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनील गिहार, प्रदेश सचिव जिला उपाध्यक्ष राजवीर सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रभाष शाक्य, धन सिंह, बबलू यादव, क्षमा अग्रवाल सहित पदाधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

### सास-बहु को पीटने में युवक पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव नौली निवासिनी राजन श्री पत्नी स्वर्गीय रामदास ने गांव के ही सत्यपाल पुत्र रामप्रकाश के विरुद्ध गाली-गलौज व मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 4 अप्रैल समय लगभग शाम 6:30 बजे हमारी पुत्र वधु प्रीति पत्नी शेर सिंह भैंस का दूध निकालने जा रही थी। जब वह उपरोक्त आरोपित सत्यपाल के दरवाजे के सामने से गुजर रही थी, तभी उपरोक्त आरोपित सत्यपाल उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। जब प्रीति ने गाली देने का विरोध किया तो सत्यपाल उसके साथ मारपीट करने लगा। शोरगुल सुनकर जब मैं मौके पर पहुंची तो सत्यपाल ने मेरे साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### फर्जी तरीके से जारी किया गया परिवार रजिस्टर नकल की क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर ने की जांच

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** फर्जी तरीके से जारी किया गया परिवार रजिस्टर नकल का मामला कोर्ट में पहुंचने पर क्राइम ब्रांच के प्रभारी निरीक्षक ने जांच पड़ताल की। थाना क्षेत्र के विकासखंड क्षेत्र के गांव कक्योली निवासी राम प्रकाश ने बीते एक वर्ष पूर्व फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जमीन हड़पने का आरोपी गणों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया था। जिसके चलते कई महीनों तक विवेचना नवाबगंज थाने पर चलती रही, लेकिन पीड़ित को न्याय नहीं मिला, तब विवेचना क्राइम ब्रांच को सपोर्ट की गई। क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश नवाबगंज विकासखंड कार्यालय पर पहुंचे और वहां ग्राम पंचायत सचिव बृजेश कुमार से ग्राम पंचायत कक्योली के परिवार रजिस्टर सहित अभिलेख तलब किया तथा फर्जी तरीके से बनाई गई कूटरचित तरीके से तैयार किए गए अभिलेख में परिवार रजिस्टर की नकल फर्जी पाई गई। जिसका मिलान ग्राम पंचायत के परिवार रजिस्टर से किया गया तो परिवार रजिस्टर में अंकित नाम के पेज का सीरियल नंबर भी नहीं मिला। काफी देर मिलान करने के बाद क्राइम इंस्पेक्टर ने परिवार रजिस्टर की नकल की फोटो प्रतिलिपि लेकर वापस चले गए तथा ग्राम पंचायत सचिव से विवेचना में सहयोग करने की बात कही। वही ग्राम पंचायत सचिव ने बताया कि मेरे परिवार रजिस्टर से कोई भी नकल जारी नहीं हुई है और मेरे कार्यकाल का भी मामला नहीं है आए हुए लगभग 8 महीने हुए हैं, लेकिन मामला एक वर्ष से पहले का है।

# तम्बाकू व्यवसायी के घर से 26 लाख की चोरी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

चोरी ने तम्बाकू व्यवसायी के घर में घुसकर लगभग 26 लाख रुपये की चोरी कर ली। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य एकत्र किये। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र नगर के मोहल्ला पटवनगली निवासी तंबकू व्यवसायी ब्रजेश शर्मा के छोटे बेटे देवेश की पत्नी ममता घर को ताला लगाकर कंपिल रोड स्थित अपने जेठ लोकेश की बेटी अन्वी के जन्मदिन समारोह में शामिल होने गए थे। रात करीब 9:30 बजे जब ब्रजेश अकेले घर लौटे, तो मुख्य गेट का ताला खोलकर अंदर दाखिल हुए। अंदर जाने पर उन्होंने देखा कि कमरे के दरवाजे का एक हिस्सा खुला था और भीतर अलमारी व सेफ का लॉकर टूटा नहीं बल्कि खुला पड़ा था। पीड़ित व्यवसायी के अनुसार चोरों ने लॉकर से दो सोने की चैन, सात अंगूठी, चार चूड़ी, चार पेंडल, चार



जांच पड़ताल करती पुलिस

मंगलसूत्र, 12 जोड़ी पायल, दो जोड़ी झाले और एक जोड़ी टॉप्स सहित कुल 26 लाख के कीमती आभूषण चोरी कर लिए। इसके अलावा अलमारी में रखा एक पर्स भी गायब है, जिसमें 60 हजार नकद राशि के साथ ही पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और वोटर आईडी जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे थे। घटना की सूचना पर रात में ही यूपी-112 और कस्बा चौकी प्रभारी अंकुर भाटी फोर्स के साथ पहुंचे। शुक्रवार दोपहर नवागंतुक प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला औरफॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस इस बात की गहराई से जांच कर रही है कि चोरों को यह कैसे पता था कि लॉकर की चाबी कपड़ों के नीचे छिपी है। आशंका जताई जा रही है कि कोई व्यक्ति परिवार के जाने से पहले ही घर की बैठक में छिपकर बैठ गया था और वारदात के बाद छत के रास्ते फरार हो गया। पड़ोसी की छत पर राजमिस्त्री की बसूली (ईंट तोड़ने का औजार) भी मिली है, जिससे अंदाजा है कि चोर छतों के रास्ते चिलौली पठान की ओर भागे। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि घटना की हर पहलू से जांच की जा रही है। जिस तरह से चाबी ढूंढकर लॉकर खोला गया, उससे किसी करीबी व्यक्ति के शामिल होने की प्रबल संभावना है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## डीएम ने की एक करोड़ से अधिक के कार्यों की समीक्षा




बैठक लेते डीएम मौजूद अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में 01 करोड़ से अधिक के कार्यो की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में जनपद में चल रही 79 निर्माणाधीन योजनाओं की समीक्षा की गई। जिसमे 51 योजनाएं पूर्ण हो गई व 28 निर्माणाधीन है। डीएम ने पूर्ण हो चुके कार्यो को नियमानुसार हैंडओवर की कार्यवाही कराने के निर्देश दिये। डीएम ने निर्देशित किया कि निर्माण कार्यो में मानक व गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखा जाये व सभी कार्यो को ससमय पूर्ण किया जाये। सभी अभियंता अपने प्रोजेक्ट का नियमित निरीक्षण करे, व कोई भी समस्या होने पर अवगत कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, जिला विकास अधिकारी व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## चोरी की बाइक सहित युवक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया। थाना कमालगंज के उपनिरीक्षक भूकेन्द्र कुमार ने बताया कि 16 अप्रैल को वादी देवेन्द्र राजपूत पुत्र कप्तान सिंह निवासी ग्राम फतेहउल्लापुर के प्रार्थना पत्र पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें कहा था कि वादी की बाइक सुपर स्प्लेण्डर सं0



पुलिस हिरासत में आरोपी

यूपी 76एक्स/7483 को अज्ञात चोर चुरा ले गये थे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचना के क्रम में मुखबिर की सूचना पर प्रकाश में आये अभियुक्त धर्मेन्द्र पुत्र जय सिंह निवासी नगरिया देवधरापुर को चोरी हुयी मोटरसाईकिल 76एक्स/7483 के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मैने यह मोटर साइकिल 28 मार्च को गांव नौगवाँ मे शिवजी के मन्दिर पर हो रहे भण्डारे के बाहर से शाम के समय चोरी की थी। मैं इस मोटर साइकिल को लेकर कानपुर बेचने ले जा रहा था।

# कार सवार बदमाश ने सर्राफा व्यापारी से की लाखों की लूट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कार सवार बदमाशों ने स्कूटी सवार सवार सर्राफा व्यापारी से लाखों रुपये के जेवरात लूट लिये। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

जानकारी अनुसार कोतवाली फर्रुखाबाद के मोहल्ला महादेव प्रसाद स्ट्रीट निवासी श्याम जी वर्मा की चिलसरा रोड स्थित बालाजी ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। श्यामा जी वर्मा अपने भतीजे कृष्णा के साथ स्कूटी से फर्रुखाबाद जा रहे थे। साथ में बैग में सोना भी था। जैसे ही वह चिलसरा रोड सुनसान इलाके में पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ने उनकी स्कूटी के आगे लगा दी। इस दौरान कार से एक युवक निकला उसके हाथ में तमंचा था। उसने श्यामाजी के कनपटी पर लगा दिया।

जिससे घबराये श्यामा जी ने अपना जेवरात से भरा बैग उसे दे दिया। इस दौरान कार चालक मौके से भागने लगा। स्कूटी श्याम जी वर्मा अपने भतीजे के साथ कार का पीछा करने लगे। इस दौरान कार गुदड़ी तिराहे के पास एक बाइक सवार से टकरा गयी। बाइक सवार अमित गुप्ता को जब पता चला कि कार चालक लूट कर भाग रहा है, उसने भी कार पीछा किया, लेकिन आरोपी अपनी कार को मछरट्टा की ओर भगा ले गया। घटना की जानकारी थाना मऊदरवाजा पुलिस को दी गई। पीड़ित ने बताया कि उसने कार का वीडियो भी बना लिया है। पीड़ित सर्राफा व्यापारी ने बताया कि उन्होंने आरोपी को पहचान लिया है, वह मोहल्ला सेनापति निवासी एक सुनार है। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

## शराबी युवक ने फांसी लगाकर दी जान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। शराबी युवक ने कमरे में साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिनस ने जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार कोतवाली फर्रुखाबाद के क्षेत्र मोहल्ला चोबदरान निवासी राजीव बाथम पुत्र स्व0 रतिराम ने घर के अंदर कमरे में साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि राजीव शराब पीने का आदी था और सातनपुर मण्डी में लेवरी करता था। सूचना पर तिकोना चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में 3 मई को लखनऊ में होगा धरना प्रदर्शन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ की बैठक कृष्णा वाटिका में सम्पन्न हुई। बैठक में बाइक रैली की समीक्षा की गई। महासंघ के सभी संयोजकों एवं सह संयोजकों ने विचार व्यक्त किये। संयोजक भूपेश पाठक ने कहा कि सरकार व कोर्ट द्वारा टीईटी अनिवार्यता को समाप्त नहीं किया गया तो 3 मई को महासंघ द्वारा प्रदेश की राजधानी लखनऊ पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। सह संयोजक अटेवा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह जाटव ने कहा कि यदि सरकार द्वारा टीईटी अनिवार्यता को समाप्त नहीं किया गया तो समस्त शिक्षक भाई-बहन परिवार सहित लखनऊ में धरना प्रदर्शन कर आंदोलन करेंगे। अटेवा प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि



बैठक को संबोधित करते भूपेश पाठक

सरकार को टीईटी समाप्त ही करना होगा। यदि ऐसा सरकार नहीं करेगी तो प्रदेश का शिक्षक परिवार सहित विधानसभा का घेराव करेंगे। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष मजहर मोहम्मद खां ने कहा कि सरकार शिक्षकों की समस्याओं का समाधान नहीं करती है तो प्रदेश के शिक्षक हड़ताल करने पर मजबूर होगें। सह संयोजक प्रवेश कटियार ने कहा कि सरकार द्वारा शिक्षकों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो शिक्षक किसी भी हद तक आंदोलन करने को बाध्य होंगे। सह संयोजक आलोक कुमार द्विवेदी ने कहा कि इस समय शिक्षक मानसिक रुप से पीड़ित है। यदि सरकार इस समस्या का हल नहीं करती तो परिवार सहित आंदोलित रहेंगे।

कोई अनहोनी होती है तो इसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। शिक्षक नेता सुनील संतोषी, मीडिया प्रभारी अतुल मराल ने टीईटी अनिवार्यता समाप्त करने की मांग की। मुकेश कुमार, त्रिपुरारी त्रिवेदी, महेन्द्र वर्मा आदि ने विचार व्यक्त किये। भूपेश पाठक ने बाइक रैली को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर मधुकर सक्सेना, सोमनाथ दीक्षित, प्रवेश राठौर, डा0 मनोज द्विवेदी, विमलेश राजपूत, नम्रता सिंह, रेखा आदि लोग मौजूद रहे।

# धर्म की रक्षा के लिए साहस और सत्य दोनों आवश्यक हैं



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** परशुराम जन्मोत्सव अक्षय तृतीया (वैशाख शुक्ल तृतीया) को मनाया जायेगा। भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम के अवतरण का पर्व है।

**परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशेष**

महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका के पुत्र के रूप में जन्मे, वे चिरंजीवी माने जाते हैं। उन्होंने पृथ्वी को अन्यायी शासकों से मुक्त करने के लिए महादेव से प्राप्त फरसा (अस्त्र) धारण कर अन्याय के विरुद्ध संघर्ष किया था।



कमलेश पाठक

**समाजसेवी कमलेश पाठक** ने बताया कि परशुराम राजा प्रसेनजित की पुत्री रेणुका और भृगुवंशीय जमदग्नि के पुत्र थे। वे विष्णु के अवतार और शिव के परम भक्त थे। इन्हें भगवान शिव से विशेष परशु प्राप्त हुआ था। इनका नाम तो राम था, किन्तु शंकर द्वारा प्रदत्त अमोघ परशु को सदैव धारण किये रहने के कारण ये परशुराम कहलाते थे। परशुराम भगवान विष्णु के दस अवतारों में से छठे अवतार थे। हम सब उनका जन्मोत्सव मनायेंगे।



राघव मिश्रा

**क0बा0इं0का0 के लिपिक राघव मिश्रा** ने बताया कि भृगु ने अपने पुत्र के विवाह के विषय में जाना तो बहुत प्रसन्न हुए तथा अपनी पुत्रवधू से वर माँगने को कहा। उनसे सत्यवती ने अपने तथा अपनी माता के लिए पुत्र जन्म की कामना की। भृगु ने उन दोनों को चरु भक्षणार्थ दिये तथा कहा कि ऋतुकाल के उपरान्त स्नान करके सत्यवती गूलर के पेडत्र तथा उसकी माता पीपल के पेड़ का आलिंगन करे तो दोनों को पुत्र प्राप्त होंगे।



डॉ. निधि मिश्रा

**ब्राह्मण समाज जन सेवा समिति महिला संगठन की जिला उपाध्यक्ष डॉ. निधि मिश्रा** ने परशुराम जन्मोत्सव हिंदू धर्म में भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को आता है, जिसे अक्षय तृतीया भी कहा जाता है। हम सब भगवान परशुराम का जन्मोत्सव 19 अप्रैल को धूमधाम से हवन पूजन के साथ मनायेंगे।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर सम्मान अभियान कार्यक्रम सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

▸ **शिक्षा ही व्यक्ति को ऊंचे स्तर पर ले जा सकती है: लाखन सिंह**

शुक्रवार को अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम देहेलिया के अमृत सरोवर के पास स्थित भैरव मंदिर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा अमृतपुर विधानसभा का डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान कार्यक्रम आयोजित हुआ।

जिसमें प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री लाखन सिंह राजपूत ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया। अध्यक्षता लालू राजपूत ने की। पूर्व मंत्री लाखन सिंह राजपूत, विधायक सुशील शाक्य, अभिषेक बाथम, पंकज पाल, शिवांग रस्तोगी, संदीप शाक्य पिछड़ा, कृष्ण मुरारी राजपूत ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। लाखन सिंह राजपूत ने कहा भारत रत्न डॉक्टर अंबेडकर एक सामान्य पुरुष नहीं बल्कि महामानव थे। उन्होंने गरीब, पिछड़े, दलित, वंचित और शोषित वर्ग के लोगों को न्याय दिलाने के लिए भारतीय संविधान की रचना की। उन्होंने कहा था शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पिएगा वही बढ़ेगा।

शिक्षा व्यक्ति को कितने ऊंचे स्तर पर ले जा सकती है यह डॉ. अंबेडकर ने साबित कर दिया। उनका उद्देश्य था समाज के प्रत्येक गरीब वर्ग को अच्छी शिक्षा मिले। विधायक सुशील शाक्य ने कहा डॉ. आंबेडकर के विचार सामाजिक समानता शिक्षा न्याय और स्वतंत्रता पर आधारित है। उन्होंने जाति व्यवस्था छुआछूत और महिलाओं के उत्पीड़न का पुरजोर विरोध किया। संवैधानिक अधिकारों बंधुत्व और शिक्षा के माध्यम से दलित व वंचितों वर्ग के उत्थान पर जोर दिया था। उनका मुख्य उद्देश्य था शिक्षित बनो संगठित बनो और संघर्ष करो भाजपा सरकार उनके विचारों को लेकर आगे बढ़ रही है। अभिषेक बाथम ने कहा डॉ. अंबेडकर शिक्षा को सशक्तिकरण का सबसे बड़ा हथियार मानते थे। उनका दृढ़ विश्वास था कि जब तक वंचित वर्ग शिक्षित नहीं होंगे। वह अपने अधिकारों के लिए लड़ नहीं सकते। संदीप शाक्य ने कहा डॉ. आंबेडकर महिलाओं की स्थिति में सुधार के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने कानून के माध्यम से सभी को सामान अधिकार और आर्थिक न्याय सुनिश्चित किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व मंत्री लाखन सिंह

शिवांग रस्तोगी ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विष्णु लाल जाटव, परमजीत कौर, लालू राजपूत, महेश गौतम, विश्व प्रताप सिंह चीनू, रमेश सोमवंशी, संजीव अग्निहोत्री, विनीत राठौर, संदीप तिवारी, रामतीर्थ कुशवाहा, पूरन कुशवाहा, धर्मेंद्र सोमवंशी, पिंटू सोमवंशी, जितेंद्र सिंह, विकास सिंह, गिरीश चंद्र त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

# पुस्तक जागरुकता एवं सुलभता शिविर का हुआ आयोजन




पुस्तक मेला में मौजूद छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पीएमश्री महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में पुस्तक जागरूकता एवं सुलभता शिविर पुस्तक मेला का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को एनसीईआरटी की पुस्तकों के प्रकाशन, नाम व मूल्य के बारे में जानकारी दी गई। माध्यमिक परिषद द्वारा कक्षा 9 से 12 तक कुल 34 विषयों के अंतर्गत 70 एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकें अधिकृत प्रकाशकों के माध्यम से मुद्रित की गई हैं, ताकि अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के अध्ययन हेतु सरल दरों पर उच्च गुणवत्ता युक्त पाठ्य-पुस्तकें उपलब्ध हो सकें। प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत ने सभी पुस्तकों के पब्लिकेशन, मूल्य और उपयोगिता के बारे में बताया गया। साथ ही अधिकृत पुस्तकें ही क्रय करने हेतु निर्देश दिए गए। इस वर्ष मुद्रित पाठ्य पुस्तकों की असली नक़ली पहचान हेतु पाठ्यपुस्तक के आवरण पृष्ठ पर सात अंकों का अल्ट्रावायलेट फ्लोरोसेंट लाल रंग में सीरियल नंबर मुद्रित कराया गया है, जिन पुस्तकों पर यह नंबर नहीं है वे अनाधिकृत हैं। विद्यालय की शिक्षिकाएं ऋचा तिवारी, निर्मला सिंह, शैलजा मिश्रा, ज्योति, अर्चना गुप्ता, गीता देवी, मोनी आदि उपस्थित रहे।

# नारी शक्ति वंदन के तहत छात्राओं ने प्रस्तुत किये कार्यक्रम



कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नारी शक्ति वंदन के तहत जनपद के माध्यमिक विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन कराये गये। जिसमें जनपद के समस्त शासकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त एवं वित्तविहीन मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में शुक्रवार को सशक्त नारी विकसित भारत के संदेश आगे बढ़ाते हुए विद्यालय स्तर पर छात्राओं, शिक्षिकाओं, महिला अभिभावकों द्वारा भव्य मानव श्रृंखला बनायी गयी। 17 अप्रैल को शौर्य प्रदर्शन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत विद्यालयों एन.सी.सी. एवं स्काउट/ गाइड की छात्राओं द्वारा अनुशासन एवं वीरता के प्रदर्शन हेतु ड्रिल एवं आत्मरक्षा तकनीकी का प्रदर्शन किया गया। बालिकाओं द्वारा महिला विभूतियों के जीवन पर आधारित लघु नाटिका, लोकगीत, लोकनृत्य जैसे सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालयों में छात्राओं द्वारा विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 20 अप्रैल को वाद-विवाद एवं लेखन प्रतियोगिता का आयोजन माध्यमिक विद्यालयों में किया जायेगा।

# चिकित्सकों की कुर्सी खाली, मरीज हो रहे हैं बेहाल

▸ **गंभीर मरीज होने पर फार्मासिस्ट कर रहे रेफर**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को बेहतर चिकित्सकीय सुविधा मुहैया कराने के लिए प्रदेश सरकार ने लाखों की लागत से लगभग 25 वर्ष पूर्व भवन का निर्माण कराया था। अस्पताल में मरीजों को रोकने के लिए 30 बेडों की भी ब्यबस्था की गई।

अस्पताल भवन व परिसर में कर्मचारियों के रहने के लिए बने आवासों की हालत भी कुछ ठीक नहीं है। अस्पताल में प्रतिदिन लगभग 150 से अधिक मरीज चिकित्सा लाभ लेने आ रहे थे, लेकिन मरीजों को अस्पताल में बेहतर चिकित्सा सुविधायें मुहैया नहीं हो पा रही है।



खाली पड़ा चिकित्सक कक्ष

तैनात चिकित्सको के न आने से मरीजों को इधर-उधर निजी चिकित्सकों से दवा लेने पर विबस होना पड़ रहा है।

शुक्रवार को अस्पताल में आयुष चिकित्सक डॉ. जसवीर सिंह ने ओपीडी में मरीजों को देखा। दोपहर 12 बजे तक 107 मरीज देखे गए। इस दौरान अस्पताल में एक्सरे कक्ष, नेत्र परीक्षण कक्ष, दंत परीक्षण कक्ष आदि में ताले लटकते मिले। गांव सलेमपुर निवासी कृपांति, गांव गुठिना निवासी धीरेंद्र कुमार अपनी आंखों का परीक्षण कराने आए थे, लेकिन कक्ष में ताला लगा देख काफी इंतजार कर वापस लौट गए। गांव गुठिना निवासी मनप्रीत अपने पैर को दिखाने आई, लेकिन कोई चिकित्सक न मिला तो वह भी वापस लौटी।

इसके साथ ही गांव सलेमपुर निवासी मुन्नी, अंकित, गांव नगला मना निवासी आदेश, नवाबगंज निवासी किरन, प्राची, कमला, गांव बरतल निवासी अर्पण, नगला हीरासिंह निवासी राघव आदि मरीज भी दवा लेने आए, लेकिन उन्हें चिकित्सक न मिलने पर फार्मासिस्ट सर्वेश श्रीवास्तव ने दवा देकर लौटा दिया। गांव भटासा निवासी सरवन सिंह एक्सरे कराने आए, लेकिन कक्ष में ताला लगा देख इंतजार कर लौट गए। अस्पताल में मरीजों को मिलने वाला दर्द निवारक ट्यूब भी नहीं है। गंभीर रोगी के आने पर फार्मासिस्ट द्वारा उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर किया जाता है। चिकित्सक के न होने से मरीज इधर उधर भटकने पर विवश है।

## मां गंगा सेवा समिति द्वारा किया गया वृक्षारोपण



वृक्षारोपण करते पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मां गंगा सेवा समिति फतेहगढ़ द्वारा रानी घाट गंगा गंगा तट पर अमावस्या के अवसर पर आंवला के पौधे लगाये गये। मां गंगा सेवा समिति द्वारा आंवला का पौधा लगाकर वृक्षारोपण किया गया। उन्होंने कहा कि हम सभी को एक-एक पौधा लगाना चाहिए, जिससे हमको भरपूर ऑक्सीजन मिलता रहे और हमारा देश हरा भरा रहे। इस अवसर पर राजेंद्र बाथम, रविंद्र कुमार सिंह, दिनेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# अधिवक्ता की पुत्री ने 90 प्रतिशत अंक लाकर बढ़ाया परिवार का मान



मेधावी छात्रा को मिठाई खिलाती मां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

केंद्रिय विद्यालय फतेहगढ़ की छात्रा पार्थिवी पाण्डेय पुत्री राज गौरव पांडेय ने सीबीएसई के हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर एक उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। छात्रा के माता-पिता ने उसको भरपूर आशीर्वाद और भविष्य में उत्कर्ष सफलता प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन करने के लिए सांत्वना दी।

छात्र पार्थिवी पांडेय ने बताया कि वह आगे यूपीएससी की सिविल सेवा में अच्छा स्थान हासिल कर सिविल सेवा में अपना स्थान बनाना चाहती है। जिससे प्रशासनिक सेवा के माध्यम से वह समाज और प्रशासन की गतिविधियों में शामिल रहकर परिवार का नाम रोशन करें।

छात्रा ने बताया कि अभी तो यह उसका प्रथम पड़ाव था अभी और भी पड़ाव पार कर इससे ज्यादा अच्छे अंक हासिल करना है, ताकि जनपद और परिवार का नाम रोशन करें। पिछले 1 वर्ष की कड़ी मेहनत के बाद सीबीएसई की परीक्षा में स्थान पाकर वह अपने पढ़ाए गए। टीचरों को धन्यवाद देतती है कि उन्होंने उसके साथ मेहनत की और इस मेहनत के बाद जो रंग आया है वह उसके टीचरों के माध्यम से ही है।




एडीएम को ज्ञापन सौंपते हिन्दूवादी नेता

## लव जिहाद के खिलाफ बजरंग दल ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पूरे प्रदेश में चल रहे लव जिहाद लैंड जिहाद जैसी घटनाओं को रोकने के लिए शुक्रवार को बजरंग दल द्वारा फतेहगढ़ ब्रह्मदत्त स्टेडियम से विरोध प्रदर्शन यात्रा निकाली गई। जिसमें लव जिहादी भारत छोड़ो लैंड से आदि भारत छोड़ो आदि हिंदुत्व वादी नारे लगाए गए। देश में जिहादियों द्वारा की जा रही गतिविधियों लैंड जिहाद, लव जिहाद व नाम छिपाकर व्यापार करने वालों के खिलाफ राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अपर जिला अधिकारी को सौंपा गया। यात्रा में मुख्य रूप से विभाग संगठन मंत्री रिषभ, विभाग संयोजक अभिषेक, जिला मंत्री अखिलेश, जिला कोषाध्यक्ष रुक्मंगल, जिला संयोजक सुदीप कुमार, सह संयोजक रोहन मिश्रा, जिला सुरक्षा प्रमुख आकाश, जिला मिलन केंद्र प्रमुख श्रवण, नितिन, आकाश, चंदन, आर्यन, कांतिदेवी, सनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची में सपा ने बताया बड़ा झोल, सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एसआईआर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद प्रकाशित हुई नई मतदाता सूची पर समाजवादी पार्टी ने गंभीर आरोप लगाए हैं।

जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने जिला निर्वाचन अधिकारी संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा। सौंपे ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि अनेक पात्र एवं जीवित मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए गए हैं। कई क्षेत्रों में अपात्र एवं बाहरी लोगों के नाम नियमों को ताक पर रखकर मतदाता सूची में शामिल किए गए हैं। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि ईआरओ/सुपर वाइजर/बीएलओ एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा डोर टू डोर सर्वे के मानकों का पालन नहीं किया गया। यह कार्य अन्य पार्टियों को समाप्त करने एवं सत्ता पक्ष को लाभ पहुंचाने के



एडीएम को ज्ञापन सौंपते सपाई

उद्देश्य से किया गया है। मांग की कि उक्त प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए और गलत तरीके से काटे गए नामों को पुनः जोड़ा जाए तथा गलत एवं फर्जी जोड़े गए नामों को तत्काल प्रभाव से सूची से हटाया जाए तथा इस लापरवाही के लिए उत्तरदायी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र शाक्य, जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव, अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव, अशोक कुमार पाल, राजीव कुमार शाक्य, संजय सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

## बसपा की बैठक में बूथ कमेटी को मजबूत करने के दिये गये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र पाल सिंह जाटव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि नरेन्द्र कुशवाहा, विशिष्टि अतिथि बीआर अहिरवार रहे। मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती द्वारा दिये गये निर्देशों को पदाधिकारियों के बीच रखा और कहा कि छोटे-बड़े पदाधिकारी बूथ कमेटी पर जाकर कैडर के माध्यम से सही से बूथ कमेटी का गठन करेंगे और बहुजन समाज पार्टी की प्रदेश में चार बार मुख्यमंत्री रही बहन कु0 मायावती को पुनः 2027 में सरकार बनाने के लिए संगठन को मजबूत करेंगे। इस मौके पर मण्डल प्रभारी विजय भास्कर, जिला महासचिव अरविन्द बाथम, वीर सिंह अम्बेडकर, विनोद गौतम, आरडी बौद्ध आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को किया गया जागरुक



छात्राओं को जागरुक करती पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। आयोजित कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का संदेश देना था।

थाना कमालगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओ/बालिकाओ को महिला सशक्तिकरण, लैंगिक अपराध, नवीन कानूनों, साइबर अपराध एवं उनसे बचाव के उपायों, घरेलु हिंसा, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं शासन द्वारा प्रचलित योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया। इसके साथ ही थाना कादरीगेट, थाना कम्पिल, कोतवाली कायमगंज, थाना जहानगंज, थाना मऊदरवाजा, कोतवाली फर्रुखाबाद, कोतवाली मोहम्मदाबाद, थाना मेरापुर, महिला थाना पुलिस, थाना राजेपुर, थाना शमशाबाद में पुलिस ने भ्रमण के दौरान छात्राओं, बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (वुमेन पावर लाइन) और 181 (महिला हेल्पलाइन) के प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

साइबर अपराधों से बचाव के लिए साइबर सेफ्टी के महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए गए। महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने के उद्देश्य से विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रक्रियाओं से भी अवगत कराया गया। उपस्थित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, विशेषकर घरेलू हिंसा और कार्यस्थल पर उत्पीड़न के विरुद्ध सुरक्षा कानूनों के बारे में जागरूक किया गया।

## मेजर ने बिजली के नये प्रस्ताव प्लान लाने का लक्ष्य सरकार को भेजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने बिजली के प्रस्ताव को लेकर नये बिजनेस प्लान में जनपद में 100 प्रतिशत बिजली लाने का लक्ष्य व जर्जर तारों की जगह नये एबीसी केबिल डलवाने हेतु प्रस्ताव भेजा। मोहल्लों व गांव में अच्छा बोल्टेज व अच्छी सप्लाई मिलने के लिए पहल की गई है। भोलेपुर-फतेहगढ़ में 21 ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि से संबंधित कई मोहल्ले लाभांवित होंगे। वहीं आवास विकास लकूला फीडर के 16 ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि व जसमई फीडर क्षेत्र आदि की नये बिजली के बिजनेस प्लान की मांग की है। यह सभी प्रस्ताव विधानसभा भिजवाये गये है। प्रस्ताव पास होते ही 50 हजार से अधिक लोगों को इसका फायदा मिलेगा।

# सीएम डैशबोड के अन्तर्गत विकास कार्यों में जनपद ने पाया 17वां स्थापना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत विकास कार्यों की माह मार्च 2026 की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा में जनपद को विकास कार्यों में 17वां स्थान प्राप्त हुआ। बैठक के दौरान 29 विभागों की कुल 78 योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। समीक्षा में कुछ योजनाओं का प्रदर्शन अपेक्षाकृत कमजोर पाया गया। डी श्रेणी में चिकित्सा विभाग की जननी सुरक्षा योजना को 63वीं रैंक तथा 10 में से 2 अंक प्राप्त हुए। सी श्रेणी में महिला एवं बाल विकास विभाग की आईसीडीएस पोषण अभियान को 49वीं रैंक एवं 3 अंक, समाज कल्याण विभाग की राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना को 58वीं रैंक एवं 5 अंक प्राप्त हुए। उद्योग विभाग की ओडीओपी वित्त पोषण योजना को 73वीं रैंक एवं 6 अंक, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान को 54वीं रैंक एवं 6 अंक प्राप्त हुए। जल निगम (ग्रामीण) की जल जीवन मिशन योजना को 41वीं रैंक एवं 8 अंक मिले। पर्यटन विभाग की राज्य योजना को 55वीं रैंक एवं 7 अंक प्राप्त हुए। वहीं ग्राम्य विकास विभाग की डीएनआरएलएम आरएफसी आईएफ योजना ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 11वीं रैंक एवं 10 में से 10 अंक प्राप्त किए। डीएम ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे योजनाओं के क्रियान्वयन में सुधार लाते हुए आगामी माह में रैंकिंग बेहतर करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, पीडी डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण

# राजस्व, चकबंदी, लघु फौजदारी के अब तक 52782 मामले हुए चिन्हित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी बैठक शुक्रवार को जनपद न्यायाधीश नीरज कुमार के निर्देशन में प्रशासनिक मामलों संबंधित बैठक अपर जिला जज नोडल अधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। संचालन युगल शंभू पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक ने किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण होने योग्य राजस्व/चकबन्दी/ लघु फौजदारी/ विद्युत विभाग आदि राजस्व मामलों को अधिक से अधिक संख्या में चिन्हित किये जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया है, ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। अब तक राजस्व वाद 222 मामले, फौजदारी वाद 779 मामले एवं प्रकीर्ण वाद 51781 मामले कुल 52782 मामले प्रशासन की ओर से चिन्हित किये गये हैं।



बैठक में मौजूद न्यायिक अधिकारी

तैयारी बैठक में न्यायिक अधिकारी रवीन्द्र सिंह, रवि पाण्डेय, विनोद कुमार, मख्तार अली, राधा रमन गौतम, अपर जिलाधिकारी आदि प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित हुये।

# बाल विवाह रोकने के प्रति छात्राओं को किया गया जागरुक

▸ **बाल विवाह करने व कराने पर 2 साल की सजा व 1 लाख रूपये जुर्माना**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इण्टर कालेज फतेहगढ़ में अक्षय तृतीया को सम्भावित बाल विवाह की रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने छात्राओं को जानकारी देते हुये बताया कि 18 वर्ष से कम उम्र में बालिका का विवाह तथा 21 वर्ष से कम उम्र में पुरूष का विवाह होने पर बाल विवाह माना जाता है। जिस पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 की धारा-9 एवं 10 के अन्तर्गत 1 लाख रुपये का जुर्माना अथवा 2 वर्ष तक की सजा हो सकती है। उन्होने बाल विवाह के कारण एवं उसके दुष्परिणामों के बारे में विस्तृत रूप से जानकरी भी दी और बताया कि समाज में बहुत से माता-पिता द्वारा



कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें

गरीबी के कारण, लड़कियों की शिक्षा का निचला स्तर, लड़कियों को कम महत्व दिया जाना एवं आर्थिक बोझ समझना आदि कुरीतियों के कारण बाल विवाह कर दिया जाता है। बाल विवाह के कई दुष्परिणाम बालिकाओं को भुगतने पड़ते हैं। जैसे-बालिकाओं को शक्ति, परिपक्वता न होने के कारण घरेलू हिंसा, सेक्स सम्बन्धी समस्याएं, शिक्षा से वंचित हो जाना, गम्भीर बीमारी से ग्रसित होना तथा मातृत्व सम्बन्धित एवं शिशु मृत्यु की दर भी बढ़ जाती हैं।

बाल संरक्षण अधिकारी ने कहा कि किसी को भी बाल विवाह की जानकारी होने पर चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर-1098, महिला हेल्पलाइन नम्बर-181, पर सूचित करने के साथ ही पास के पुलिस थाने में अथवा 112 इमरजेंसी नम्बर पर सूचना अवश्य दें। प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत ने बालिकाओं से कहा कि आप स्वयं भी कोई ऐसी परिस्थिति न उत्पन्न करें, जिससे कि आपके माता-पिता आपका विवाह जल्दी करने के लिये विवश हों। आप को भी स्वयं जागरूक होना है और अपने माता-पिता का ध्यान रखना है। सभी छात्राएं अपने आस-पास के लोगों को भी बाल विवाह के दुष्परिणामों के विषय में जानकारी देकर जागरूक करें और यदि कोई बाल विवाह होने की जानकारी प्राप्त हो, तो तत्काल हेल्पलाइन नम्बरों पर सूचना दें। उन्होने समस्त छात्राओं को बाल विवाह न होने देने की शपथ भी दिलायी। इस अवसर पर समस्त शिक्षिकाएं, परामर्शदाता प्रवीन गुप्ता, सामाजिक कार्यकत्री रूबी सिंह, चाइल्ड हेल्पलाइन से प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर रीना दुबे, काउंसलर ज्योति शर्मा, केस वर्कर मोनिका, हर्ष आदि उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### रंजीतपुर में भीषण आग से 15-20 एकड़ नरई जलकर राख, दमकल देरी से पहुंची



**उचौलिया-खीरी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रंजीतपुर में शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे अचानक खेतों में आग लग जाने से अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका, लेकिन कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। उस समय तेज धूप और हवा के चलते आग तेजी से फैलती चली गई और आसपास के कई खेत इसकी चपेट में आ गए। आग की लपटें और धुएं का गुबार दूर से ही दिखाई देने लगा, जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में गांव के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। किसानों ने अपने-अपने खेतों में लगे पंपिंग सेट चलाकर पानी डालना शुरू किया, वहीं कुछ लोग टहनियों और मिट्टी की मदद से आग पर काबू पाने में जुट गए। करीब एक से डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक करीब 15 से 20 एकड़ में फैली गेहूं की नरई पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। इस आगजनी में साइन सिंह की लगभग 5 एकड़ और भीम की करीब ढाई एकड़ नरई जल गई, जबकि अन्य कई किसानों को भी नुकसान उठाना पड़ा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद फायर ब्रिगेड की टीम काफी देर से मौके पर पहुंची, जिससे नुकसान और बढ़ गया। यदि दमकल समय से पहुंच जाती तो आग को जल्दी नियंत्रित किया जा सकता था। घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय लेखपाल विकास मिश्रा मौके पर पहुंचे और प्रभावित खेतों का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन किया। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में बड़े पैमाने पर फसल अवशेष के जलने की पुष्टि हुई है। विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी, ताकि प्रभावित किसानों को शासन स्तर से सहायता दिलाई जा सके।

### छत से गिरने से वृद्धा की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया कोल पहड़ी बस्ती में गुरुवार की रात्रि में छत से गिरने से 70 वर्षीय वृद्धा की मौत हो गई मौके पर पहुँचे वृद्धा के परिजनों द्वारा उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक द्वारा वृद्धा को मृत घोषित कर दिया वृद्धा के मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया है परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए अंतिम संस्कार कर दिया है । थाना क्षेत्र के हलिया कोल पहड़ी बस्ती निवासी 70 वर्षीय धनराजी अपने पक्के मकान के छत पर सो रही थी की देर रात्रि में अचानक छत से नीचे गिर गई जिससे वृद्धा के सिर में गंभीर चोट लगने से वृद्धा की मौत हो गई। मकान की तरफ गए वृद्धा के परिजनों द्वारा तत्काल वृद्धा को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक ने वृद्धा को मृत घोषित कर दिया मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया सूचना मिलने पर ग्राम प्रधान शिवबाबू सेठ ने वृद्धा के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया है। बीते दिनों वृद्धा महिला के मडहे में आग लगने से गृहस्थी व खाद्यान सामग्री जलकर राख हो गया था मृत वृद्धा को एक पुत्र है वृद्धा की मौत होने पर परिजनों में कोहराम मच गया है परिजनों द्वारा पुलिस को बिना सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

### अंबिका देवी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल की छात्रा शिल्पा सिंह ने हाई स्कूल में किया टाप



**हलिया (मिर्जापुर )।** हलिया क्षेत्र के पवारी कलां स्थित अंबिका देवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा शिल्पा सिंह ने वर्ष 2026 की हाईस्कूल (कक्षा 10) परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर टॉप किया है, और विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है।विद्यालय की बेदउर गांव निवासी किसान राजेंद्र कुमार व शिक्षामित्र गीता देवी की पुत्री शिल्पा सिंह ने हाई स्कूल की परीक्षा में 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। शिल्पा की प्रारम्भिक शिक्षा गांव के प्राथमिक विद्यालय बेदउर से कक्षा एक से तीन व कक्षा चार से हाई स्कूल तक अम्बिका देवी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल पंवारी कला में हुई है छात्रा के पिता गांव में साधरण किसान है जबकि माता गांव के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र के पद पर कार्यरत है अम्बिका देवी विद्यालय प्रबंधन ने छात्रा को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। विद्यालय के प्रबंधक ज्ञानेंद्र सिंह, सचिव अंजलि सिंह प्रधानाचार्य सुधाकर पांडेय ने छात्रा की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# युवक का सड़क किनारे संदिग्ध हालात में मिला शव

▸ सरसों पेराई करा के लौट रहा था युवक, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस जांच में जुटी

**मितौली-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक का शव सड़क किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और आनन-फानन में युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और तरह-तरह की चर्चाएं फैल गई।

मृतक की पहचान सीतापुर जिले के निमचेना गांव निवासी 40 वर्षीय गणेश त्रिपाठी के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक, गणेश गुरुवार शाम करीब चार बजे घर से बाइक लेकर सरसों पिराई कराने के लिए पास के गांव शहीदपुर गए थे। देर शाम तक घर न लौटने पर परिजन चिंतित हो उठे। इसी बीच राहगीरों से सड़क हादसे की सूचना मिली।

परिजन जब मौके पर पहुंचे तो हालात देखकर सन्न रह गए। सड़क किनारे गणेश का शव पड़ा था, जबकि उनकी बाइक कुछ दूरी पर खड़ी मिली और मोबाइल भी पास में गिरा हुआ था। मृतक के सिर में गंभीर चोट के निशान थे और काफी खून बहा हुआ था। इन परिस्थितियों ने हादसे की थ्योरी पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मृतक के भाई संजय त्रिपाठी ने आशंका जताई है कि यह साधारण दुर्घटना नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या है। उनका कहना है कि गणेश को गोली मारकर मौत के घाट उतारा गया है और बाद में घटना को हादसा दिखाने की कोशिश की गई है।

सूचना पर क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र सिंह और थाना प्रभारी महेश पाठक पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बारीकी से जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए आसपास के लोगों से पूछताछ की और साक्ष्य जुटाए।

#### दोनों एंगल पर जांच, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। फिलहाल हादसा और हत्या-दोनों पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

#### इलाके में तनाव, परिजनों में आक्रोश

घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। परिजन घटना को हत्या बताते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। गांव में देर रात तक लोगों की भीड़ लगी रही और पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

### कहानी सुनाओ प्रतियोगिता में नेहा को तीसरा राज्यस्तरीय पुरस्कार



**निघासन-खीरी।** निघासन बेसिक शिक्षा विभाग की पूर्व एआरपी (हिंदी) नेहा ने राज्यस्तरीय 'कहानी सुनाओ प्रतियोगिता' में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना तीसरा राज्यस्तरीय पुरस्कार हासिल कर जनपद का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से शिक्षा विभाग में खुशी की लहर है और इसे नारी शक्ति की बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। नेहा की निरंतर उपलब्धियों ने यह साबित किया है कि मेहनत, समर्पण और दृढ़ इच्छाशक्ति से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उनका यह प्रदर्शन शिक्षकों और विद्यार्थियों दोनों के लिए प्रेरणास्रोत बना है। विभागीय अधिकारियों और सहकर्मियों के अनुसार, उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य से समझौता नहीं किया और लगातार सफलता हासिल की। विशेष रूप से एक महिला के रूप में उनकी यह उपलब्धि समाज के लिए गर्व का विषय है। वर्तमान में चल रहे नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के बीच यह सफलता महिला सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आई है। निघासन बेसिक शिक्षा विभाग अब तक सात राज्यस्तरीय पुरस्कार हासिल कर जनपद लखीमपुर-खीरी में अग्रणी बन चुका है। अधिकारियों, सहकर्मियों व क्षेत्रीय लोगों ने नेहा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### गुलरिया चीनी मिल ने किसानों को भेजा 10.58 करोड़ का भुगतान

**बिजुआ खीरी।** बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड की गुलरिया इकाई द्वारा पेराई सत्र 2025-26 में किसानों को गन्ना मूल्य का भुगतान लगातार जारी है। मिल प्रशासन के अनुसार 5 अप्रैल से 9 अप्रैल 2026 तक खरीदे गए गन्ने का 10 करोड़ 58 लाख 44 हजार रुपये किसानों के बैंक खातों में भेजा जा रहा है। मिल के मुख्य महाप्रबंधक योगेश कुमार सिंह ने बताया कि चालू पेराई सत्र में अब तक किसानों को कुल 5 अरब 61 करोड़ 64 लाख 51 हजार रुपये का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि मिल क्षेत्र के किसानों को समय पर भुगतान करना प्राथमिकता में शामिल है, जिससे किसानों को आर्थिक राहत मिल सके। मिल प्रबंधन ने किसानों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक उन्नत गन्ना प्रजातियों की बुवाई करें, ताकि मिल की पेराई क्षमता के अनुरूप पर्याप्त गन्ना उपलब्ध हो सके।

# छोटी काशी में मेला चैती 2026 का समापन

▸ शब्बीर कुमार की सुरों भरी शाम ने बांधा समां, अनूप गुप्ता समेत जनप्रतिनिधियों ने किया समापन, कई प्रतिभाओं को गोला गौरव सम्मान

**गोला गोकर्णनाथ (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



छोटी काशी के ऐतिहासिक मेला चैती 2026 का 20वें दिन भव्य समापन हुआ। सांस्कृतिक मंच पर बॉलीवुड सिंगर शब्बीर कुमार एंड पार्टी की शानदार प्रस्तुति ने माहौल को संगीतमय बना दिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री भाजपा उत्तर प्रदेश एवं विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी आनंद त्रिवेदी ने की, जबकि विशिष्ट अतिथियों में अवनि पाण्डेय, सत्यप्रकाश अग्रवाल, आरती सिंह और नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद अतिथियों का पुष्पमालाओं व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि अनूप गुप्ता ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' ने पहली बार नगर पालिका में भाजपा का परचम लहराते हुए मेला चैती को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उन्होंने मेला को भव्य स्वरूप देने और राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों को आमंत्रित करने के लिए उनकी सराहना की। वहीं, विजय शुक्ला 'रिंकू' ने सभी अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 20 दिनों तक विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोगों की उपस्थिति से सांस्कृतिक मंच गौरवशाली बना और मेला की भव्यता में वृद्धि हुई।

**इन हस्तियों को मिला गोला गौरव सम्मान:** समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को गोला गौरव सम्मान से नवाजा गया। इसमें अवधेश श्रीवास्तव (दीपू लाला), डॉ. स्मिता तिवारी, बृजेश तिवारी, केशव अग्रवाल, पत्रकार विकास शुक्ला, डॉ. आकाश राजपूत और अनिल कुमार जलोटा समेत कई सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों को सम्मानित किया गया। साथ ही मेला के संयोजकों और सभासदों को भी स्मृति चिन्ह व उपहार देकर सम्मानित किया गया।

**शब्बीर कुमार के गीतों पर झूमे दर्शक:** बॉलीवुड सिंगर शब्बीर कुमार ने जब हम जवां होंगे से शुरुआत करते हुए एक के बाद एक कई हिट गीत प्रस्तुत किए। गोरी हैं कलाइयां, प्यार किया नहीं जाता, ओ मां शेरावालिए जैसे गीतों पर दर्शक देर रात तक झूमते रहे। सांस्कृतिक मंच पर डांसर सपना और मुस्कान ने अपने नृत्य से दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। गोला खेल महोत्सव 2025 की विजेता सृष्टि वर्मा को मुख्य अतिथि अनूप गुप्ता की उपस्थिति में डायट किट व खेल सामग्री प्रदान की गई। सृष्टि जिला व मंडल स्तर की दौड़ प्रतियोगिताओं में विजेता रह चुकी हैं। समापन के साथ ही मेला चैती 2026 ने गोला वासियों के दिलों में अपनी यादगार छाप छोड़ दी, जिसे लोग लंबे समय तक याद रखेंगे।

### मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अहुगी कला व अदवा कालोनी गांव में शुक्रवार को मिशन शक्ति टीम के प्रभारी एसआई रमाशंकर व कांस्टेबल राजेश कुमार मौर्य व महिला आरक्षी पूजा चौहान द्वारा चौपाल लगाकर मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिलाओ व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला शशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया । इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में प्रतिदिन दो स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओ व बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए शासन के द्वारा बनाये गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

### प्रभारी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने पशु आश्रय सुबाव कला व गौरवा का किया निरीक्षण

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।**



प्रभारी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर युद्धवीर ने शुक्रवार को पशु आश्रय स्थल सुबाव कला व गौरवॉ का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया है सबसे पहले पशु आश्रय स्थल सुबाव कला पर पहुँचकर पशु आश्रय स्थल का निरीक्षण किया पशु आश्रय स्थल पर कुल 341 निराश्रित पशु मौजूद है । प्रभारी चिकित्साधिकारी ने पशु आश्रय स्थल पर पशुओं के लिए हरे चारे के प्रबंध करने व पशुओ को लू से बचाव के लिए व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया है और पशु चिकित्सक को पशुओं के स्वास्थ्य का नियमित देखभाल करने का निर्देश दिया है। इसके बाद पशु आश्रय स्थल गौरवा पहुंचकर पशु आश्रय स्थल का निरीक्षण किया पशु आश्रय स्थल पर कुल, 371 पशु मौजूद है प्रभारी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने भूसा स्टॉक, पशुहार, नमक आदि स्टॉक का निरीक्षण किया पशु आश्रय स्थल पर पशुओं को लू से बचाव की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया है इस संबंध में पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर कमलेश कुमार ने बताया की प्रभारी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा पशु आश्रय स्थल सुबाव कला व गौरवा का निरीक्षण किया गया है पशु आश्रय स्थल पर हरे चारा का प्रबंधन व लू से बचाव की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया गया है इस दौरान पशु डॉक्टर कमलेश कुमार, प्रशांत दुबे, चंदन कोल, अनिल तिवारी आदि मौजूद रहे।

# राना पब्लिक स्कूलः 10वीं के छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम

**पुवायां।** राना पब्लिक स्कूल के कक्षा 10 के छात्रों ने इस वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। कक्षा 10 के छात्र नूरवेज खान ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। फैजुद्दीन, शुभ त्रिवेदी एवं अविका वर्मा ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान हासिल किया। 93 प्रतिशत अंकों के साथ अंश शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं केशव सिंह ने 91 प्रतिशत अंक अर्जित किए। सहजप्रीत कौर एवं आस्था मिश्रा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सराहनीय प्रदर्शन किया। विद्यालय के चेयरपर्सन जगतार सिंह राना ने कक्षा 10 के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि सफलता निरंतर प्रयास, अनुशासन और सकारात्मक दृष्टिकोण से ही प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखें और पूरी निष्ठा के साथ आगे बढ़ते रहें। चेयरपर्सन ने विद्यालय की शिक्षण प्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि राना पब्लिक स्कूल सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं नैतिक मूल्यों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। अंत में उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षकों एवं अभिभावकों के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। विद्यालय के डायरेक्टर अवतार सिंह राना ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी। विद्यालय के प्रबंधक प्रदीप पांडेय ने भी छात्रों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्येंद्र सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी जाहिर कीए वहीं उप प्रधानाचार्य रुद्रेंद्र पटेल ने भी सभी छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर शिक्षक राम प्रकाश तिवारी, सुनील दीक्षित, लखविंदर सिंह, मनप्रीत कौर एवं प्रियंका सहित अन्य उपस्थित रहे।



मेधावियों को सम्मानित करते डायरेक्टर अवतार सिंह राना



मेधावियों को सम्मानित करते प्रबंधक प्रदीप पांडेय, प्रधानाचार्य सत्येंद्र सिंह चौहान

राना पब्लिक स्कूल ने जो यह सफलता हासिल की है इसकी अहम कड़ी शिक्षकगण है। शिक्षकों के केवल पाठ्यक्रम पूरा नही कराया, बल्कि एक मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हुए कमजोर कड़ियों को मजबूती में बदला। उनकी दिन और रोतों की मेहनत और अतिरिक्त कक्षाओं का ही परिणाम है कि आज स्कूल के आंगन में सफलता की गूंज है। शिक्षक वह मोमवत्ती है जो खुद जलकर दूसरों की दुनिया में उजाला भर देते है।



डायरेक्टर- अवतार सिंह राना



प्रबंधक- प्रदीप पांडेय



प्रधानाचार्य- सत्येंद्र सिंह चौहान



प्रधानाचार्य- दानिश खां



उप प्रधानाचार्य- रुद्रेंद्र पटेल



"राना पब्लिक स्कूल परिवार के लिए यह अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है कि हमारे विद्यार्थियों ने कक्षा 10वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। मैं सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों तथा समर्पित शिक्षकों को हृदय से बधाई देता हूँ। यह सफलता केवल अंकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन, निरंतर प्रयास और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। हमारा उद्देश्य केवल अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को एक जिम्मेदार, संस्कारी और आत्मनिर्भर नागरिक बनाना है। मैं विशेष रूप से उन विद्यार्थियों से कहना चाहता हूँ जो अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं कर सकेकृयह अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है। जीवन में असफलताएँ हमें सीखने और आगे बढ़ने का अवसर देती हैं। विद्यालय का लक्ष्य सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना रहा है। हम भविष्य में भी नई ऊँचाइयों को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एक बार पुनः सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं।"

-जगतार सिंह राना
चेयरपर्सन

